रांची, रविवार
6:08:2023

देश/विदेश 11 करीबी पूंजीपति के लिए प्रतिद्वंदी पर छापे .. .. ..
झारखंड 9 भूमि अधिग्रहण के लिए लगाएं .. .. ..
अभिव्यक्ति 6 हम प्रेमी प्रेम करना जानें .. ..
चंद्रमुखी 2 से कंगना.... 10



# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 214
epaper.rashtriyakhabar.com
श्रावण (अधिक), कृष्णपक्ष पंचमी\षष्ठी, विक्रम संवत 2080

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड
आदिवासी
महोत्सव
2023

- आदिवासी इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां
- पैनल चर्चा
- परिधान फैशन शो
- आदिवासी व्यंजन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- कला, शिल्प एवं प्रदर्शनी
- राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर
- आदिवासी फिल्म महोत्सव
- ड्रोन तथा लेजर शो का भव्य आयोजन

समृद्ध
आदिवासी
जीवन दर्शन
की झलकियां

9 एवं 10 अगस्त 2023

बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR 304129 IPRD 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## शहर >> अपडेट

### इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम का हुआ उद्घाटन

रांची: देश के प्रसिद्ध हॉस्पिटल चेन्नई महिपाल के हृदय रोग, हड्डी और अन्य रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवा झारखंड वासियों को 1 सितंबर से रांची में ही उपलब्ध हो जाएगी। यह सुविधा राजधानी के लालपुर स्थित कमल फार्मा में मिलेगी, जहां आज इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ ने आज इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम के कार्यालय का उद्घाटन कमल फार्मा लालपुर चौक में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रांची में चिकित्सा सहायता केंद्र का खुलना एक बहुत बड़ी सेवा है। इससे मरीजों की समस्याओं का समाधान तो तुरंत हो जाएगा।

**आयोजन**

पलाश ब्रांड के उत्पाद का भी लगेगा स्टॉल

# झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 में पारंपरिक आदिवासी आभूषणों की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

- मण्डल की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के भी स्टॉल लगेगें
- आदिवा ब्रांड के तहत पारंपरिक आभूषणों की भी प्रदर्शनी
- 30 से ज्यादा उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री

**राष्ट्रीय खबर**




रांची: झारखण्ड आदिवासी महोत्सव-2023 में पारंपरिक आदिवासी आभूषणों और पलाश ब्रांड के उत्पादों के भी स्टॉल लगाए जाएंगे। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सखी मण्डल की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों (पलाश ब्रांड एवं आदिवा ब्रांड) की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। पलाश ब्रांड के तहत राज्य भर की ग्रामीण महिलाएं खाद्य और गैर-खाद्य उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से अपनी आजीविका सुनिश्चित करती हैं.आदिवा ब्रांड के तहत पारंपरिक आभूषणों का मूल्यवर्धन कर बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि आदिवासी पारंपरिक कला एवं संस्कृति लोगों तक पहुंच सके। आदिवासी महोत्सव में लोक पारंपरिक आदिवासी आभूषणों को देख और खरीद पाएंगे. पलाश के स्टॉल में 30 से ज्यादा उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। जैसे-शुद्ध शहद, कोल्ड-प्रेस्ड सरसों का तेल, काला गेहूं का आटा, हल्दी, मिर्च पाउडर, रागी का आटा, रसायन-मुक्त साबुन, कुकीज, आदि। महोत्सव में आजीविका दीदी कैफे का भी स्टॉल लगया जाएगा। जिसमें लोग झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों जैसे राइस डंबु, मडुवा डंबू, धुस्का घुघनी, मडुआ पकौड़ा, माढ़ जोर, दाल पीठा आदि का लुत्फ उठा सकेंगे।

## भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए राज्य के पंचायत प्रतिनिधि

**राष्ट्रीय खबर**



रांची: तपोभूमि गिरिडीह के सम्मेद शिखर मधुबन के सिद्धांयतन भवन में प्रदेश भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूवात शनिवार को प्रदेश पदाधिकारियों और सांसद विधायकों के बैठक के साथ हुआ।

पहले सत्र में जहा सांसद और विधायक के साथ प्रदेश पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। लगभग तीन घंटे तक चले पहले सत्र की बैठक के बाद राज्य के लगभग दो सौ से अधिक जिला परिषद सदस्य बैठक में शामिल हुए। इसमें गिरिडीह के जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष समेत कई अन्य जिलों के भी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष शामिल हुए।इससे पहले दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी शामिल हुए। चुनाव को देखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से मीडिया को भी दूर ही रखा गया था लिहाजा, औपचारिक शुरूआत के बाद मधुबन के सिद्धांयतन भवन के प्रशिक्षण भवन के हर दरवाजे को बंद कर दिया गया। वैसे पंचायत प्रतिनिधियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को लेकर खास यह भी रहा की राज्य के कई आदिवासी और मुस्लिम पंचायत प्रतिनिधि भी इसमें शामिल हो रहे हैं।

प्रतियोगी परीक्षा विधेयक पास होने पर बीजेपी के विरोध को लेकर जेएमएम ने कड़ी आपत्ति की है

# बाबूलाल मरांडी का मुख्य पेशा पेपर लीक कराना : सुप्रियो भट्टाचार्य

**राष्ट्रीय खबर**




रांची: झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक पास होने पर बीजेपी के विरोध को लेकर जेएमएम ने कड़ी आपत्ति की है। जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को कहा कि बीजेपी को इसका विरोध करने का कोई हक नहीं है। बीजेपी बताए कि क्या वह भाजपा शासित गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का विरोध करेगी, जहां यही कानून लागू है। सुप्रियो ने कहा कि बीजेपी और बाबूलाल मरांडी का मुख्य पेशा पेपर लीक करना है और वो नहीं चाहते कि झारखंड में कदाचार मुक्त परीक्षा हो। उन्होंने बाबूलाल मरांडी से सवाल किया कि क्या पेपर लीक करने वाले आपके रिश्तेदार हैं? पहले और दूसरे जेपीएससी घोटाले में सीबीआई जांच हुई और अध्यक्ष समेत कई लोग जेल गए। पैसे लेकर अपने लोगों को नियुक्त करना, इनके लिए आम बात है।सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चार अगस्त को सुबह- सुबह राज्यपाल से मिलकर इसका विरोध किया गया। यानी कदाचार, भ्रष्टाचार और बच्चों का भविष्य भांड़ में जाए, लेकिन इनकी काली कमाई जारी रहे। बस ये यही चाहते हैं और बार-बार राजभवन का इस्तेमाल कर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि अभी नौकरियों की लंबी फेहरिस्त आने वाली है और इसमें किसी किस्म का आरोप ना हो। वह पारदर्शी हों, इसलिए इस विधेयक पर अपनी सहमति प्रदान करें।उन्होंने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से भी सवाल किया है कि उत्तराखंड और गुजरात सरकार ने गलत काम किया है। अगर उनमें नैतिकता और साहस है, तो इसका जवाब देना चाहिए। सुप्रियो ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी अपना विपक्ष का नेता नहीं चुन पायी, जबकि इसके लिए दो पंडित भी आए थे। लेकिन वह भी इनकी कुंडली नहीं मिला पाए।

अशोक चौधरी ने विपक्षी एकता को लेकर हेमंत सोरेन की सहभागिता की तारीफ की

# झारखंड-बिहार के 54 सीटों पर होगी इंडिया की जीत

**राष्ट्रीय खबर**



रांची: बिहार सरकार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी ने राजकीय अतिथिशाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने राज्यभर का दौरा किया। इस दौरे के क्रम में जिलाध्यक्ष और प्रवक्ता का नाम तय किया गया। जिसकी घोषणा 6 अगस्त रविवार को होगी। वहीं दुर्गा पूजा के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन झारखंड के पांचों प्रमंडल का दौरा करेंगे। बताया कि नवंबर माह में बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के नेता नीतीश कुमार का रांची में कार्यक्रम रखा जायेगा 1932 आधारित स्थानीय नीति-नियोजन नीति पर अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी बातों को रखेगा। चुनाव के समय स्थानीय नीति को लेकर संगठन की जो राय बनेगी, उसको चुनावी घोषणा पत्र में रखा जायेगा। अशोक चौधरी ने कहा कि विपक्षी एकता को लेकर हेमंत सोरेन की सहभागिता की तारीफ करते हैं। बिहार के 40 और झारखंड के 14 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी। इंडिया की दावेदारी 54 सीटों पर जीत की है। वहीं राहुल गांधी को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाये जाने के सवाल पर अशोक ने कहा कि यह गठबंधन तय करेगी कि कौन पीएम का उम्मीदवार होगा। बीते 2 महीने से मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर अशोक चौधरी ने कहा कि जब तक राज्य सरकार की इच्छाशक्ति मजबूत नहीं होगी तब तक ऐसी घटनाएं होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मणिपुर की घटना में हस्तक्षेप करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाकर हिंसा को रोकना चाहिए। नूंह की घटना पर कहा कि धर्म के नाम पर देश को विभाजित कर हिंसा किया जा रहा है। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने और सुप्रीम कोर्ट से सजा पर रोक लगाने पर अशोक ने कहा कि भाजपा के लोग लोकतंत्र को अपने हिसाब से तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। अपने हित को साधने के लिए 48 घंटे में बीजेपी के लोगों ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवायी थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधान पार्षद और झारखंड जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह, बेलहर विधायक मनोज यादव, पार्टी के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, प्रवक्ता सागर कुमार, डॉ विनय भरत समेत अन्य नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया

**राष्ट्रीय खबर**

पेटरवार: राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने शनिवार को रांची से गिरिडीह जिला के मधुबन जाने के क्रम में पेटरवार तेनुचोक स्थित समाधान कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। श्री दास ने पत्रकारों से बातचीत में कही की यह सरकार चुनाव में जनता को गुमराह व लोक लुभावन वादा किये की हमारी सरकार बनाइये हम खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करेंगे। काठ की हांडी बार-बार नही चढ़ती है।श्री दास ने कहा कि हमारी सरकार ने स्थानीय नीति को प्राथमिकता देते हुए तृतीय व चतुर्थ वर्ग के नोकरियों में विभिन्न पदों पर बहाली किया। वर्तमान सरकार ने जो नीति बनाई उससे यहां के युवक-युवतियों के हक मारने का काम कर रही है। स्वागत करनेवालों में भाजपा नेता लक्ष्मण कमार नायक, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रविशंकर जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, शांतिलाल जैन, सुधीर कुमार सिन्हा, संजय सिन्हा, राजेश कुमाार पांडे प्रदीप नायक, नागेश्वर सिंह, राजेश प्रसाद, धीरज साहू, संतोष साहू, शंकर सोनी, महेंद्र सिंह, रमेश मल्होत्रा, अमित महतो ,सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

**बैठक** मधुबन में पार्टी के प्रशिक्षण शिविर से पहले भाजपा विधायकों और पदाधिकारियों की बैठक

# सिदो-कान्हू की जन्मस्थली से निकलेगी मरांडी की संकल्प यात्रा

- 81 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा
- हर दिन दो विधानसभा क्षेत्र में मरांडी करेंगे जनसभा

**राष्ट्रीय खबर**




रांची: भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से 49 दिन की संकल्प यात्रा पर निकलेंगे। 17 अगस्त से 4 अक्टूबर तक संकल्प यात्रा के तहत बाबूलाल झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों में में पहुंचेंगे। वे हर दिन दो विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। संकल्प यात्रा की शुरूआत सिदो-कान्हू की जन्मभूमि भोगनाडीह से करेंगे। गिरिडीह के मधुबन में भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के दौरान हुए भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में उन्होंने इस यात्रा को लेकर पदाधिकारियों और विधायकों को निर्देश दिया।बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बाबूलाल ने कहा कि बूथ ही हमारी गतिविधियों का सक्रिय केंद्र बने। कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बूथ से जीवंत संबंध स्थापित करें। कहा कि हम अपने व्यवहार और परिश्रम से जनता का दिल जीतेंगे तो जनता पार्टी को जीत दिलायेगी। बाबूलाल ने कहा कि सरकार जनता को समाधान नहीं दे रही, बल्कि जनता को परेशान करने वाले विधेयक ला रही है। इस भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हमें जनता को जगाना होगा।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बीते दिनों संपन्न हुए पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान, बूथ सशक्तिकरण अभियान, आजीवन सहयोग निधि की समीक्षा की और जिलाध्यक्षों ले जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा, मेरी माटी मेरा देश, विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस जैसे कार्यक्रमों को जन भागीदारी के साथ मनाएं। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और सांसद सुनील सिंह, आदित्य साहू के अलावा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, नवीन जायसवाल, आलोक चौरसिया, किशुन दास, समरी लाल, अमर बाउरी, बिरंची नारायण समेत अन्य विधायक और प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### अब ओम बिड़ला पर.. .. ..

मुझसे इसे अध्यक्ष को देने के लिए कहा जो अध्यक्ष के कार्यालय के माध्यम से उन तक पहुंच जाएगा। मैंने सेक्रेटरी जनरल से कहा कि कम से कम पत्र तो रिसीव करा दीजिये। उन्होंने कहा कि आज छुट्टी हैष छुट्टी का दिन है तो क्या हुआ, आपातकालीन स्थिति में पत्र प्राप्त करने की कोई व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सिस्टम है। उन्होंने कहा कि एक डाक (डाक) प्रणाली है और मुझसे पत्र और आदेश के साथ किसी को भेजने के लिए कहा। मैंने पत्र भेजा और एक अवर सचिव ने इसे प्राप्त किया। हालाँकि उन्होंने हस्ताक्षर किए, लेकिन मुहर नहीं लगाई। अब मेरा अध्यक्ष और उनके कार्यालय से अनुरोध है कि सदन में उनकी वापसी में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। चौधरी ने कहा, उन्होंने तीन दस्तावेज जमा किये हैं। लोकसभा द्वारा जारी अधिसूचना सचिवालय ने मार्च में राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया, सुप्रीम कोर्ट का आदेश और वह पत्र जो उन्होंने स्पीकर को लिखकर राहुल गांधी को बहाल करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, मैंने अपनी पार्टी की ओर से...नियमों के मुताबिक जो भी जरूरी है वो सब किया है। उन्होंने आगे कहा, जिस तेजी से राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया गया उनकी बहाली भी उसी तेजी से होनी चाहिए।

### अपने हाथ से बना खाना .. .. ..

जाता है। बिहार का चंपारण मटन अपनी अनूठी खाना पकाने की शैली और स्वाद के लिए जाना जाता है। सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत मिलने से उनके संसद में दोबारा प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है। अब बड़ा सवाल यह है कि लोकसभा सचिवालय उनकी सदस्यता बहाल करने में कितना समय लेगा और क्या वह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में भाग ले पाएंगे, जो मंगलवार से शुरू होने वाली है। कानूनी मोर्चे पर, कांग्रेस नेता ने 2019 आपराधिक मानहानि मामले में सूरत ट्रायल कोर्ट के मार्च के आदेश को चुनौती दी है, जिसके कारण उन्हें अयोग्य ठहराया गया था। सूरत की सत्र अदालत उस फैसले के खिलाफ उनकी अपील पर सुनवाई करेगी - जिसने उन्हें दोषी ठहराया था और दो साल जेल की सजा सुनाई थी - 21 अगस्त को।

### कुकी उग्रवादियों ने .. ..

हुई झड़पों में 25 लोगों के घायल होने के बाद हिंसा का ताजा मामला सामने आया है। इस घटना के बाद इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम में अधिकारियों ने इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्व में घोषित कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली। एहतियात के तौर पर दिन का कर्फ्यू भी फिर से लगा दिया गया है। सशस्त्र बलों और मणिपुर पुलिस ने जिले के कांगवई और फौगाकचाओ इलाकों में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे। जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब मैतेई महिलाएं जिले में एक बैरिकेड क्षेत्र को पार करने का प्रयास कर रही थीं। उन्हें असम राइफल्स और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने रोक दिया, जिससे समुदाय और सशस्त्र बलों के बीच पथराव और झड़पें हुईं।

पिछले तीन महीने से मणिपुर में जातीय संघर्ष और हिंसा के कारण राष्ट्रपति शासन लगाने की विपक्ष की मांग के बीच राज्य मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को सिफारिश की कि राज्यपाल अनुसुइया उइके 21 अगस्त को विधानसभा का सत्र बुलाएं। गौरतलब है कि पूर्वोत्तर राज्य हिंसा की चपेट में है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया, राज्य कैबिनेट ने 21 अगस्त 2023 को 12वीं मणिपुर विधानसभा का चौथा सत्र बुलाने के लिए राज्यपाल को सिफारिश की है। मणिपुर में मौजूदा स्थिति के कारण मौजूदा मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों में हंगामे की स्थिति बनी हुई है। विपक्षी सदस्यों ने वायरल वीडियो पर चर्चा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग करते हुए कार्यवाही बाधित कर रखा है। मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए दोनों सदनों में सभी सूचीबद्ध कार्यों को निलंबित करने की अपनी मांग पर अड़े विपक्षी सदस्यों ने नारे लगाए और कार्यवाही बाधित की, जिसके परिणामस्वरूप बार-बार स्थगन हुआ।विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में दो दिनों के लिए मणिपुर का दौरा किया, जिसके दौरान उन्होंने राहत शिविरों में विस्थापित स्थानीय लोगों और राज्यपाल उइके से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को दो दिवसीय यात्रा के अपने अनुभवों से अवगत कराया था और मणिपुर की स्थिति पर एक ज्ञापन भी सौंपा था।

बाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्ष के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति मुर्मू से मणिपुर में शांति बहाल करने के हित में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।एक अन्य प्रदर्शनकारी ने निर्दोष मेइतेई नागरिकों की हत्या के जवाब में भारत सरकार की कार्रवाई की कथित कमी के खिलाफ निराशा व्यक्त करते हुए अपनी शिकायतें साझा कीं। महिला प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार से संसद सत्र के समापन से पहले मणिपुर विधानसभा का आपातकालीन सत्र बुलाने का भी आग्रह किया। उन्होंने संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता पर जोर दिया और पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए न्याय की मांग की।मेघालय से एनपीपी सांसदों और मणिपुर के एनपीपी विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। एनपीपी प्रतिनिधिमंडल ने शांति बहाली के लिए प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की।

### खुशबू से वयस्कों की .. ..

इरविन न्यूरोसाइंटिस्ट्स के इस अध्ययन में प्रतिभागियों ने नियंत्रण समूह की तुलना में संज्ञानात्मक क्षमता में 226 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की। शोधकताओं का कहना है कि यह खोज गंध और स्मृति के बीच लंबे समय से ज्ञात संबंध को स्मृति को मजबूत करने और संभावित रूप से मनोभ्रंश को रोकने के लिए एक आसान, गैर-आक्रामक तकनीक में बदल देती है। टीम का अध्ययन फ्रंटियर्स इन न्यूरोसाइंस में प्रकाशित हुआ है। यह परियोजना यूसीआई सेंटर फॉर द न्यूरोबायोलॉजी ऑफ लर्निंग एंड मेमोरी के माध्यम से संचालित की गई थी। इसमें 60 से 85 वर्ष की आयु के बिना स्मृति हानि वाले पुरुष और महिलाएं शामिल थीं। सभी को एक डिफ्यूजर और सात कारतूस दिए गए, जिनमें से प्रत्येक में एक और अलग-अलग प्राकृतिक तेल था। प्रतिभागियों ने हर शाम बिस्तर पर जाने से पहले अपने डिफ्यूजर में एक अलग कारतूस डाला, और यह उनके सोते ही दो घंटे के लिए सक्रिय हो गया। समृद्ध समूह के लोगों ने नियंत्रण समूह की तुलना में संज्ञानात्मक प्रदर्शन में 226 प्रतिशत की वृद्धि देखी, जैसा कि आमतौर पर स्मृति का मूल्यांकन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले शब्द सूची परीक्षण द्वारा मापा जाता है। इमेजिंग से मस्तिष्क मार्ग में बेहतर अखंडता का पता चला जिसे लेफ्ट अनसिनेट फासीकुलस कहा जाता है। यह मार्ग, जो मीडियल टेम्पोरल लोब को निर्णय लेने वाले प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स से जोड़ता है, उम्र के साथ कम मजबूत होता जाता है। प्रतिभागियों ने अधिक गहरी नींद सोने की भी सूचना दी।

न्यूरोबायोलॉजी और व्यवहार के प्रोफेसर और सीएनएलएम फेलो माइकल लियोन ने कहा, वास्तविकता यह है कि 60 वर्ष से अधिक उम्र में, घ्राण इंद्रिय और अनुभूति में गिरावट आने लगती है लेकिन यह सोचना यथार्थवादी नहीं है कि संज्ञानात्मक हानि वाले लोग प्रतिदिन 80 गंधयुक्त बोतलें खोल सकते हैं, सूँघ सकते हैं और बंद कर सकते हैं। यह उन

### कैलिफोर्निया की दुकान .. ..

दो। ऐसा कुछ भी नहीं है जो आप कर सकें। वे कुछ नहीं करने जा रहे हैं, वह स्टोर के कर्मचारियों से कहता है। स्टोर के कर्मचारी लुटेरे से रुकने की गुहार लगाते सुनाई दे रहे हैं। जैसे ही वह लूटा हुआ सामान लेकर भाग जाता है, स्टोर का एक कर्मचारी त्वरित कार्रवाई करता है और उसे जमीन पर गिरा देता है। तभी सिख व्यक्ति उस पर लाठी जैसी दिखने वाली चीज से वार करता है। लगातार बीस से अधिक बार पिटने के बाद वह लुटेरा चिल्लाने लगता है कि मुझे छोड़ दो, मैं जा रहा हूं। हालाँकि, कर्मचारियों ने पुलिस को नहीं बुलाया और उसे जाने दिया।



web: www.rashtriyakhabar.com

# राष्ट्रीय खबर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 214 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण (अधिक), कृष्णपक्ष पंचमी/षष्ठी, विक्रम संवत

## विदुर नीति

अशिष्यं शास्ति यो राजन्यश्च शन्यमुपासते।
कदर्यं भजते यश्च तमाहुर्मूढचेतसम॥

भावार्थ : जो व्यक्ति अनधिकारी को शिक्षा देता है और शुभ परिणामों से हीन कार्यों को करता है, अथवा जो कंजूस व्यक्ति से आश्रय चाहता है उसे हे राजन्! मूर्ख कहा जाता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .28 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .20 बजे

## चीन में बाढ़ से 22 से अधिक की मौत

**बीजिंग:** शुक्रवार को चीन के उत्तर-पूर्व में तूफान से उफनती नदियों से खतरे में पड़े हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, जबकि बीजिंग के बाहरी इलाके में बाढ़ से मलबा साफ किया गया, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, बिजली गुल हो गई और आसपास के इलाके अस्त-व्यस्त हो गए। चीन कुछ क्षेत्रों में रिकॉर्ड तोड़ बारिश से जूझ रहा है जबकि अन्य क्षेत्रों में चिलचिलाती गर्मी और सूखे की मार पड़ रही है जिससे फसलों को खतरा है। इस सप्ताह बीजिंग के पास और पड़ोसी हेबेई प्रांत में बाढ़ से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। बीजिंग के पश्चिमी बाहरी इलाके के निवासी झी शिन ने कहा कि बाढ़ का पानी इतनी तेजी से बढ़ा कि उनका परिवार का घर 10 मिनट से भी कम समय में डूब गया। चीन में हाल ही में भीषण गर्मी का प्रकोप था।

## भाजपा के राज्य महासचिव ने पार्टी छोड़ी

**अहमदाबाद:** भाजपा के प्रदीप सिंह वाघेला ने आज गुजरात महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया, पार्टी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पद छोड़ते समय वाघेला ने लोगों से कहा था कि कुछ दिनों में सब ठीक हो जाएगा। श्री वाघेला को 10 अगस्त 2016 को राज्य भाजपा के महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब दक्षिण गुजरात में गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल के खिलाफ कथित विद्रोह हो रहा है। श्री वाघेला ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि उन्होंने अपने इस कदम के पीछे कोई कारण नहीं बताया। प्रदीपसिंह वाघेला भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। श्री वाघेला का इस्तीफा भी लोकसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले आया है।

## त्रिपुरा में अब हिजाब का विवाद खड़ा किया

**अगरतला:** त्रिपुरा में एक दक्षिणपंथी समूह के लोगों ने शुक्रवार को मुस्लिम लड़कियों को हिजाब पहनकर स्कूल में प्रवेश करने से रोकने पर आपत्ति जताने पर एक मुस्लिम लड़के की पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने कहा कि पीड़ित, 10वीं कक्षा का छात्र, को स्कूल के सामने खींचकर पीटा गया, जबकि प्रधानाध्यापक सहित कोई भी शिक्षक उसके बचाव में नहीं आया। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विरोध में सड़कें जाम कर दीं। हमलावर बाहरी लोग थे, कथित तौर पर उनका स्कूल से किसी भी तरह से कोई लेना-देना नहीं था। पुलिस ने कहा है कि स्थिति अब नियंत्रण में है. घटना के बाद सिपाहीजला जिले के बिशालगढ़ उपखंड क्षेत्र में तनाव है। स्कूल अधिकारियों के अनुसार, एक सप्ताह पहले, पूर्व छात्रों का एक समूह, जो एक दक्षिणपंथी संगठन से संबद्ध होने का दावा करता था, स्कूल आया और स्कूल परिसर में मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने की अनुमति देने पर चिंता जताई और प्रधानाध्यापक से अनुरोध किया।

## श्रीरंगम मंदिर के पूर्वी प्रवेश द्वार की टावर की दीवार गिरी

**चेन्नई:** तमिलनाडु के विश्व प्रसिद्ध श्रीरंगम श्री रंगनाथस्वामी मंदिर के पूर्वी प्रवेश स्तम्भ की दीवार का एक हिस्सा शनिवार सुबह ढह गया। यहां प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि सुबह करीब दो बजे हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पूर्वी तरफ के प्रवेश द्वार की पहले और दूसरे स्तर की परिसर की दीवारों में दरारें आने के बाद मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान पहले स्तर की दीवार का एक हिस्सा ढह गया। इस घटना से आज सुबह मंदिर में जमा हुये भक्तों में हड़कंप मच गया। शनिवार का दिन वैष्णव देवताओं के लिए शुभ माना जाता है। मौके से कंक्रीट का मलबा हटाने की कोशिशें जारी हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**दलील** › सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति सौंपने लोकसभा पहुंचे अधीर रंजन

# अब ओम बिड़ला पर दबाव बढ़ा रही कांग्रेस

- फोन पर भी अध्यक्ष से बात की थी उन्होंने
- महासचिव ने अवकाश होने का बहाना बनाया
- जिस तेजी से सदस्यता खारिज हुई, वह अब दिखे

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने के एक दिन बाद, जिससे उनकी लोकसभा सदस्यता की बहाली का मार्ग प्रशस्त हो गया, लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को अदालत का आदेश और एक पत्र सौंपकर वरिष्ठ से मांग की। दरअसल कांग्रेस की तरफ से यही दलील दी जा रही है कि जिस तेजी से सदस्यता को रद्द किया गया था, अब सदस्यता बहाली में भी लोकसभा अध्यक्ष वही तेजी दिखाएं। यह स्पष्ट है कि अकेले ओम बिड़ला इस मुद्दे पर फिलहाल त्वरित फैसला लेने की स्थिति में नहीं हैं क्योंकि राहुल गांधी के दोबारा लोकसभा के अंदर पहुंचने पर क्या होगा, इसका अंदाजा सभी को है।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि लोकसभा सचिवालय राहुल गांधी को उसी गति और तत्परता से बहाल नहीं कर रहा है, जिस गति से उसने मार्च में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें सदन से अयोग्य घोषित कर दिया था। कांग्रेस चाहती है कि राहुल गांधी जल्द ही सदन में लौटें और अविश्वास प्रस्ताव में हिस्सा लें, जिस पर मंगलवार को चर्चा होगी। शुक्रवार को शीर्ष अदालत का आदेश आने के तुरंत बाद, चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनसे राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने का आग्रह किया। स्पीकर ने चौधरी से कहा था कि उनके कार्यालय को सुप्रीम कोर्ट से आदेश मिलने के बाद वह फैसला करेंगे। श्री चौधरी ने लोकसभा सचिवालय में अदालत की प्रति सौंपने के बाद कहा, अदालत का आदेश मिलने के बाद मैंने शुक्रवार रात स्पीकर को फोन किया। मैंने उनसे कहा कि मैं राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने वाला सुप्रीम कोर्ट का आदेश सौंपना चाहता हूं और अपना पत्र भी सौंपना चाहता हूं। मैंने उनसे मिलने का समय मांगा. उन्होंने मुझसे कहा कि वह शनिवार को मुझसे मिलेंगे। मैंने उसे शनिवार की सुबह फोन किया। मैंने उससे बात की थी। उन्होंने मुझे लोकसभा महासचिव से संपर्क करने और दस्तावेज उनके कार्यालय को सौंपने की सलाह दी। मैंने महासचिव को फोन किया। महासचिव ने कहा कि आज छुट्टी होने के कारण उनका कार्यालय बंद है. मैंने पूछा कि फिर पत्र किसे दूं? उन्होंने

›› पेज 2 भी देखें



**स्पीकर को कटघरे में खड़ा करने का मेरा कोई इरादा नहीं :अधीर**

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें जानबूझकर देरी का संदेह है, उन्होंने कहा, स्पीकर को कटघरे में खड़ा करने का मेरा कोई इरादा नहीं है। अध्यक्ष के प्रति मेरे मन में सर्वोच्च सम्मान है। मैं सिर्फ अपना अधिकार मांग रहा हूं, मैं अलग से कोई सुविधा नहीं मांग रहा हूं। अब निर्णय अध्यक्ष और महासचिव पर निर्भर है। यदि वे सलाह लेना चाहते हैं... किसी से परामर्श लें लेकिन सोमवार से पहले गांधी को बहाल करें जब सप्ताहांत के अवकाश के बाद सदन की बैठक होगी।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राहुल अचानक दिल्ली में लालू प्रसाद यादव से मिलने पहुंचे

## अपने हाथ से बना खाना राहुल को खिलाया लालू प्रसाद ने



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राहुल गांधी अचानक दिल्ली में राजद नेता लालू प्रसाद यादव से मिलने पहुंचे। इस मुलाकात में क्या बात-चीत हुई, इस बारे में किसी ने कुछ नहीं कहा। इस बीच सिर्फ यह जानकारी मिली कि राहुल के आने पर लालू प्रसाद ने उन्हें अपने हाथ से बनाया हुआ मटन खिलाया। मोदी पदवी मानहानि मामले में श्री गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के कुछ घंटों बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद प्रमुख लालू यादव ने रात्रिभोज पर मुलाकात की, जिससे एक सांसद के रूप में उनकी संसद में वापसी का रास्ता साफ हो गया है। एक बहुत ही सार्वजनिक फोटो सत्र के बाद, जहां राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख को श्री गांधी को पेस्टल फूलों का गुलदस्ता देते देखा गया। राजद सांसद मीसा भारती के दिल्ली आवास पर बैठक, जहां बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे, महत्वपूर्ण है क्योंकि नवगठित विपक्षी गुट इंडिया की इस महीने के अंत में मुंबई में बैठक होने वाली है। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि हालांकि राहुल गांधी और लालू यादव ने काफी राजनीति पर चर्चा की, लेकिन दोनों ने छोटी-मोटी बातचीत और अपने भोजन का आनंद लेने में काफी समय बिताया। सूत्रों ने बताया कि लालू यादव ने इस अवसर के लिए बिहार से देसी मटन और मसाले मंगवाने की व्यवस्था की और कांग्रेस नेता को दिखाया कि बिहार की विशेष शैली में मटन कैसे पकाया

›› पेज 2 भी देखें

मैतेई उग्रवादियों ने तीस से अधिक घरों को जलाया

## कुकी उग्रवादियों ने पांच मैतेई की हत्या की

- मैतेई समुदाय के प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में 25 घायल
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का पुतला फूंका गया
- सरकार ने इंफाल के दो जिलों में फिर से कर्फ्यू के आदेश जारी

भूपेन गोस्वामी



**गुवाहाटी :** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में जातीय संघर्ष के बीच हिंसा थमती नजर नहीं आ रही है। शुक्रवार देर रात बिष्णुपुर जिले में हिंसा की ताजा घटनाओं में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने कम से कम पांच मेइतेई नागरिकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों के अनुसार, मृतक कथित तौर पर क्वाक्ता क्षेत्र के मैतेई समुदाय के थे। हत्याओं के अलावा, इन घटनाओं में मेइतेई आतंकवादियों ने कुकी समुदाय के 30 से ज्यादा कुकी घर जला दिए गए हैं।

बिष्णुपुर जिले के अंतर्गत पांच अगस्त को क्वाक्ता लामखाई में तीन मेइतेई नागरिकों की नृशंस हत्या की मणिपुर में महिलाओं में कड़ी निंदा और व्यापक आक्रोश है। विरोध प्रदर्शन में, महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जैसे केंद्रीय नेताओं के पुतले फूंके। गुस्साए प्रदर्शनकारी विभिन्न स्थानों पर एकत्र हुए और केंद्रीय बलों की आवाजाही को अवरुद्ध कर दिया और उन पर अविश्वास जताया। सड़कों पर मणिपुर की अखंडता के संरक्षण की मांग करने वाले नारे गूंज रहे थे, जिसमें मणिपुर जिंदाबाद, मणिपुर अखंडता बचाओ और असम राइफल्स वापस जाओ जैसे नारे लिखे हुए थे।

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार सुबह पांच बजे सशस्त्र बलों और मैतेई समुदाय के प्रदर्शनकारियों के बीच

›› पेज 2 भी देखें


## स्वीडेन की बख्तरबंद गाड़ी छोड़कर भागे यूक्रेन के सैनिक



**मॉस्को:** रूस के खिलाफ चल रहे जवाबी हमले में हताहत यूक्रेन ने लुहान्स्क में क्रेमिन्ना के पास रूसी रॉकेट हमले में अपना पहला उन्नत स्वीडिश इन्फैंट्री फाइटिंग व्हीकल खो दिया। रूस ने वाहन को युद्ध ट्रॉफी के रूप में प्रदर्शित किया है। इसके बाद, सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में कुछ रूसी सैनिकों को कार के सामने खड़ा दिखाया गया, जो दशार्ता है कि इसे जब्त कर लिया गया था और तकनीकी जासूसी और रिवर्स इंजीनियरिंग के लिए इसकी जांच की जा रही थी। हालाँकि, अब यह पता चला है कि रूसी इस दुर्जेय युद्ध मशीन से प्रभावित नहीं हैं। रूसी सेना ने स्वीडिश सीवी 90 ट्रैक बख्तरबंद वाहन की क्षमताओं पर संदेह व्यक्त किया है, जिसे वाहन पकड़े जाने के लगभग एक सप्ताह बाद 4 अगस्त को प्रकाशित एक वीडियो में देखा जा सकता है। स्वीडिश आईएफवी के बारे में की गई खारिज करने वाली टिप्पणियों को एक वीडियो में सुना जा सकता है जिसे रूसी रक्षा मंत्रालय (आरयूएमओडी) ने यूक्रेनी ऑपरेशन में शामिल एक कमांड पोस्ट पर रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु की यात्रा का दस्तावेजीकरण करने के लिए प्रकाशित किया था। रूसी सशस्त्र बलों के केंद्र समूह के कमांडर एंड्री मोर्डविच द्वारा अधिकारी को ट्रॉफी प्रदर्शित की गई। मंत्रालय ने कहा, ग्रुप कमांडर ने सर्गेई शोइगु को युद्ध में दुश्मन से पकड़े गए कई बख्तरबंद वाहनों में से एक, विशेष रूप से स्वीडिश सीवी -90 पैदल सेना से लड़ने वाला वाहन प्रस्तुत किया।

## खौफ पैदा कर रहा है कोविड का नया वैरिएंट एरिस

राष्ट्रीय खबर



**लंदन:** कोरोना का नया वेरिएंट मिला है ईजी 5.1 नाम का यह नया कोविड वैरिएंट ब्रिटेन में फैलना शुरू हो गया है। जांच से ही कोरोना के इस नये वेरियंट का पता चला है। यहां के स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि ब्रिटेन में वायरस का यह नया वेरिएंट फैलना शुरू हो गया है कोरोना का यह नया क्लोन असल में ओमीक्रॉन का संशोधित रूप है वायरस के नए स्ट्रेन को एरिस या ईजी 5.1 नाम दिया गया है ब्रिटेन की यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) के अनुसार, हर 7 नए कोविड मामलों में से कम से कम 1 इस नए कोविड वेरिएंट के कारण होता है।

इस प्रजाति को पहली बार पिछले महीने ब्रिटेन में देखा गया था

3 जुलाई को ब्रिटेन में पहली बार किसी व्यक्ति के शरीर में एरिस पाई गई थी हालांकि, यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी ने कहा है कि यह कोरोना वायरस धीरे-धीरे दुनिया के अन्य हिस्सों में फैल रहा है। हालाँकि, इस नए वेरिएंट की प्रकृति या ट्रांसमिशन क्षमता जानने के लिए अभी भी प्रयोग चल रहे हैं


हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन 2 हफ्ते पहले से ही कोरोना के इस प्रकार पर नजर रख रहा है विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस पहले ही कह चुके हैं कि भले ही कोविड वैक्सीन ले ली जाए, सभी सावधानियां पहले की तरह ही बरतनी चाहिए। हालाँकि, यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी ने इस बात की कोई जानकारी नहीं दी है कि कोविड की इस नई प्रजाति की संचरण क्षमता बहुत तीव्र है। ब्रिटेन में कोविड-19 के फिर से बढ़ने के बावजूद, अब तक कुल मामलों में से केवल 14.6 प्रतिशत में ही नए वायरस का पता चला है। यूकेएचएसए की एक आधिकारिक डॉक्टर मैरी रैमसे ने कहा कि ब्रिटेन में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं अस्पताल में भर्ती होने वाले कोरोना मरीजों की संख्या में थोड़ी बढ़ोतरी हो रही है अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों में बुजुर्गों की संख्या अधिक है हालांकि, कई मरीजों को आईसीयू में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ती है अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की कुल संख्या में अभी तक गिरावट नहीं आई है हालांकि, ब्रिटेन में डॉक्टर बिना घबराए अच्छे से हाथ धोने जैसे नियमों का पालन करने की सलाह दे रहे हैं डॉक्टरों ने बुखार या सांस लेने में दिक्कत होने पर बाहर न निकलने की सलाह दी है।

**जानकारी** › दिमागी याददाश्त को बेहतर रखना है तो सुगंध लीजिए

# खुशबू से वयस्कों की यह क्षमता बढ़ती है

- दिमाग के अंदर सकारात्मक असर होता है
- ऐसे प्रतिभागियों की निरंतर जांच की गयी
- शोध को और आगे बढ़ाने की चल रही तैयारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** आम तौर पर उम्र बढ़ने के साथ साथ इंसान की याददाश्त भी कमजोर होने लगती है। यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। इसके अलावा कई लोग इससे आगे की स्थिति में पहुंचने के बाद पूरी तरह याददाश्त अथवा तात्कालिक अवस्था को महसूस करना भी छोड़ देते हैं। अब इस बारे में एक नई और उपयोगी जानकारी सामने आयी है।जब छह महीने तक हर रात दो घंटे के लिए बड़े वयस्कों के शयनकक्षों में एक खुशबू आती थी, तो उनकी यादें आसमान छूने लगती थीं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय,


›› पेज 2 भी देखें

**कोविड के कारण गंध की हानि और उसके परिणामस्वरूप संज्ञानात्मक कमी के बीच संबंध के बारे में साक्ष्य सामने आ रहे हैं**

वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि घ्राण क्षमता, या सूंघने की क्षमता का नुकसान, लगभग 70 न्यूरोलॉजिकल और मानसिक रोगों के विकास की भविष्यवाणी कर सकता है। इनमें अल्जाइमर और अन्य मनोभ्रंश, पार्किंसंस, सिजोफ्रेनिया और शराब शामिल हैं। कोविड के कारण गंध की हानि और उसके परिणामस्वरूप संज्ञानात्मक कमी के बीच संबंध के बारे में साक्ष्य सामने आ रहे हैं। शोधकताओं ने पहले पाया है कि मध्यम मनोभ्रंश से पीड़ित लोगों को दिन में दो बार 40 अलग-अलग गंधों के संपर्क में लाने से उनकी याददाश्त और भाषा कौशल में वृद्धि हुई, अवसाद कम हुआ और उनकी घ्राण क्षमता में सुधार हुआ। यूसीआई टीम ने इस ज्ञान को एक आसान और गैर-आक्रामक मनोभ्रंश से लड़ने वाले उपकरण में बदलने का प्रयास करने का निर्णय लिया।

## कैलिफोर्निया की दुकान में घुसे लुटेरे को सिख ने लाठी से पीटा

राष्ट्रीय खबर



https://twitter:com/i/sta-

**कैलिफोर्निया:** यहां के एक स्टोर में सिख व्यक्ति ने लुटेरे को तब तक पीटा जब तक उसने नहीं कहा, मैं जा रहा हूँ अमेरिका ऐसे डिपार्टमेंटल स्टोरों पर डकैती असामान्य नहीं है, एक सिख व्यक्ति द्वारा लाठी जैसी दिखने वाली एक घटना से निपटना निश्चित रूप से दुर्लभ है। हाल ही में कैलिफोर्निया में, एक सिख व्यक्ति, जो कथित तौर पर एक सुविधा स्टोर का मालिक था, ने एक चोर की पिटाई की, जिसने सिगरेट, सिगार और वेप्स के पैकेट लेकर भागने की कोशिश की। सिख शख्स द्वारा लुटेरे की पिटाई का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में एक लुटेरे को सुविधा स्टोर से सिगरेट, सिगार और वेप्स के साथ कूड़े की टोकरी भरते हुए दिखाया गया है, जबकि एक दर्शक रिकॉर्ड कर रहा है। बस उसे जाने

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### मारपीट का आरोपी गया जेल

**मरकच्चो:** नवलशाही थाना क्षेत्र के पुरनानगर पंचायत स्थित मंझलानगर निवासी साकिना खातून पति जिलानी खान ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर नाजायज मजमा बनाकर हरवे हथियार से मारपीट व दीवार तोड़ने व चोरी करने का आरोप लगाया था। आवेदन के आलोक मे नवलशाही पुलिस एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जिले में आई फ्लू के मामलों में इजाफा

**कोडरमा:** बरसात के मौसम में जिले में आई फ्लू के मामले में इजाफा हुआ है। सदर अस्पताल कोडरमा के नेत्र चिकित्सक डॉ सुनील कुमार मोदी ने शनिवार को बताया कि सदर अस्पताल कोडरमा के नेत्र विभाग के ओपीडी में प्रतिदिन 65-70 लोगों का इलाज किया जा रहा है। जिसमें लगभग 20 मरीज आई फ्लू से ग्रसित पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि आई फ्लू होने पर लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आई फ्लू के लक्षण दिखने पर पीड़ित व्यक्ति को काला चश्मा लगाना चाहिए, पर्सनल हाइजीन पर विशेष ध्यान रखना चाहिए, साफ-सुथरे कपड़ों का प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा बिना चिकित्सकीय सलाह के किसी भी तरह के दवाई का प्रयोग नही करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कई बार लोग चिकित्सक से सलाह लिए बिना दवा का उपयोग करते हैं ऐसे में आई फ्लू की समस्या बढ़ जाती है। डॉक्टर सुनील मोदी ने बताया कि आई फ्लू एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है इसलिए आई फ्लू होने पर सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें और घर में भी खुद को परिवार के अन्य सदस्यों से अलग रहें ताकि फ्लू दूसरे को न फैले।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जयनगर में अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान

जयनगर : थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह के नेतृत्व में जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चुटियारो में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के दौरान अवैध शराब बनाने वाले दो भट्ठी एवं दो क्विंटल जावा महुआ नष्ट किया। बता दे कि जयनगर थाना प्रभारीयों के द्वारा लगातार ग्राम चुटियारो में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, फिर भी अवैध महुआ शराब का धंधा तेजी से फल-फूल रहा हैं। जिसके कारण इसका प्रभाव विद्यार्थियों पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। थाना प्रभारी श्री सिंह ने कहा है कि अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा।

**शिलान्यास** मंजूरा में 15 वें वित्त योजना आयोग से सोलर लिफ्ट इरिगेशन का शिलान्यास

# प्रमुखता के आधार पर विकास कार्य कराये जायेंगे: जिप सदस्य

- लंबे समय तक मिलेगा पर्याप्त पानी
- किसानों की आय में भी वृद्धि होगी

राष्ट्रीय खबर



**कसमार:** कसमार प्रखंड मंजूरा पंचायत के भूताही टोला में रविवार को 15वें वित्त आयोग जिला परिषद द्वारा अनुशंसित लिफ्ट इरिगेशन कार्य का शिलान्यास जिप सदस्य अमरदीप महाराज गोमिया विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी के द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने कहा कि भुतही टोला के कृषकों की सिंचाई करने में सहुलियत होंगी। किसानों को सिंचाई के लिए लंबे समय तक पर्याप्त पानी मिलेगा जिससे वे साल भर खेती कर सकेंगें। जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रमुखता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे है। इसमें स्थानीय लोगों की भी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने लोगों से सवार्गीण विकास के प्रति सजग व जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की नाली समेत सड़कें व पुल पुलिया, को मुख्य पथ से जोड़ने की प्रक्रिया को धरातल पर उतारने को लेकर वह सजग है। कहा कि आने वाले समय प्रखंड के एक भी गांव व टोला विकास से अछूता नहीं रहेगा।

लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि मौके पर मानिक महतो, धनलाल कपरदार, सुमित कुमार, गंगाधर महतो, सरजु महतो, रास बिहारी महतो, विकास महतो, बैजनाथ महतो, सुरेश महतो, चमेली कुमारी, गायत्री देवी, आशा कुमारी, रेखा कुमारी आदि उपस्थित थे।

रजत-हेड बॉय, सुभागी-हेड गर्ल

## चिन्मय विद्यालय में छात्र परिषद के सदस्यों का गठन

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** चिन्मय विद्यालय बोकारो में सत्र 2023-24 के लिए छात्र परिषद के सदस्यों का गठन किया गया। छात्र परिषद के सभी पदों के लिए छात्रों को कई चयन प्रक्रिया में सफल होना पड़ा। जिसमें विद्यार्थियों के नेतृत्व की क्षमता, व्यवहार, कम्युनिकेशन एवं अन्य परीक्षाओं के द्वारा उनका चयन किया गया। प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उनकी टीम ने 2023-24 के लिए छात्र परिषद का चयन किया। विशेष प्रार्थना सभा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी छात्रों को बेच एवं सेस पहना कर सम्मानित किया। छात्र परिषद के सदस्यों में रजत रितिवक हेड बॉय, शुभांगी नारायण हेड गर्ल, एकेडमिक सेक्रेटरी सृष्टि कुमारी, अंकित दुबे, आकृति झा, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी श्रन्या रंजन, आर्य अभिषेक सिंह, डिसिप्लिन सेक्रेटरी निशिका अग्रवाल, विवेक कुमार सिंह, पवन घोषाल, कल्चरल सेक्रेटरी वंशिका वानिया, तृप्ति अग्रवाल, लिटरेरी सिक्रेटरी दिव्या सिन्हा, देवमाल्या बनर्जी, वॉइस हेड बाय अमित कुमार, वॉइस हेड गर्ल अनुष्का कुमारी, असिस्टेंट एकेडमिक सेक्रेटरी रितिक कुमार तिवारी, श्रेया प्रसाद, असिस्टेंट स्पोर्ट्स सेक्रेटरी पवनी, श्रेयांश मिश्रा, असिस्टेंट डिसिप्लिन सेक्रेटरी नम्रता सोरेन, अर्निबन डे, असिस्टेंट कल्चर सेक्रेटरी अभिनव कुमार एवं गार्गी, असिस्टेंट लिटरेरी सेक्रेटरी आशीष रंजन एवं रचिता प्रिया शामिल है।

नगर की पर्यावरणीय एवं नागरिक समस्याओं के बारे बताया

## स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने नगर सेवा के मुख्य महाप्रबंधन से की मुलाकात



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल बीएसएल के नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधन कुंदन कुमार से नगर सेवा भवन में मुलाकात कर आम का पौधा प्रदान कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश देते हुए स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में पर्यावरण प्रकोष्ठ के संयोजक मृणाल कांत चौबे, नशामुक्ति प्रकोष्ठ के संयोजक लक्ष्मण शर्मा, संस्थान के सह सचिव अभय कुमार गोलू, ललित कुमार एवं विनोद कुमार शामिल थे। श्री ओझा ने बोकारो नगर की कई पर्यावरणीय समस्याओं एवं यहां के क्वार्टरों की दुर्दशा, सेक्टरों के बीच की मुख्य सड़कों पर बन गए बड़े-बडे. गढ्ढों, सडक के किनारे की नालियों की बदहाली, सिटी पार्क के पशुओं का घुसना, टू टैंक गार्डन की दुर्दशा और सेक्टर के खंडाला पार्क की नरकीय स्थिति सहित जैविक उद्यान के रखरखाव के ऊपर ध्यान आकृष्ट कराया। संयंत्र के आवासों पर अवैध कब्जा एवं उन्हें भाड़े पर चलाने में संलिप्त नगर प्रशासन के लोगों एवं सड़क पर निर्बधरुप से विचरण करते भैंसों की झुंडों के भी विषय में बताया गया। मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार ने प्रतिनिधि मंडल से मिलकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताई गई समस्याओं के समुचित समाधान का भरोसा दिलाते हुए कहा कि अभी वे नया आए हैं तथा सभी विषयों को समझ रहे हैं। संस्थान द्वारा भी उचित कार्यों में हर संभव सकारात्मक सहयोग का वादा किया गया।

## पीएम बोकारो चन्द्रपुरा रेलवे स्टेशन के नवीकरण का करेगें शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जिले के आद्रा मंडल अंतर्गत बोकारो स्टील सिटी स्टेशन एवं धनबाद मंडल अंतर्गत चंद्रपुरा स्टेशन का पुनर्विकास करके रेल बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल मोड से उक्त रेलवे स्टेशनों के नवीकरण और विकास का शिलान्यास किया जाएगा। इस अवसर पर दोनों स्टेशन परिसरों में मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। शनिवार को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक, डीडीसी कीर्तीश्री जी ने बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों के संबंध में क्षेत्रीय रेल प्रबंधक आयुष कुमार एवं अन्य रेल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। डीसी चौधरी ने कहा कि यात्रियों, आमजनों के लिए बन रहे पंडाल को वाटरप्रुफ बनाने एवं दोनों किनारों को जोड़ते हुए अतिरिक्त पंडाल बनाएं। ताकि बारिश होने पर किसी तरह की कोई समस्या नहीं हों। वहीं डीसी एवं एसपी ने एआरएम, स्टेशन प्रबंधक एके हलदार, आरपीएफ के राज कुमार साव, जीआरपी केआर भगत आदि के साथ बैठक कर तैयारी के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एचआरडी ऑडिटोरियम में क्षेत्रीय सम्मेलन आज, तैयारियां पूरी



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** न्यायिक अकादमी, झारखंड के सहयोग से बोकारो जजशिप एवं जिला प्रशासन बोकारो द्वारा रिमांड और जमानत न्यायशास्त्र के प्रमुख मुद्दे विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन बोकारो स्टील सिटी के एचआरडी ऑडिटोरियम में आज यानी रविवार को किया जाएगा। इस सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया एवं झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति, न्यायाधीश, राज्य के विभिन्न जिलों से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक पदाधिकारीगण, जिलों के वरीय पदाधिकारी गण, अधिवक्तागण आदि शामिल होंगे। इसी क्षेत्रीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय, न्यायाधीश आर मुखोपाध्याय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमारी रंजना अस्थाना, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी ने एचआरडी ऑडिटोरियम में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। वहीं झारखंड उच्च न्यायालय न्यायाधीश ने बोकारो जजशिप एवं जिला प्रशासन की तैयारियों पर संतोष जताया।

## न्यूज फटाफट

### कसमार स्थित आजीविका संसाधन केंद्र में लगा डेढ़ एकड़ में मडुआ व 238 मुनगा के पौधे



**कसमार :** कसमार आजीविका संसाधन केंद्र, फार्म टांड़ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत मडुआ की खेती को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना के तहत डेढ़ एकड़ भूमि पर मडुआ का बिचड़ा रोपा गया। वहीं परंपरागत खेती के तहत मेडिसिनल पौधा मुनगा के भी लगभग 238 पौधे लगाए गये। कसमार बीडीओ विजय कुमार ने पौधारोपण कर शुरूआत किया। इस दौरान मनरेगा बीपीओ राकेश कुमार ने कि मनरेगा और जेएसएलपीएस संयुक्त रूप से सखी मंडल व महिला समूह सदस्यों के साथ कृषि कार्य का बढावा देने का कार्य कर रही है। मडुआ पारंपरिक अन्न है प्रोटीन से भरपूर है। वहीं मुनगा भी मेडिसिनल प्लांट है। जिसके फल, फूल, पत्तियां साग भी उपयोगी होता है। जिससे किसानों को मुनाफा होगा।जेएसएलपीएस बीपीएम संजीव कच्छप, ऑर्गेनिक बीपीएम दिलासाद अंसारी, एफटीसी राजकुमार सिंह, रेखा देवी, बैजंती देवी, उमा देवी, रजत मिश्रा, देवेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

### मवेशी लदा दो पिकअप वैन धराया



**चांडिल :** चौका थाना क्षेत्र के बडामटांड के समीप चौका पुलिस ने मवेशी लदे दो पिकअप वैन को जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस ने वैन पर सवार पांच लोगों को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए चौका थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि गश्ती कर रही पुलिस को दो पिकअप वैन पर मवेशी लदा मिला जिसे पुलिस वाहन समेत मवेशियों को थाना ले गई। उन्होंने बताया वाहनों पर कुल 18 मवेशी लदे थे। इनमें पांच गाय व चार बछड़ा और पांच भैंस व चार भैंस का बछड़ा शामिल है। इसमें एक गाय के बछड़ा की मौत वाहन में ही हो गई थी।

### पंचायत समिति सदस्यों ने की बैठक

**जयनगर:** प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक प्रखंड प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में वर्ष 2022-23 के लिए योजनाओं का चयन किया गया?। प्रमुख ने अंचल में राजस्व उपनिरीक्षक को प्रतिनियुक्त करने को कहा क्योंकि अभी मात्र 3 राजस्व उपनिरीक्षक हैं। जिसमें से एक अंचल निरीक्षक के प्रभार में हैं। साथ ही प्रखंड में भी कई पद जैसे प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद प्रभार में चल रहे हैं। जिससे आम ग्रामीणों का कार्य प्रभावित हो रहा है। पंचायत समिति सदस्यों ने मासिक बैठक सभी पदाधिकारियों के साथ करवाने की मांग की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, मुखिया राजकुमार यादव, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, शशि कुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य अशोक सिंह, इरशाद आलम, अनिल कुमार यादव, रीना देवी, सुरेंद्र राणा, हेमीया देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा:** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंडी एकता संघ, मुंबई के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान झारखंड सरकार कैबिनेट मिनिस्टर हाफिज उल हसन अंसारी, विधायक सरफराज अहमद, सीता सोरेन, विनोद कुमार सिंह, लंबोदर महतो, पूर्णिमा सिंह, अंबा प्रसाद, नेहा तिर्की, इरफान अंसारी, मंत्री एवं सभी विधायकों ने झारखंडी एकता संघ के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया और कहा कि प्रवासी मजदूरों के लिए एक मात्र संस्था है। प्रवासी मजदूरों को हमेशा मदद पहुंचाती है। मुख्यमंत्री को बताया कि वे झारखंड के प्रवासी मजदूरों के हित और कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं और झारखंड के विकास एवं तरक्की में हर संभव सहयोग करने के इच्छुक हैं। झारखंडी एकता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड प्रवासी कल्याण आयोग का अति शीघ्र गठन करने तथा मुंबई में जिस भूमि को 2018 में झारखंड सरकार द्वारा आवंटन किया गया है, उस भूमि पर अति शीघ्र झारखंड भवन निर्माण कराने की मांग की।

### वाहन की चपेट में आया बाइक सवार

**कोडरमा:** कोडरमा थाना क्षेत्र के लखीबागी दर्जीचक के समीप शुक्रवार की रात एक वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान खरकोट्टा निवासी नितेश कुमार (उम्र लगभग 22 वर्ष पिता बबुन यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से तिलैया से कोडरमा आने के दौरान लखीबागी के समीप वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

### बुढ़मू के स्कूल में चोरी

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के नवउत्कर्मित उच्च विद्यालय साड़म में बीते रात को अज्ञात चोरों ने स्कूल परिसर से 55 इंच का टीवी, इंटरनल स्पीकर,10 केवी का इनवाईटर,12 वोल्ट का बैट्री, और ट्रॉली फॉर इनवाईर्टर बैटरी, टीवी रिमोट आदि की चोरी हो गई है। स्कूल के प्रधानाध्यापक अक्षय महतो ने बातचीत करते हुए बताया कि सोमवार को जब स्कूल खोला गया तो स्कूल में देखा गया कि स्कूल का ताला टूटा हुआ है।, और स्कूल में देखने के बाद पता चला कि स्कूल से कई समान की चोरी हो गई है। प्रधानाध्यापक अक्षय महतो ने बताया की रविवार की रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापक अक्षय महतो ने बुढ़मू थाना में अज्ञात चोरों के विरोध में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। और दोषियों को पुलिस से पकड़कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

**आयोजन** विद्यार्थियों ने पौधों को बांधा फ्रेंडशिप बैंड

# डीपीएस चास में मैत्री बंधन कार्यक्रम आयोजित

- पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं। हमें उनकी रक्षा करनी चाहिए
- भारतीय संस्कृति में प्रकृति के अन्य चीजों की तरह पेड़ों की पूजा भी की जाती हैं

राष्ट्रीय खबर



**चास/बोकारो:** दिल्ली पब्लिक स्कूल में शनिवार को मैत्री बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान नन्हें बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी। विदित हो कि रविवार को अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस है। मित्रता दिवस के बारे में विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि माता-पिता और परिवार के साथ बच्चों का रिश्ता जन्म से जुड़ जाता है। लेकिन दोस्ती ही एक ऐसा रिश्ता होता है, जो लोग पहली बार खुद से बनाते हैं। पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं। हमें उनकी रक्षा करनी चाहिए। ऐसे परोपकारी सच्चे मित्रों का विकास करना हमारा नैतिक दायित्व है। मानव का पेड़ पौधों के साथ अटूट रिश्ता रहा हैं। भारतीय संस्कृति में प्रकृति के अन्य चीजों की तरह पेड़ों की पूजा भी की जाती हैं। बरगद, तुलसी, नीम, पीपल जैसे पेड़ों में देवों का वास माना गया है। हम पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। हमारी प्रकृति में पेड़ सबसे बड़े परोपकारी हैं, वे हमारे लिए एक मित्र की तरह ही अपना सब कुछ निस्वार्थ ही दान कर देते हैं। हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। इस अवसर पर विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि ये पेड़-पौधे हमें प्रदूषण से बचा रहे हैं, ये हमारे सबसे बड़े मित्र और शुभचिंतक होते हैं, इसलिए इनकी रक्षा जरूरी है। पेड़ों से हमें तरह तरह के फल मिलते हैं। फल खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। पेड़ों के फूलों से खुशबू मिलती है। पेड़ हमें प्राणवायु ऑक्सीजन देकर जीवन प्रदान करते ही हैं, साथ ही हरे भरे पेड़ वर्षा में भी सहायक हैं। घने जंगल बाढ़ आदि को रोकने तथा मिट्टी के कटाव को रोकने में अहम भूमिका निभाते हैं। पेड़ों से हमें लकड़ी मिलती है लकड़ी से छत, दरवाजे, खिड़कियां, कुर्सी, मेज आदि चीजें बनती हैं। कई पेड़ों की जड़, छाल और पत्तियों से दवाइयां बनती हैं। पेड़ पौधे वातावरण को स्वच्छ बनाने तथा संतुलन बनाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### अवैध महुआ शराब भट्टी किया ध्वस्त

**चांडिल :** कपाली पुलिस ने शुक्रवार को डोबो काड़ीपत्थर में पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के निर्देश पर अवैध महुआ शराब भट्टी के खिलाफ अभियान चलाकर एक अवैध देशी शराब भट्टी को ध्वस्त कर दिया। ओपी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि अवैध महुआ शराब ठिकाने पर छापामारी करते हुए अवैध महुआ शराब और निर्माण कार्य के सामानों को जब्त कर कपाली ओपी पुलिस ले आई। उन्होंने बताया शराब माफिया पुलिस को देखकर भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया पुलिस द्वारा छापामारी के दौरान करीब तीन सौ किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया साथ ही 25 लीटर अवैध देसी महुआ शराब जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि शराब माफिया के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना
चोरी गई वाहन
(मोटर साईकिल **Hero Motocorp Splendor+**)

गढ़वा थाना काण्ड सं0–172/2023, दिनांक–29.04.2023, धारा–379 भा0द0वि0, में चोरी गयी मोटर साईकिल Hero Motocorp Splendor+, Registration No-JH03W 9493, Engine No-HA10AGJ4M14880 एवं Chassis No-MBLHAR078J4M07589 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर किया गया है। जिसकी बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0 –9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.304077 Police(23-24):D

## शहर >> अपडेट

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बेरमो :** बेरमो प्रखंड के अरमो पंचायत भवन में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें अरमो मुखिया कैटरीना हसदा ने फीता काटकर कार्यक्रम शुभारंभ किया। डॉ रविंद्र सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ उषा सिंह ने 500 से अधिक महिलाएं पुरुष एवं बच्चों का जांच कर नि:शुल्क दवा वितरण किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सेफ्टी टीम ने सिरका परियोजना का किया निरीक्षण

**गिद्दी :** कुजू क्षेत्र की सात सदस्यीय सेफ्टी टीम द्वारा सिरका परियोजना का निरीक्षण किया गया। इसकी अगुवाई मुख्य सेफ्टी अधिकारी अरविंद कुमार द्वारा की गई। इस दौरान स्थानीय सिरका प्रबंधन के अधिकारियों ने खुली खदान सिरका में बरती जाने वाली सुरक्षा संबंधी बातों की जानकारी दी। बताया गया कि प्रतिवर्ष डाटा के अनुसार सेफ्टी को लेकर वरीय विभाग को सूचित किया जाता है। इसे लेकर कोलियरी क्षेत्र के अगल-बगल परियोजनाओं की टीम द्वारा सेफ्टी का दौरा कर आवश्यक जानकारी आपस में आदान प्रदान की जाती है। साथ ही इसकी सूचना कोल इंडिया को भेजी जाती है। जिससे आवश्यक सुरक्षा सुधार की व्यवस्था को दुरुस्त करने मे सहयोग मिलता है। मौके पर सिरका कोलियरी के मैनेजर राकेश कुमार, सेफ्टी ऑफिसर कामेश्वर महतो, ईएंडएम इंजीनियर, सर्वेयर, पर्सनल, इलेक्ट्रिक, माइनिंग अधिकारी, कामगार विनोद सिंह, शंकर समेत कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अनिल अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बेरमो :** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल अग्रवाल समाज का जाति प्रमाण पत्र बनने में दिक्कत के संबंध में झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। बताया कि अग्रहरी वैश्य समाज जो खतियानी रैयत1932 के पहले से हैं प्रक्रिया त्रुटि होने के कारण पिछले कुछ वर्षों से अग्रवाल समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जिससे समाज के लोगों को काफी परेशानी हो रही है, झारखंड में लगभग नौ लाख से अधिक संख्या में अग्रवाल समाज के लोग झारखंड निवास करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया अग्रवाल श्री श्री अग्रसेन जी महाराज के वंशज एम पूर्वजों का सरनेम है इसमें कुल 18 गोत्र हैं जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से समाज के लोगों को शिक्षा नौकरी एवं छात्रवृत्ति से भी वंचित होना पड़ रहा है।

### प्रभाकर मिश्र की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई

**गोला :** क्षेत्र के प्रसिद्ध पंडित देवदत्त ज्योतिष कार्यालय के पंडित अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक दिवंगत प्रभाकर मिश्र की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि तिथि पर परिवार के सदस्यों ने क्षेत्र में भ्रमण कर गीताप्रेस, गोरखपुर के संग्रहित पुस्तक कल्याण का वितरण किया। साथ ही बच्चों के बीच चॉकलेट, लेज का भी वितरण किया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र ने बताया कि पिताजी पंडित प्रभाकर मिश्र क्षेत्र के प्रसिद्ध कर्मकांडी और ज्योतिषी थे। वे घर से जब भी बाहर जाते और वापस लौटते थे, तो घर के आसपास के बच्चों के लिए चॉकलेट, लेज, कुरकुरे जरूर लाते थे। उनके लौटने का इंतजार कई बच्चे करते थे। यह परम्परा परिवार के सदस्यों ने चला रखी है।

---

**राजनीति**

सरकार के विरोध में आजसू पार्टी ने किया हल्ला बोल

# राज्य में अराजकता का माहौल :रोशनलाल



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** पतरातू आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी के द्वारा अंचल कार्यालय परिसर में वर्तमान सरकार आरोप लगाते हुए सैकड़ो ग्रामीणों के साथ हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। विशिष्ट रूप से केंद्रीय सचिव विजय साहू, केंदीय सचिव गुड्डू यादव, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, हजारीबाग जिला प्रधान सचिव कौलेश्वर गनझू, रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा की वर्तमान समय के दौरान राज्य में अराजकता का माहौल है।

कांग्रेस एवं जेएमएम के संलिप्त सरकार को अगर जरा भी राजनीतिक सुचिता बची है। तो राज्य के पदासीन मंत्री अपने चुनावी एजेंडे एवं जनता को किए गए वादों की ओर एक बार देख ले सच तो यह कि वर्तमान समय मे राज्य की जनता अराजकता और भ्रष्टाचार से त्राहि त्राहि कर रही है। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासियों का हीं अपमान किया जा रहा है। अपने सम्बोधन में रौशन लाल चौधरी ने कहा कि विधायक इरफान अंसारी ने अपने शब्दों से आदिवासी समाज का अपमान किया है। इरफान अंसारी पर एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अविलंब गिरफ्तार करना चाहिए। क्षेत्र की स्थिति यह है कि मतकमा चौक से बनने वाली सड़क कामिशन खोरी की मांग के कारण नहीं बन सक रही है। क्षेत्र में पीवीयूएनएल एवं एन टी पी सी सहित विभिन्न उद्योगों से विस्थापित हुए ग्रामीणों को अब तक समुचित मुआवजा नहीं मिला है। हालात ऐसी है कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हावी है। ग्रामीणों से विभिन्न कार्यों के लिए पैसे मांगे जाते हैं।

युवा रोजगार के लिए तरस गए हैं। शिक्षा और रोजगार से लिए गरीब जनता दूसरे शहरों एवं राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। मौके पर बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, सचिव मनोज दांगी, प्रवक्ता तापेश्वर कुमार, चंदन कुमार, ब्रजेश सिंह, ब्यास पांडेय, रामप्रताप सिंह, विक्रांत साहू, भुन्नू सिंह, कौलेश्वर महतो, बीरेंद्र झा, राहुल रंजन, शिवप्रसाद मुंडा, अशोक पाठक, अनिल सोनी, बिंदेश बेदिया, सुरज उरांव, संदीप उरांव, संतोष यादव, झल्कु बेदिया, मूषा ठाकुर, राजेश मंडल, मनोज राम लालू यादव, लक्ष्मीकांत महतो, जानकी मुंडा, हरेश राय, राजेश पटेल, सुधीर कुमार, कामेश्वर मेहता, बदल कुमार, एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

---

कथारा ओपी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## डकैती कांड के वारंटी को धर दबोचा, भेजा जेल



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा :** गोमिया थाना क्षेत्र के कथारा पुलिस को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब कथारा दो नंबर निवासी मानिक चन्द्र प्रसाद के पुत्र महेंद्र प्रसाद को धर दबोचा और कथारा ओपी ले आया। मिली जानकारी के अनुसार महेंद्र बेरमो थाना कांड संख्या 81/2014 डकैती कांड वारंटी था जिस पर धारा 395/412 भादवि लगा हुआ था और फरार चल रहा था। मगर कथारा ओपी गुप्त सूचना के आधार पर उसे धर दबोचने मे कामयाब रहा। ओपी पुलिस कागजी कार्रवाई पुरी कर उक्त वारंटी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

---

## आचार्य स्वयं के आचरण से बच्चों में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को विकसित करें : अजय





राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा:** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित एक दिवसीय संकुल स्तरीय आचार्य सम्मेलन( रामगढ़ संकुल ) का आयोजन किया गया।बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विद्या विकास समिति झारखण्ड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी उपस्थित हुवे।सम्मेलन का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि ने रामगढ़ संकुल के विभिन्न सरस्वती विद्या मंदिर से आए आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य स्वयं के आचरण से बच्चों को सीख दें तथा शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को विकसित करें। उन्होंने आधुनिक शिक्षण -तकनीक एवं साधन के उपयोग पर विशेष जोर देते हुए आचार्यों को समय के साथ स्वयं को भी विकसित करने का सुझाव दिया। वही राँची विभाग के विभाग निरीक्षक फणीन्द्र नाथ झा ने सम्मेलन की भूमिका रखते हुए विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विविध बिंदुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। अपने अध्यक्षीय भाषण में विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने सम्मेलन की सफलता की कामना करते हुए उपस्थित आचार्यगण से आगत विभिन्न सुझाओं को अपने विद्यालयों में क्रियान्वित करने का संदेश दिया।सम्मेलन में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया तथा अतिथियों सहित उपस्थित सभी आचार्य-दीदी जी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में आचार्यों के बीच कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई तथा उन्हें पुरस्कृत किया गया।

---

### सीसीएल तथा राज्य सरकार के राजस्व का हो रहा नुकसान



**बेरमो /कथारा :** लंबे समय से आपसी खींचतान में कथारा वाशरी का रिजेक्ट सेल तथा सैलरी का उठाओ बाधित है। दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रबंधन द्वारा सेल को बंद रखने का फैसला लिया गया है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा सेल के बंद होने से इस कार्य में लगे सभी लोग प्रभावित हो रहे हैं। सेल के चालू होने से कुछ लोगों को रोजगार मजदूरी के माध्यम से मिलता है वही डीओ धारक पूंजी लगाकर अपने रोजगार की तलाश में कुछ सफलता पाते हैं। साथ ट्रक मालिक उसके ड्राइवर खलासी के भी जीविका का माध्यम होता है। ऐसे स्थिति में प्रशासनिक पहल आवश्यक है। इस संदर्भ में बोकारो जिला के पुलिस कप्तान बोकारो जिला के उपायुक्त के निर्देश में शांति व्यवस्था की पहल करते हुए सेल को सुचारु रुप से चालू करवाया जाने का कार्य अतिशीघ्र हो। जिससे रिजेक्ट कोयले तथा सैलरी का उठाव हो सकेगा साथ ही प्रतिष्ठान के आवश्यक जरूरत को कोयले आपूर्ति के माध्यम से पूरा किया जा सकेगा। राज्य और सीसीएल के राजस्व को नुकसान से बचाया जा सकेगा।

### सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी के सजा पर रोक कांग्रेसियो की जीत



**बेरमो /कथारा :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर मानहानि का मामले में मैक्सिमम सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने पर कथारा में कांग्रेसियों ने मिठाई खिला, पटाखे फोड़ खुशी का इजहार किया। कांग्रेस के लोग सत्यमेव जयते, सत्य कभी पराजित नही होता, झूठ की उम्र लंबी नही होती सहित विभिन्न प्रकार के नारे लगा रहे थे। वही भारत जोड़ो यात्रा, नफरत का बाजार खत्म करो सहित विभिन्न प्रकार के जयघोष कर रहे थे। यहां वरीय कांग्रेसी नेता वेदव्यास चौबे ने कहा कि राहुल गांधी के आवाज को संसद भवन में बंद करने के लिए जिस प्रकार के कार्य किए थे, उसपर सुप्रीम डंडा चलने का काम हुआ है। अब फिर से देश की जनता की आवाज राहुल अंदाज में संसद भवन में गूंजेगी। वही भारत जोड़ो यात्रा पार्ट 2 ऐतिहासिक होगी। जिस प्रकार पूरे देश में महंगाई, बेरोजगारी, वैमनस्यता की परिस्थिति है। उसका खत्मा होगा और आगामी दिनों इंडिया से जुड़े लोग की बंफर जीत के साथ सरकार बनेगी। बोडिया दक्षिणी पंचायत के अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि संसद भवन में राहुल गांधी की आवाज बंद करने का जो कुप्रयास साजिशन किया गया था। इसका पटाक्षेप हुआ। अब फिर से जनहित की आवाज राहुल गांधी के माध्यम से संसद भवन में गूंजेगी। इस अवसर पर राजेश शर्मा, इस्लाम अंसारी, सीएस प्रसाद, सुजीत मिश्रा, राजेंद्र वर्मा, तुलसी निषाद, संतोष सिन्हा, संतोष गौड़, राम कुमार मिश्रा, विजय नायक, प्रमोद यादव, अमनदीप सिंह, भीखम चौहान, पिंटू राय आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रैयत विस्थापित मोर्चा और सीसीएल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**बेरमो :** 4 अगस्त दिन शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय रांची के दरभंगा हाउस मे रैयत विस्थापित मोर्चा व सीसीएल प्रबंधन की उच्च स्तरीय कमिटी की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई । जिस बैठक मे घंटो विचार विमर्श के उपरांत कई महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सभी एरिया को त्वरित रुप से आदेश को अमल मे लाने हेतू प्रबंधन ने भरोसा दिया गया।इस बैठक मे मान्यता प्राप्त मंत्री सह मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा ने विस्थापितों के लम्बित नौकरी व मुआवजा, रोजगार तथा निजी कम्पनियो मे 75 बहाली और एक करोड तक का ठेका कार्य विस्थापितो को देने, पीएपी सर्टिफिकेट निर्गत करने, सीएसआर स्कीम को सही तरीके से लागू करने, अधिग्रहित भूमि पर एक मुस्त नौकरी देने, पांच साल के अंदर बाहर की निति को समाप्त करने, सभी पुनर्वास केन्द्रो मे बुनियादी सुविधा बहाल करने, वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था करने, कैम्प लगाकर सत्यापन कराने, आर ऐंड आर कमिटी बनाने, आउट सोर्सिंग कम्पनियों मे हाई पावर कमिटी की अनुशंसा को लागू करने सहित सभी ज्वलन्त मुददो को प्राथमिकता के साथ अतिसिघ्र समाधान करने की मांग को रखे। जिसपर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने पर सहमती जताया।इस बैठक मे मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष के अलावे मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, राजकुमार महतो, महासचिव सैनाथ गन्झू, मो इस्लाम अंसारी, सोनाराम माँझी, पप्पु सिंह, मनोज, बहादुर माँझी, गुरदयाल साव तथा सीसीएल प्रबन्धन की ओर से सीसीएल अधिकारी एस के झा,शंकर झा,भी एन राम, एन झा, डी घोष, के पितम्बर सहीत कई लोग सामिल थे।

---

पांच सूत्री मांगों को लेकर

## पंचायत स्वयंसेवकों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /गोमिया:** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पांच सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा है। पंचायत स्वयंसेवकों का 5 सूत्री मांग है - संघ के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का मुख्यमंत्री से वार्ता, पंचायत स्वयंसेवकों का स्थायीकरण, पंचायती राज विभाग के अंतर्गत मानदेय मिले, समायोजन, पंचायत स्वयंसेवकों का नाम बदलकर पंचायत सहायक का दर्जा मिले। उक्त मांगों को लेकर पंचायत स्वयंसेवक राजभवन के समक्ष लगातार धरना प्रदर्शन में डटे हैं। धरना प्रदर्शन के 28 वें दिन बृहस्पतिवार को गोमिया प्रखंड के पंचायत स्वयंसेवक धरना स्थल पर पहुंचे। जिसके बाद यह सभी लोग मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए विधानसभा भी पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री से इन लोगों की मुलाकात नहीं हो पाई। मौके पर मौजूद पंचायत स्वयंसेवकों ने बताया कि विधानसभा के मानसून सत्र में सदन में हम लोगों की मांगों को विधायक अंबा प्रसाद, अमित महतो, नवीन हेंब्रम ने गंभीरतापूर्वक रखा है। इस संबंध में राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि वर्ष 2016 में प्रत्येक पंचायतों में चार पंचायत स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई है। सभी स्वयंसेवक अपने कार्यों को पूरी लगन, मेहनत, निष्ठा व ईमानदारी के साथ करते आए हैं। इस कार्य के एवज में इन्हें न्यूनतम प्रोत्साहन राशि दिया जाता है। इतनी कम राशि से स्वयंसेवकों के परिवार का भरण पोषण करने में अत्यंत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

---

शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :** डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय रामगढ़ के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे ऑफलाइन और ऑनलाइन बी एड ,एवं डी एल एड प्रशिक्षुओं को शिवनाथ कुमार एवं अनुज कुमार के द्वारा प्रशिक्षित किया गया।वही फॉर्म नंबर 6,7,8 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता अभियान में मास्टर ट्रेनर के रूप में मोहम्मद सिकंदर अंसारी और ब्रह्मानंद पाठक ने प्रशिक्षुओ को प्रशिक्षित किया।वही बी एड के सहायक अध्यापक सह नोडल पदाधिकारी मोहम्मद परवेज अख्तर की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रंजू वंदना होरो, सहायक अध्यापक संजू रंजना होरो, नयन कुमार मिश्रा ,डॉ अशोक राम, डी एल एड की प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन,व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबू चंद्र प्रसाद, वरुण कुमार ,सहित बी एड एवं डी एल एड के सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।

---

**पर्यावरण** कन्या भारती तथा किशोर भारती के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

# पेड़-पौधे प्राण वायु के पोषक तथा पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षक होते हैं : चंद्रशेखर चौधरी

**बच्चों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का संदेश दिया**



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कन्या भारती तथा किशोर भारती द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया।पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के भैया- बहनों द्वारा सुसज्जित गमलों में पुष्पीय एवं औषधीय पौधे लगाए गए।इस अवसर पर विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने पेड़-पौधों को प्राण वायु के पोषक तथा पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षक बताते हुए बच्चों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का संदेश दिया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बच्चों से अपने-अपने घरों एवं आस-पास भी पौधे लगाने तथा समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का सुझाव दिया। कन्या भारती प्रमुख आचार्या गायत्री पाठक ने कहा कि कन्या भारती एवं किशोर भारती का उद्देश्य भैया -बहनों में सामाजिक दायित्व का बोध कराना एवं उनका व्यक्तित्व विकास करना है ताकि समाज में वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। कन्या भारती में कक्षा नवम से द्वादश तक के भैया-बहनों ने हिस्सा लिया जिसमे कन्या भारती की बहन मानशी,सौम्या, नैना, तन्नू,करिश्मा,रितिका,खुशी,वर्षा, स्वाति, ब्यूटी, रिया, रागिनी,राखी, सोनी, आँचल,प्रेरणा,प्रियंका, संजना, सोनी,प्राची पलक, प्रिय,नेहा,स्नेहा,अनुष्का,अंकिता, लक्ष्मी,पूनम,प्रिया दास, चंचला तथा किशोर भारती में भैया आयुष,बबलू,अवंतिका,,आदित्य, अभय,अमन,अमित अनिकेत हर्ष आदि की प्रमुख भूमिका रही।

---

### ताजिया मिलन के दौरान हुए दर्दनाक हादसो व घायलों से मिलने पहुंचे कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी



**बेरमो :** बीते दिनों मुहर्रम जुलूस व ताजिया मिलन के दौरान पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत मे हुए दर्दनाक हादसे में चार लोगो की मौत और सात लोग घायल हो गए थे। जिसके बाद गांव पंचायत ही नही पुरा अनुमंडल ही शोक मे डुब गया था। घटना के बाद लगातार नेताओं, पुलिस, प्रशासन के आला अधिकारियों का गांव आना जाना लगा रहा। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के अथक प्रयास से मृतकों और घायलों को मुआवजा मिलने के साथ साथ घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज कैसे मिले यह सुनिश्चित किया है। परिणाम भी दिखा घायल सभी सातो लोग जल्द स्वस्थ लाभ की ओर अग्रसर है। हालांकि इस घटना के घटे सप्ताह बीतने को है मगर लोगो के दिलो से इस हादसे का दर्द निकलने का नाम नही ले रहा है और सम्भव भी नही दिखता। इसी लिए आय दिन क्षेत्र का कोई ना कोई राजनेता, जनप्रतिनिधि या समाजसेवी खेतको गांव पहुच पीड़ित परिवार से मिल उनके दर्द को बांटते व ढाढस बंधाते नजर आते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को गिरिडीह लोक सभा के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, चंद्रपुरा के प्रमुख चांदनी प्रवीन,कसमार प्रमुख नियोती देवी समाज सेवी बबलू अंसारी, सूरज नायक, भाजपा नेता हिमाचल मिश्रा व खेतको गांव के समाजिक व्यक्ति हाजी डॉक्टर रहमतुलला अंसारी, गुलाम मुस्तफा अंसारी, गुलाम हैदर, मोहम्मद साफिक, मोहम्मद सालाउद्दीन अंसारी, गुलाम मुर्तजा आदि हादसे के सभी पीड़ित परिजनों से मिले और उनके दुखों को बांटने कम करने व ढाढस बंधाने का काम किया। मौके पर उपरोक्त लोगो ने हादसे में जान गंवाने और घायल होने वाले लोगो ने सरकार द्वारा दिए जाने वाले मुआवजा पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि दो लाख और एक लाख इसका उचित मुआवजा नही माना जा सकता। कम से कम 20 लाख से 25 लाख मुआवजा इन पीड़ितों को मिलना चाहिए। वही गिरिडीह के पुर्व सांसद पांडेय ने मृतक की पत्नी कोरौसा खातुन से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि जल्द ही गांव में ही उनके लिए कोई आमदनी का कार्य सुनिश्चित करेगे जिससे उनके और उनके बच्चों का गुजर बसर हो सके।



**रजत कुमार गुप्ता**

पता नहीं पिछली बार अडाणी पर क्या कुछ नहीं कहा था। इस बार दोबारा लौटे तो फिर से न जाने क्या बम फोड़ देंगे। ऊपर से टेंशन इस बात का है कि फिर से भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी में जुटा है यह कथित पप्पू। पप्पू नाम से याद आया कि वाकई एक जबर्दस्त बड़े बजट का कुप्रचार सिर्फ पैदल चलने की वजह से पूरी तरह धराशायी हो गया। नतीजा है कि जहां कहीं भी हिंदू मुसलमान की बात होती है, लोग भी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात कहने लगे हैं।

# हम प्रेमी प्रेम करना जाने.. .. ...



हम प्रेमी यानी मोहब्बत की दुकान चलाने वाले की अदालत में सामयिक जीत हुई है। जाहिर सी बात है कि उनके दोबारा लोकसभा में लौट आने को लेकर मोदी जी परेशान होंगे। पता नहीं पिछली बार अडाणी पर क्या कुछ नहीं कहा था। इस बार दोबारा लौटे तो फिर से न जाने क्या बम फोड़ देंगे। ऊपर से टेंशन इस बात का है कि फिर से भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी में जुटा है यह कथित पप्पू। पप्पू नाम से याद आया कि वाकई एक जबर्दस्त बड़े बजट का कुप्रचार सिर्फ पैदल चलने की वजह से पूरी तरह धराशायी हो गया। नतीजा है कि जहां कहीं भी हिंदू मुसलमान की बात होती है, लोग भी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात कहने लगे हैं। एक काफी आजमाया हुआ दांव अब बेकार होने लगा है।

दरअसल जब भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ हुई थी तो नरेंद्र मोदी और उनके समर्थकों को यह एहसासा भी नहीं था कि सिर्फ पैदल यात्रा भर से जनता की सोच में ऐसी तब्दीली आयेगी। जैसे जैसे यात्रा आगे बढ़ती गयी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान का नारा भी बुलंद होता चला गया। अडाणी पर लोकसभा के अंदर बम फोड़ा तो सरकार को बहुत नागवार गुजरा। लेकिन कर भी क्या सकते थे। जैसे जैसे लोकसभा के रिकार्ड से इन बातों को हटाने के बाद सूरत की अदालत का फैसला सरकार के काम आया। आनन फानन में राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी गयी। बाकी जो कुछ हुआ वह सभी के सामने है और इसके बीच ही भाजपा आईटी सेल द्वारा प्रचारित पप्पू अभियान औंधे मुह जमीन पर गिर पड़ा। गौर करने वाली बात यह भी है कि राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान टीवी चैनलों के सरकार समर्थक रवैये पर बयान क्या दिया, इन टीवी चैनलों का असर भी तेजी से खत्म होने लगा। उनके स्थान पर अनेक स्वतंत्र पत्रकारों के यूट्यूब चैनल अधिक लोकप्रिय हो गये। नतीजा है कि अब सरकार को भी पियूष गोयल के जरिए सोशल मीडिया पर असर रखने वालों से मिन्नत करना पड़ रहा है कि भाई थोड़ी मदद कर दो। इसी बात पर शम्मी कपूर और अमिताभ बच्चन की फिल्म परवरिश का एक गीत याद आने लगा है। इस गीत को लिखा था लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने और दोनों ने इसका संगीत भी तैयार किया था। इस गीत को अपना स्वर दिया था किशोर कुमार ने। गीत के बोल इस तरह हैं।

*हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने कहे न दिल की बात सदा चुप रहना जाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*प्यार के दुश्मन को हजारो में पहचाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*अपनो से जब ठेस कोई लग जाती हैअपनो से जब ठेस कोई लग जाती है*
*हिम्मत अपनी और भी बढ़ जाती है यह मई भूलो ऐसे ही दीवानों के*
*पैरों में जंजीर भी पड़ जाती है दीवाने जंजीर से क्या डरना जाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*मुजरिम को परदा छुपा न पायेगा*
*मुजरिम को परदा छुपा न पायेगा चिंगारी के खेल में जल जाएगा*
*जलनेवाला आग भी लगा सकता है*
*फिर तोह उसका वार भी चल जाएगा*
*हम तोह जिसका वार उसी पे करना जाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*आपस में टकराना कैसा*
*अरे आपस में टकराना कैसा*
*गाओ मिलकर साथ मेरे*
*मेरे लिए तोह हो तुम दोनों*
*आप के कदमो के जैसा दुनिया में कहाँ आराम कोई*
*दुनिया में कहाँ आराम कोई*
*आपकी छाया है सर पे तोह कर जायेंगे काम कोई*
*कर जायेंगे काम कोई*
*हम मतवाले प्यार पे जीना मरना जाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*कहे न दिल की बात सदा चुप रहना जाने*
*अरे प्यार के दुश्मन को हजारो में पहचाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने*
*हम प्रेमी प्रेम करना जाने।*

अब सरकार क्या करे। राहुल के साथ साथ अब नया सरदर्द इंडिया का भी है। पता नहीं कैसे यह नाम खोज लिया कि आनन फानन में एनडीए खेमा को मजबूत दिखाने का काम प्रारंभ हुआ है। कुल मिलाकर पोजिशन और ऑपोजिशन दोनों ही मोचार्बंदी कर तैनात है। इस बार हिंदू मुसलमान कार्ड असरदार नहीं रह गया है। इसके लिए भी राहुल गांधी का वह बयान ही जिम्मेदार है कि नफरत की बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलने आया हूं।

चलते चलते झारखंड की भी बात कर लें तो ईडी की सक्रियता से नया नया मामला सामने आता है। दिक्कत इस बात की है कि जैसे ही जांच थोड़ी आगे बढ़ती है कि तोप का मुंह पूर्व की भाजपा सरकार और उस वक्त की सर्वशक्तिमान एक महिला अधिकारी की तरफ चला जाता है, जिनके शासनकाल में बिचौलियों की फौज तैयार हुई थी।

जन्मदिन 6 अगस्त के अवसर पर विशेष

# 49 वर्ष की हुयी काजोल

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री काजोल आज 49 वर्ष की हो गयी। 05 अगस्त 1974 को मुंबई में जन्मी काजोल को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सोमु मुखर्जी निर्माता जबकि मां तनुजा जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण काजोल अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। काजोल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संत जोसेफ कान्वेंट पंचगनी से की।इसके बाद उन्होंने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म 'बेखुदी' से की। युवा प्रेम कथा पर बनी इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका कमल सदाना ने निभायी लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी। वर्ष 1993 में काजोल को अब्बास-मुस्तान की फिल्म 'बाजीगर' में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका शाहरूख खान ने निभायी थी। यूं तो पूरी फिल्म शाहरूख खान पर केन्द्रित करके बनायी गयी है लेकिन काजोल ने अपने दमदार अभिनय से दर्शको का दिल जीत लिया।वर्ष 1994 काजोल के सिने कैरियर में अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी उधार की जिंदगी, ये दिल्लगी और करण अर्जुन जैसी फिल्म प्रदर्शित हुयी। उधार की जिंदगी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी लेकिन काजोल ने अपने दमदार अभिनय से दर्शको का दिल जीत लियावही बांबे फिल्म जर्नलिस्ट



ऐशोसियेशन द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी। वर्ष 1994 में ही काजोल को यश चोपड़ा के बैनर तले बनी फिल्म ये दिल्लगी में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका अक्षय कुमार और सैफ अली खान ने निभायी। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित की गयी। वर्ष 1995 में काजोल को यश चोपड़ा की ही फिल्म ..दिलवाले दुल्हनियां ले जायेगे.. में काम करने का अवसर मिला जो उनके सिने कैरियर के लिये मील का पत्थर साबित हुयी। काजोल और शाहरूख खान के बेहतरीन अभिनय से सजी यह फिल्म सुपरहिट साबित हुयी। वर्ष 1997 में काजोल को निर्माता निर्देशक राजीव राय की फिल्म 'गुप्त' में काम करने का अवसर मिला। वह फिल्म भी सुपरहिट साबित हुयी।फिल्म गुप्त ..में काजोल का किरदार ग्रे शेडस लिये हुये था। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ खलनायक के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयी। फिल्म इंडस्ट्री के इतिहास का पहला मौका था जब किसी अभिनेत्री को सर्वश्रेष्ठ खलनायक का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया था ।

# मैं और फेसबुक

>>व्यंग्य >>उमेश अग्निहोत्री

ह पिछले दिनों जब मैं अपने नाटक की तैयारी कर रहा था, मेरे कुछ दोस्तों ने कहा आप फेसबुक के सदस्य बन जाएँ, फेसबुक ने बड़े-बड़े व्यापार बढाए हैं, आप भी फायदा उठाइये, नाटक का विज्ञापन करने में मदद मिलेगी, तो मैं भी फेसबुक पर चढ़ गया। फेसबुक पर नाटक की चर्चा हुई, मैं खुश हूँ, नाटक यहाँ हुआ, चर्चा दुनियाभर में। यह हमारी आज की दुनिया का कमाल और हकीकत है। आयोजन हो न हो, धूम दुनिया के कोने-कोने में मचाई जा सकती है। चर्चा के साथ-साथ कुछ और भी हुआ जो मेरी जिंदगी में आज तक नहीं हुआ था। और वह यह था -- कि मेरा सदस्य बनना था-- कि देखता हूँ कि सारी दुनिया मेरी मित्र बनने के लिये उतावली है --- जब-जब ई-मेल खोलूँ- लिखा मिले झ कि फलां शख्स मेरा मित्र बनना चाहता है, ह्यस्वीकारह्ण करें। मैं स्वीकार करूँ तो और ई-मेले आने लगीं। कुछ तो उन महानुभावों की भी जिनके बारे में मेरा यकीन बन चुका है, कि वे मुझे नापसंद करते है, और इस जन्म में तो वह अगले जन्म में भी मुझ से बात नहीं करना चाहेंगे। एक ई-मेल तो मेरे एक दोस्त की पत्नी के नाम से भी आई कि वह मेरी मित्र बनना चाहती है। दुविधा में पड़ गया कि यह मेरे दोस्त के होते हुए मेरे साथ अलग से दोस्ती क्यों गाँठना चाहती हैं। वह क्या बात है कि आमने-सामने न कह कर फेसबुक के जरिये कहना चाहती हैं। मेरी बेटियों की सहलियों की भी ई-मेले आने लगीं। वे भी मेरी मित्र बनना चाहती थीं। सोचने लगा कि अच्छा झखासा मुझे सादर पापा या अंकल बुलाती हैं, यह दोस्त क्यों बनना चाहती हैं। एक बार तो एक ऐसी महिला की ई-मेल आयी जिनसे मेरा दुआ-सलाम भी नहीं था।

बताया गया कि वह किसी की फेसबुक में रही होंगी, अपने फेसबुक मित्रों से परिचय कराते हुए उन्होंने उनका नाम भी अपनी तरफ से मुझे भेज दिया होगा। सोचता हूँ दोस्ती का मतलब वह रहा ही नहीं जो कभी हुआ करता था। किसी को मित्र कहना बहुत बड़ी बात हुआ करती थी। शकील बदायुनी की बात याद हो आयी। ह्यबाद मुद्दत के मिले तो इस तरह देखा मुझे, जिस तरह इक अजनबी पर अजनबी डाले नजर, आपने यह भी न सोचा दोस्ती क्या चीज है। अब तो देख रहा हूँ मेरी तरफ से भी कइयों के आगे दोस्ती का हाथ बढ़ाया जा रहा है। दोस्ती की यह नई किस्म हमारे इस दौर की देन है फेसबुक फ्रेंड। मैं इससे नावाकिफ था..इसलिये ह्यपरिचयह्ण और ह्यमित्रह्णके बीच की इस किस्म को न समझ सका। बहुत से लोग एक-दूसरे से फेसबुक की दोस्ती से ही खुश हैं, मिलने के लिये आने-जाने का झंझट कौन करे, फेसबुक पर ही अपनी अच्छी-अच्छी तस्वीरें दिखाते रहो, हाय-बाय करते रहो। जाने कितने पेशवर सोशल नेटवर्क खुल गये हैं, ब्रिज्ज.कॉम या लिंकेंडेन.कॉम मैं उनका सदस्य तक नहीं हूं, लेकिन उनमें भी मेरे मित्र पैदा हो रहे हैं यह सिलसिला कब और कहां जाकर थमेगा कौन जाने।

आप को भी कुछ ऐसे ही अनुभव हुए होंगे। बहुतों को फेसबुक पसंद है, क्योंकि इससे पता चलता रहता है कि मित्र क्या झ कुछ कर रहे हैं। तभी तो फेसबुक इस्तेमाल करनेवालों की तादाद ५० करोड़ से अधिक हो गई है। मुझे एक नाटक और उसपर बनी फिल्म ३सिक्स डिग्री ऑफ सेपरेशंस३ की याद हो आयी है जिसका कथानक यह है कि आपके मेरे और इस पृथ्वी पर बसे किसी दूसरे व्यक्ति के बीच छह डिग्री का फर्क है ..यानी हर शख्स दूसरे से छह शख्स दूर है।



मैं उससे बात करूँ न करूँ वह मुझसे जुड़ा है। जैसे दिल्ली में शंकर रोड़ के किनारे बैठा पान वाला मुझे जानता है, मैं कैपिटल हिल पर काम करनेवाले अजय त्रिपाठी को जानता हू, अजय त्रिपाठी एक सैनेटर को जानता है, और वह सैनेटर, प्रेज़िडेंट ओबांमा को जानता है, इस तरह दिल्ली में शंकर रोड पर बैठा पानवाला प्रेज़िडेंट ओबामा से जुड़ा है। और अगर वह दोनों फेसबुक पर हों तो एक न एक दिन झ वे चाहें न चाहें --एक दूसरे से जुड़ कर रहेंगे। जिस रफ्तार से इन नेटवर्कों का प्रचलन बढ़ रहा है, यह नई-नई हदें छू रही है। आप को मालूम ही होगा हाल ही में इनटरनेट सोशल नेटवर्क पर एक फिल्म भी रिलीज हुई है, कई देशों ने इन नेटवर्कों पर रोक भी लगा रखी है, देखिये वह इसकी बयार को कब तक रोक पाते हैं। मैं सोच रहा हूँ तब क्या होगा कि एक दिन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की फेसबुक पर सैयद यूसुफ रजा गिलानी आ जाएँ, और कहें कि मैं आपका दोस्त बनना चाहता हूँ, या प्रेजिडेंट ओबामा की ईमेल ओसामा के नाम, या ओसामा की ओबामा के पास पहुँच जाए। कुछ भी हो सकता है..।

इंटरनेट के शरारती लोगों का कोई भरोसा नहीं है। हम तो उस तहजीब से हैं जिसमें तस्वीरें दिल के आइने में छुपा कर रखी जाती थीं, और चोरी झ चोरी जरा गर्दन झुका कर देख ली जाती थीं, किसी को दिखाना तो दूर की बात रही। अगर किसी की तस्वीर किसी के पास मिल जाती थी तो कहानियाँ बन जाती थीं। अब तो तस्वीर तस्वीरों में गुम हो गयी है इतनी तस्वीरें और चेहरे हो गए हैं कि कहने को मन होता है...

अब तो चेहरों की किताब हो गई दुनिया।
कैसा खूबसूरत हिजाब हो गई दुनिया।।

# जब मैंने महादैत्य देखा



**अशोक मधुप**

बचपन से हम राक्षस - दानव और दैत्यों के बारे में सुनते आ रहे हैं।बस सुनते ही आये हैं।देखे किसी ने नहीं। सुनते आ रहे हैं कि वह अपनी क्षुधा शांत करने के लिए आदमियों को मारते खाते हैं। पर यह पता नहीं लगा रोज कितने आदमियों को खाते हैं। कई किस्सों में आया है कि गाँव के पास की पहाड़ी पर एक राक्षस ऐसा था कि वह रोज गांव के एक व्यक्ति की बलि देता था। गांव वाले स्वतः बलि के लिए रोज एक व्यक्ति सौंप देते थे। बह उसे मारता और खा जाता था। हमने किस्से सुने है पर।किसी ने राक्षस ,दानव और दैत्यों को देखा नहीं,पर मैं प्रत्यक्ष द्दष्टा हूँ ।मैंने अपनी आंखों से दैत्य को देखा है। दैत्य और राक्षस ही नहीं देखा ,महाराक्षस को देखा है।महादानव को देखा। मैं भौचक्के से बहुत देर तक उसे एकटक देखता रहा।देखता ही रहा। साथ में खड़ी पत्नी और बेटे ने टोका तो मैं अपने में वापस लौटा। घटना है अमेरिका के ओहायो स्टेट के डेटन स्थित एयर फोर्स के म्यूजियम की। मैं उन प्लेन के सामने खड़ा था, जिन्होंने एक झटके में जापान को तबाह कर दिया था। छह अगस्त 1945 की सुबह हिरोशिमा पर ह्वलिटिल बायह्व नामका परमाणु बम डाला। इसके तीन दिन बाद नागासाकी पर ह्वफैट मैन ह्वनामक बम गिराया गया। एक झटके में जापान तबाह हो गया। इसके बाद जापान ने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया।इन दानव ने एक साथ ,एक ही झटके में लाखों लोगों को एक साथ मार डाला था। जो मरे सो मरे ,इनका प्रभाव है कि हादसे के 78 साल बाद भी वहां इससे फैली विकरण के प्रभावजनित बीमारियों से लोग रोज मर रहे हैं।बच्चे आज भी

**हीरोशिमा परमाणु बम कांड की बरसी छह अगस्त पर**



विकलांग पैदा होते हैं।किसी के हाथ की उंगली नहीं होती,तो किसी के पांव की।मैं सोच रहा था। वातावरण बहुत बोझिल था। बेटे अंशुल ने महसूस किया।पूछा क्या सोच रहे हो। मैंने उससे कहा। राक्षस और दानवों का नाम सुनते ही आया था। आज महाराक्षक- महादानव को देखा रहा हूं।इन्होंने एक ही झटके में लाखों लोगों की जान लेली। जीव झजन्तु कितने मरे, इनकी तो गिनती ही नहीं। माहौल को हल्का करने के लिए उसने कहा- मम्मी-पापा सामने आओ। प्लेन के सामने आओ।आपका फोटो खींचना है।फोटो खींचे।प्लेन के पास दोनों बम के मॉडल रखे थे। यहां इस घटना, विमान और दोनों बम के बारे के विस्तार से जानकारी दी गई थी। प्लेन की साइड में बम गिराने वाले चालक दल के आदमकद कट आउट भी लगे थे।

हम यहाँ से आगे बढ़े।पूरा म्यूजियम घूमे। बहुत कुछ देखा। विश्व के आधुनिक अमेरिकन प्लेन देखे। इसमें बावजूद मन हीरोशिमा - नागासाकी पर बम गिराने वाली घटना में ही अटका रहा।

चलते- चलते मैं सोच रहा था एक घटना के बारे में ।एक कहानी के बारे में । मैंने कहानी पढ़ी। एक युद्ध के मैदान में हजारों शव पड़े हैं। बड़ी तादाद में घायल पड़े तड़प रहे थे। युद्ध के मैदान से एक शेर गुजरता है।वह एक सैनिक से आश्चर्य के साथ पूछता है -तुम इन सबको खा जाओगे। सैनिक बोला। हम आदमखोर नहीं हैं। हम आदमी को खाते नहीं हैं। शेर बोला । खाते नहीं हो तो मारते क्यों हो। लानत है तुम पर ।हम तो पेट भरने के लिए दूसरे प्राणी को मारते हैं। पेट भरा होता है तो हम किसी को कुछ नहीं कहते। भले ही वह हमारे पास घूमता रहे। तुम इंसान बहुत घटिया हो। बेबात इंसान को मारते हो। अपना रौब गांठने के लिए। अपने रूतबे के लिए । सोच रहा था, अपने को सभ्य कहने वाला इंसान कितना निकृष्ट है,बेबात लाखों लोगों के प्राण ले लेता है।

घर वापिस लौटते समय अंशुल ने पूरी घटना बताई।कहा अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल नहीं था । जापान ने उसे उकसाया। सात दिसंबर 1941 में दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान उसने अमेरिका के बड़े नौसैनिक केंद्र पर्ल हार्बर पर हमला किया। अमेरिकी जमीन पर ये पहला हमला था। इस हमले में लगभग 2,400 से अधिक अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। एक हजार से ज्यादा घायल हो गए । पर्ल हार्बर के हमले में लगभग 20 अमेरिकी जहाज नष्ट हो गए थे। इसके साथ ही जमीन पर मौजूद 300 से ज्यादा अमेरिकी विमान भी बर्बाद हुए थे।

सात दिसंबर की सुबह लगभग आठ बजे पर्ल हार्बर के ऊपर जापानी विमानों से आसमान भर गया था। वे आसमान से बम और गोलियां बरसा रहे थे।नीचे अमेरिकी विमान खड़े हुए थे। सुबह आठ बजकर दस मिनट पर एक 1800 पाउंड का बम अमेरिकी जहाज यूएसएस अरिजोन के ऊपर गिरा।जहाज फट पड़ा । अपने अन्दर 1000 के आस-पास लोगों को समेटे हुए डूब गया।। जापान ने 15 मिनट तक पर्ल हार्बर पर बमबारी की थी। इस हमले में 100 से ज्यादा जापानी सैनिक भी मारे गए थे। अमेरिका के दूसरे युद्धपोत यूएसएस अल्काहोमा पर तारपीडो से हमला किया गया था। उस समय जहाज पर 400 लोग सवार थे।जहाज बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ । अमेरिका के लिए ये हमला बेहद चौंकाने वाला था। हमले में अमेरिका को भारी नुकसान हो चुका था। हमले के बाद अमेरिका सीधे तौर पर दूसरे विश्व युद्ध में शामिल हो गया ।कहा जाता है कि इसी का बदला लेने के लिए अमेरिका ने 1945 में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए थे।उसने बताया कि यह दुनिया में किसी भी देश का दूसरे देश पर पहला और अब तक का आखिरी परमाणु हमला था।इस हमले की खास बात यह थी कि यह हमला पर्ल हर्बर पर हमले के पांच साल आठ माह बाद हुआ। अमेरिका के पास परमाणु बम तैयार नही थे। चार साल से ज्यादा समय उसे परमाणु बम तैयार करने मे लगा । परमाणु बम तैयार होने के बाद जापान को झुकाने और अपनी हनक बताने के लिए यह हमला किया गया।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### वृद्धजनों के बीच भोजन एवं पत्रिका का वितरण

**हजारीबाग :** नारायण सेवा संस्था शाखा हजारीबाग के सदस्य इमली कोठी निवासी सच्चिदानंद विश्वकर्मा के पिताजी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में वृद्ध आश्रम हजारीबाग के वृद्ध जनों को 4 अगस्त दिन शुक्रवार को दोपहर का भोजन कराया गया। भोजन में चावल, दाल, सब्जी, खीर, पापड़, सलाद के अलावा आम का रसपान भी कराया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### जेवियर स्कूल में मनाया स्थापना दिवस

**हजारीबाग :** शनिवार को संत जेवियर स्कूल हजारीबाग में फादर जॉन मूर एसजे की स्मृति में विद्यालय स्थापना दिवस बड़े उल्लासपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम जॉन मूर एसजे की प्रतिमा का अनावरण किया गया तदुपरान्त स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में फादर रोसनर खलखो एसजे द्वारा केक कर्तन किया गया। मंच पर भूतपूर्व प्राचार्य फादर पीजे जेम्स , फादर सैलेट्री एवं हाक्सा के सदस्य उपस्थित थे। फादर रोसनर खलखो एस. जे. ने सभा का स्वागत किया। इसके बाद शार्ट फिल्म जॉन मूर टच प्रदर्शित किया गया। उसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गीत आदि की प्रस्तुति दी गई। उसके उपरान्त 1971 बैच के हाक्सा सदस्य सौमित दत्त ने उत्साहवर्धन से परिपूर्ण शब्द कहें तथा हाक्सन (1959) सुजीत सेन ने अपनी विचारों को प्रस्तुत किया और हाक्सा के ही सदस्य श्रीमान् अरिजीत दास गुप्ता (1978) ने अपनी भावनाओं को उद्बोधित किया। फादर रंजीत मरांडी एसजे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा देवव्रत सर के नेतृत्व में स्कूल एंथम के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न हुई

**हजारीबाग :** हजारीबाग बड़ा अखाड़ा मे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों का एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। एवं कमेटी का विस्तार के लिए विचार विमर्श किया गया आगमी 19 अगस्त को हजारीबाग हजारीबाग बड़ा अखाड़ा के प्रांगण से पूछ जम्मू कश्मीर बुढा अमरनाथ चट्टानी यात्रा निकाला जाएगा जिसके लिए गहन विचार विमर्श किया गया एवं लोगों से कार्यकताओं के द्वारा हम जनता को अभी की जाएगी की अधिक से अधिक लोग बुरा अमरनाथ की यात्रा में शामिल हो। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद विभाग मंत्री दीपक शंकर, राष्ट्रीय बजरंग दल विभाग अध्यक्ष गौरव मद्धेशिया, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष पंकज सिन्हा, हजारीबाग राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष सचिन कुमार, जिला उपाध्यक्ष सौरभ चौहान,जिला महामंत्री विवेक कुमार, जिला मंत्री कुमार विनय सील, जिला सह मंत्री आनंद रंजन ,हजारीबाग नगर अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद हिमांशु पांडे, बजरंग दल के नगर अध्यक्ष धनंजय पांडे, साकेत प्रधान इंडिया हेल्पलाइन नगर अध्यक्ष, राष्ट्रीय मजदूर परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रमेश मुंडा, प्रेम कुमार दास, बिगा पासवान, हिंदू हेल्पलाइन के नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश ओझा, सदस्य सोनू वर्मा, अंकित रजक, प्रिंस कुमार पांडे, एवं बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

**प्रदर्शन** कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति ने 13 माइल के पास किया धरना

# त्रिवेणी कंपनी स्थानीय लोगों को नौकरी में रखें बाहरी को भगाए : अम्बा प्रसाद

- कंपनियों के अधिकारियों ने 25 अगस्त तक का लिया समय
- कंपनी हमेशा से स्थानीय लोगों को दबाते आई है



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के द्वारा 13 माइल के पास बाहरी वर्करों को हटाओ स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द रोजगार पर जुड़ने के लिए समिति के संरक्षक स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया। विधायक ने कहा कि 4000 से भी अधिक लोग कंपनियों में काम कर रहे हैं और स्थानीय लोग जिनका जमीन गया विस्थापित और अधिग्रहण क्षेत्र में आते हैं उन्हें कंपनी की ओर से सिर्फ आश्वासन और प्रशासन की जोर पर भगा दिया जाता है। उन्हें नौकरियों से वंचित किया जा रहा है अब ऐसा नहीं चलेगा। कंपनी को स्थानीय लोगों को नौकरी देना ही होगा। कंपनी में अलग-अलग राज्यों से आकर नौकरी कर रहे हैं। कंपनी के दलालों और विलेज मोबिलाइजर को रखकर स्थानीय लोगों को कंपनी से किसी भी तरह से लाभ लेने से वंचित कर रहे हैं। यहां तक कि बिना पूछे किसी का मकान तोड़ दिया जाता है। किसी को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। इसका जिमेवार सीधे-सीधे कंपनियां है। कंपनियों द्वारा अलग-अलग समितियों का गठन करा कर आपस में लड़ावाने का काम कर रही है। कंपनी के तरफ से वार्ता के लिए त्रिवेणी सैनिक के प्रतिनिधि के रूप में एजीएम उत्तम झा सहित अन्य पदाधिकारी आए। उन्होंने कहा कि हमें कुछ समय दिया जाए जिसमें हम अपने तरीके से जांच पड़ताल कर बाहरी लोगों को छटनी कर यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ पाए। उत्तम झा ने कहा कि हमारे रिकॉर्ड में 60 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी दिया गया है। इस पर विधायक ने कहा कि आपकी कागजों की लेखा-जोखा झूठ है। भारी मात्रा में अलग-अलग राज्यों से आए हुए लोगों को नौकरी में रखा है। 25 अगस्त को कंपनी के द्वारा कितने लोगों को नौकरी दिया जाएगा यह मुझे स्पष्ट रूप से बताना होगा। हमारे क्षेत्र के लोग हमेशा जेल जाने और लड़ाई करने का काम किया है। मुझे भी स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के लिए मुझे भी जेल जाना पड़ेगा तो मैं भी जाऊंगी। कंपनी हमेशा से स्थानीय लोगों को दबाते आई है। एनटीपीसी के आला अधिकारी कभी भी रोजगार को लेकर सजग नहीं रही है। त्रिवेणी सैनिक हमेशा से शोषण करते आ रही है। इसलिए कंपनी जल्द से जल्द स्थानीय लोगों को नौकरी देने का काम करें ताकि यहां के लोग खुशहाली से जी पाए। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, समिति के अध्यक्ष फयूम अंसारी, सचिव समीम अंसारी, कोषाध्यक्ष राजेश रजक सहित समिति के लोग सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस ने अफीम तस्कर को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग समय करीब 9 बजे रात्री पुलिस अधिक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चतरा की ओर से मोटरसाईकिल आ रही है। जिसके डिक्की में भारी मात्रा मे अफीम रखा हुआ है जिसे तस्करी करने के उद्देय से चौपारण होते हुए बरही की ओर ले जाया जा रहा है। इस सुचना को पुलिस अधिक्षक के द्वारा गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व मे एक छापामारी दल का गठन किया गया। आदेशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल के द्वारा उक्त सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु महाराजगंज चौक के निकट उक्त मोटरसाईकिल के आने का इंतजार करने लगा। तत्पश्चात कुछ समय बाद उक्त मोटरसाईकिल को आते हुए देखा गया, जिसे पुलिस बल के द्वारा घेराबंदी कर पकड लिया गया। पकड़ाए व्यक्ति के मोटरसाईकिल का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के द्वारा विधिवत तलाशी लिया तो तलाशी के क्रम मे मोटरसाईकिल के डिक्की मे तीन अलग-अलग प्लास्टिक मे रखा मादक पदार्थ अफीम कुल करीब 05 किलो को बरामद किया गया। बरामद अफीम को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही विधिवत जप्त किया गया।

## अपराधियों ने की दिनदहाड़े फायरिंग



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग बड़ाबाजार ओपी क्षेत्र के इमली कोठी में धड़ा धड़ एक के बाद एक 4 राउंड गोली चली। गोली चलाने वाला युवक अज्ञात है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। लेकिन गोली जिस पर चलाया जा रहा था, वह बड़कागांव का निवासी राजेश वर्मा है। राजेश से भी पूछे जाने पर वह हमलावरों को पहचानने से इंकार किया। बड़ा बाजार ओपी प्रभारी घनश्याम कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। साथ ही अंचल इंस्पेक्टर नलिन कुमार मरांडी ने भी मौके पर पहुंच कर मामले का जायजा लिया। प्रत्यक्षदर्शी मेडिकल पॉइंट के संचालक के अनुसार लिटिल एंजेल स्कूल की ओर से सरदार चौक की तरफ भाग रहे एक युवक राजेश वर्मा इमली कोठी चौक शनि मंदिर के सामने स्थित मेडिकल पॉइंट दवाखाना में घुस गया। राजेश वर्मा का पीछा कर रहे एक अज्ञात अपराधी पिस्टल लेकर उसके पीछे मेडिकल पॉइंट में घुस-ा। आरोपी ने वहां धड़ाधड़ दो फायरिंग की जिसके बाद राजेश वहां से निकलकर सरदार चौक की ओर भागने लगा। इसके बाद भाग रहा युवक राजेश बंगाली कॉलोनी के बगल स्थित एक लोहे की दुकान में घुस गया। लोहे दुकान के संचालक ने बताया कि आरोपी लोहे की दुकान में भी घुसकर धड़ाधड़ दो राउंड फायरिंग कर दी। राजेश लोहे दुकान के बने घर के अंदर घुस कर दोनों तरफ से कमरे को लॉक कर वहां छुप गया। दुकान के मालिक और उसके बेटे ने अपराधी को बंदूक लोडिंग करते देख काउंटर के पीछे छुप गए। लेकिन दुकान में काम कर रहा है एक मजदूर मालिक को डरते देख ईटा का टुकड़ा उठाकर अपराधी को दौड़ाने लगा। अपराधी कुछ दूर दौड़ कर भागा और हेलमेट पहने एक युवक के बाइक पर बैठकर फरार हो गया।

## सदर विधायक कार्यालय में नमो कैरम टूनार्मेंट का दिखा रोमांच



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के विधायक सेवा कार्यालय परिसर में नमो कैरम प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों का उत्साह अपने चरम सीमा पर रहा। कैरम टूनार्मेंट का रोमांच देखने दर्शकों का भी तांता लगा रहा। टूनार्मेंट में पुरुष वर्ग के साथ महिला वर्ग ने भी अपनी अहम हिस्सेदारी निभाई। सदर विधायक माननीय मनीष जायसवाल के कार्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में 60 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लेकर कैरम के प्रति अपने आकर्षण को प्रस्तुत किया। महिला वर्ग में अंजली पांडेय ने शिवानी कुमारी को पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में इंद्रजीत कुमार और राजेश भेंगरा सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुके हैं। विजय राम, श्याम सुंदर शर्मा, उत्कर्ष कुमार, कमाल कुरैशी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुके हैं। इस आयोजन में हजारीबाग कैरम एसोसिएशन के संरक्षक भैया मुरारी कुमार सिन्हा, अध्यक्ष जेपी जैन, सचिव रविंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रहलाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. भैया असीम कुमार, विधायक खेल प्रतिनिधि बंटी तिवारी, जयप्रकाश, विशेषांक वर्मा, सतीश यादव, राजेश, जितेंद्र, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी तथा अंपायर की भूमिका में सत्यम कुमार सिंह, रितिक राणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तीन दिवसीय नमो कैरम टूनार्मेंट का रविवार को फाइनल खेला जाएगा।

## एनटीपीसी ने सीएसआर के तहत बाटें घरेलु समान

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइन्स द्वारा सामुदायिक विकास के तहत ढेंगा स्थित आरएनआर कॉलोनी में 25 पुनर्वास परिवारों के बीच फ्रिज, पंखा, गैस चूल्हा एवं चाय सेट का वितरण किया गया। इसके लिए पुनर्वास कॉलोनी के प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में वरीय प्रबंधक कमला राम रजक के संचालन में वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएनआर के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी ने कहा कि एनटीपीसी कोई निजी कंपनी नहीं है। यह भारत सरकार का उपक्रम है। इसलिए भारत सरकार के अधीन जो भी विस्थापितों के लिए लाभ सुनिश्चित किया गया है उसके अतिरिक्त सामुदायिक विकास के तहत एनटीपीसी विस्थापितों को अधिक से अधिक लाभ देने का काम करती है। इसी कार्यक्रम के तहत विस्थापित के बाद पुनर्वास परिवारों यह लाभ दिया जा रहा है। पुनर्वास परिवारों को 1-1 सेट फ्रीज, गैस चूल्हा, चाय सेट एवं 2-2 सेट पंखा का वितरण किया गया। मौके पर महाप्रबंधक इंफ्रा नवीन कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक अजीत कुमार, संजीत कुमार सेनापति, राजकिशोर महतो, वरिष्ठ प्रबंधक संतोष कुमार महतो, कमला राम रजक, अभियंता ऋचा नंदा, चौहन साव, सुरेंद्र कुमार, रामा सिंह, चैता महतो इत्यादि लोग शामिल थे।

**आयोजन** मधुबन में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शूरु

# सांसद विधायकों व पदाधिकारियों को मिला टास्क

राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन के सिद्धांयतन परिसर में प्रदेश भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। जिसके बाद दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम भी गाया गया। जिसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह प्रशिक्षण भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व किया जा रहा है। जिसमे प्रदेश पदाधिकारियों के अलावे भाजपा के सांसद एवं विधायक पहले सत्र के शुरूआती बैठक में उपस्थित हुए। पहला बैठक दिन 11:00 बजे से लेकर 1:00 बजे तक चला जिसमें सभी प्रदेश पदाधिकारियों एवं सांसद, विधायकों और जिलाध्यक्ष को कई अहम दिशा निर्देश दिए गए। पहले सत्र की बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह के साथ कई विधायक भी मौजूद रहें। वहीं दूसरा सत्र 2 बजे से प्रारंभ किया गया जिसमें राज्य के भाजपा समर्पित सभी जिलों के जिला परिषद सदस्य, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों का सम्मेलन प्रारंभ किया गया। जिसमे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने राज्य से आए सभी जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्यों का प्रशिक्षण लिया। जिसमे सभी जिला परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जिप सदस्यों को पार्टी की ओर से कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार आज का सत्र 9:30 बजे रात्रि तक चलेगा।






## न्यूज फटाफट

### सरकारी योजना के तहत लाभुकों को कुकुट वितरण किया गया



**इचाक :** इचाक प्रखंड मुख्यालय में मुख्यमंत्री पशु धन योजना के लाभुकों को कुकुट पालन के तहत लेयर और ब्लयर छः लभुक को चार-चार सौ चुजा वितरण किया गया। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम प्रमुख प्रमुख पार्वती देवी, के द्वारा वितरण किया गया। साथ में 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता, 20 सूत्री सदस्य रामप्रवेश सिंह, डॉ0 नकुल मोदी, अशोक ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास, रोहित कुमार, सरजू महतो मौजूद रहे। लाभुक मसोमात शांति देवी, खुटरा सविता कुमारी, परासी ललिता देवी, अनू कुमारी, करियातपुर संगीता देवी, देवकुली नीरू देवी को दिया गया। वितरण समारोह में आंदोलनकारी नेता मनोहर राम ने कहा विकास पुरुष माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए कार्य सराहनीय योग्य है। मुख्यमंत्री पूरे झारखंड में अच्छा विकास काम कर रहे हैं। इस कार्य के लिए पूरे इचाक प्रखंड कमेटी हेमंत सोरेन को बधाई देते हैं।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की बैठक



**हजारीबाग:** हजारीबाग अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच हजारीबाग इकाई के द्वारा गुरुवार को देर रात्रि अग्रसेन भवन के सभागार में एक आम बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता युवा मंच के अध्यक्ष सी.ए विनीत अग्रवाल ने किया। बैठक प्रारंभ के उपरांत युवा मंच को विस्तार करने को लेकर विभिन्न प्रकार की वातालाप की गई जिसके उपरांत अगस्त माह में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करने को लेकर रूपरेखा तैयार किया गया जिसमें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के दिन डेमोटांड़ स्थित बिरहोर बस्ती के लोगों के बीच सेवा प्रदान की जाएगी। जिसके बाद विभिन्न प्रकार की सेवा कार्य को आयोजित किया जाएगा। बैठक में युवा मंच के सेवा कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।मौके पर अध्यक्ष सी.ए विनीत अग्रवाल ने कहां की सेवा ही लक्ष्य के उद्देश्य युवा मंच करेगा अपना कार्य। इसी के दृष्टिकोण से 15 अगस्त के दिन बिरहोर बस्ती के बच्चों संग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा` वर्तमान समय को देखते हुए युवा मंच उन्हें हर संभव मदद करने के लिए तैयार रहेगा। साथ ही अध्यक्ष ने कहा कि युवा मंच अगस्त माह में कई कार्यक्रम को आयोजित करेगी जो समाज के प्रति एक मिसाल पेश करेगी। मौके पर धीरज जैन, सोनू अग्रवाल, लखन खण्डेलवाल, विनीत मुनका, अनिकेत जैन, बादल गोयल, लखन वैध, सौरव गोयल, मीडिया प्रभारी सचिन खंडेलवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### कार्मेल स्कूल में जोनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**हजारीबाग:** बालिकाओं के प्रसिद्ध विद्यालय कार्मेल स्कूल में सीआयीएससीई जोनल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय बैंड द्वारा मुख्यातिथि आनंद जोजो बिशप हजारीबाग के शानदार स्वागत द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन, प्रार्थना एवं प्रार्थना नृत्य के बाद अतिथि द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की घोषणा की गई। आनंद जोजो ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कराटे अनुशासन की प्राचीन प्रक्रिया है जिसकी शुरूआत 15 वी शताब्दी में हुई थी। यह 1920 के दशक में पूरे जापान में लोकप्रिय हो गया और द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका विस्तार हुआ। कराटे चैंपियनशिप की शुरूआत सिस्टर लीनी एसी मैनेजर कार्मेल स्कूल, सिस्टर सविता मेरी ऐसी प्राचार्य सी आई एस सी बोर्ड, सिस्टर मेरी रानी ऐसी प्राचार्य सी आई एस सी बोर्ड, सिस्टर अलबेला ऐसी, सिस्टर रेनू ऐसी एवं सभी विद्यालयों से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने कुल 31 प्रकार के विभिन्न आयोजनों में भाग लिया। जिसमें 14, 17 एवं 19 वर्ष के तहत 26 से 70 किलोग्राम तक के प्रतिभागियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। पूरे कार्यक्रम में कुल 8 विद्यालयों के लगभग 100 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय प्रांगण में रामगढ़ एवं रांची से आए मुख्य विद्यालय की बालिकाओं ने भाग लिया । कराटे प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में हेजाग असदक एक पर्यवेक्षक, तीन जजों तथा तीन अधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति रही। प्रतिभागियों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर सविता मेरी ऐसी द्वारा रेफरी, पर्यवेक्षक, जजों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन



**हजारीबाग:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हरटोली, हजारीबाग में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय कक्षा नवम से द्वादश कक्षा में पढ़ने वाली बहनों ने गुरु पूजन पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शारदा गुप्ता, प्रांत कार्यवाहीका समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,झारखंड ने कहा परम पवित्र गुरु भगवा ध्वज के प्रति वंदन एवं समर्पण से आप सभी बहनों में राष्ट्रभक्ति का भाव समाहित होगा । मौके पर शारदा गुप्ता ने बच्चों को महर्षि वेदव्यास की जीवनी एवं गुरु की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा विद्यालय में ज्ञान शील चरित्र एवं एकता शिक्षा दी जाती है' राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु संकल्प लेने का आज का दिन है। गुरु पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय व सभी दीदी जी उपस्थित थे।

### स्टूडियो गूंज में स्वर्गीय पार्श्व गायक किशोर कुमार का जन्मदिन धूमधाम से कलाकारों ने मनाया

**हजारीबाग :** हजारीबाग सुरों की महफिल सजाने वाले मखमली आवाज के बेताज बादशाह स्वर साधना के जादूगर स्वर्गीय किशोर कुमार का जन्मदिन स्टूडियो गूंज के डायरेक्टर सुबोध सिन्हा के नेतृत्व में हजारीबाग के कलाकारों ने स्टूडियो गुंज में केक काटकर किशोर कुमार के गाए हुए गानों को गाकर किशोर कुमार को याद किया, हजारीबाग के जाने-माने किशोर कुमार के गायक एवं बिजनेसमैन राजीव रंजन मिश्रा ने अपनी गायकी से तालियां बटोरी, एवं बारी-बारी से बहुत सारे कलाकारों ने अपनी अपनी गायकी से किशोर कुमार को याद किया।

## प्रदेश >> अपडेट

### असामाजिक तत्वों ने गिराया पोस्टर

**पाकुड़ :** पाकुड़ कोर्ट परिसर के बाहर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पोल से बंधे हुए पोस्टर को असामाजिक और शरारती तत्वों के द्वारा नीचे गिरा दिया गया। सूचना पाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्याम यादव एव झामुमो के कार्यकताओं ने मौके पर जाकर पुन: पोस्टर को खंभे बांधकर व्यवस्थित किया ताकि लोगों के अंदर सद्भावना एवं शांति बनी रहे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पाकुड़ पॉलिटेक्निक के छात्रों ने लहराया परचम ,90■ छात्र हुए सफल

**पाकुड़** :पाकुड़ पॉलिटेक्निक के छात्रों ने ईश्वर बड़ी कामयाबी हासिल की है ।सत्र 2020-23 के पाकुड़ पॉलिटेक्निक के छात्रों ने 3 वर्षों के कड़ी लगन से परिश्रम करते हुए शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करते हुए अपने माता-पिता एवं संस्था का नाम रोशन किया है क विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कोरोना काल में भी नामांकित सत्र 2020-23 के छात्रों पर संस्थान द्वारा ऑनलाइन /ऑफलाइन अध्यापन बारीकी से कराया गया जिसके परिणाम स्वरूप पाकुड़ पॉलिटेक्निक के छात्र पिछले चार वर्षो के परीक्षा परिणामो का औसत लगभग 90■ रहा क पिकनिक पाकुड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की इस वर्ष पास हुए कई छात्रों का प्लेसमेंट संस्थान द्वारा कराया जा चूका है, वे प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पाकुड़ पॉलिटेक्निक के निदेशक अभिजीत कुमार एवं शासी निकाय की सदस्या श्रीमती रेणुका यशस्वी ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी और बताया की पाकुड़ पॉलिटेक्निक का पहला लक्ष्य है अपने छात्रों के भविष्य को संवरना को उनको कामयाबी की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना प्रशासनिक पदाधिकारी निखिल चंद्रा में बताया कि पाकुड़ पॉलिटेक्निक में इस सत्र में नामांकन जारी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पांच सूत्री मांगों को लेकर बैठक

**महेशपुर (पाकुड़):** आदिवासी कल्याण छात्रावास परिसर में शनिवार को स्वयंसेवकों का एक बैठक जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपने पांच सूत्री मांगों के समर्थन में विगत आठ जुलाई से चल रहे। पंचायत स्वयंसेवकों का राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर आवश्यक चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पांच सूत्री मांगों जिनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संघ के 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल की वार्ता किए जाने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का समायोजन किए जाने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को स्थाई किए जाने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने तथा पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को सुनिश्चित मानदेय दिए जाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में राज्य द्वारा तिथि तय होने के बाद पाकुड़ जिला के सभी पंचायत स्वयंसेवक रांची में चल रहे धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### झामुमो जिला अध्यक्ष एवं कार्यकताओं ने डीसी से की शिष्टाचार मुलाकात

**पाकुड़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकुड़ के जिला अध्यक्ष श्याम यादव के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ता डी सी पाकुड़ से उपायुक्त कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया । नवनियुक्त डीसी ने धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पाकुड़ जिले में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना जन जन तक पहुचेगा जिले में जो भी समस्याएं हैं उसका निराकरण करने की भी बात कही ।इसके साथ साथ सुझाव देने के लिए भी आमंत्रित किया गया।

## कानून

### छह वर्षों में पॉक्सो एक्ट में मात्र एक आरोपी को हुई सजा

# 49 मुकदमों में होगा स्पीडी ट्रायल: आईजी

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर:** पलामू जिले में नाबालिगों के साथ हो रहे अपराध को लेकर अब पुलिस गंभीर हो गई है। पलामू में 2017 से लेकर अबतक दर्ज हुए पॉक्सो की धाराओं के मुकदमे में मात्र एक अपराधी को ही सजा हो पाई है। 103 मामलों में अनुसंधान लंबित है, जबकि 49 मामलों में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। ऐसे में पुलिस विभाग पॉक्सो के मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करना चाहती है।शुक्रवार को राज्य पुलिस मुख्यालय ने पॉक्सो की धाराओं में दर्ज मामलों में समीक्षा की है। पलामू, गढ़वा और लातेहार के विभिन्न थानों में दर्ज पॉक्सो एक्ट के मुकदमों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद पलामू के 30, लातेहार में 12 जबकि गढ़वा के 7 पॉक्सो के मुकदमे में अनुसंधान को पूरा पाया गया है। सभी मुकदमों में आरोपियों को सजा दिलवाने के लिए योजना तैयार की जा रही है। इस समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि पुलिस पॉक्सो एक्ट के पीड़ितों की गवाही, साक्ष्य को इकट्ठा करने के साथ-साथ गवाहों को कोर्ट में प्रस्तुति के लिए अभियान चलाएगी।

पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि पॉक्सो की धाराओं में दर्ज मामलों को लेकर पुलिस मुख्यालय गंभीर है। पलामू जोन के सभी एसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों को पॉक्सो की धाराओं में दर्ज मामलों में सजा दिलवाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि पॉक्सो की धाराओं में दर्ज एफआईआर गंभीर अपराध की श्रेणी में है। इसके मुकदमों को लेकर हाईकोर्ट के साथ-साथ सरकार भी गंभीर है। पॉक्सो के मामलों में स्पीडी ट्रायल के माध्यम से आरोपियों को सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में रिजल्ट की जरूरत है। इसलिए पॉक्सो की धाराओं में दर्ज मुकदमों की क्लोज मॉनिटरिंग की जा रही है। पलामू जोन में दुष्कर्म और यौन शोषण के कई मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। कई मामलों में आरोपी पीड़ितों के करीबी हैं, जबकि कई मामलों में आरोपी उनके मित्र हैं। पॉक्सो से जुड़ी हुई धाराओं में अब तक पुलिस 90 प्रतिशत आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## पटना हावड़ा वंदे भारत का ट्रायल पूरा



राष्ट्रीय खबर :::::डी-1

**देवघर:** बाबा नगरी देवघर को वंदे भारत की सौगात जल्द मिलने वाली है। शनिवार को पटना से हावड़ा तक वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल किया गया, 10:58 पर वंदे भारत जसीडीह रेलवे स्टेशन पहुंची जहां पर इस ट्रेन को देखने के लिए काफी भीड़ उमड़ी जिसको देखते हुए रेलवे के द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। वंदे भारत पटना से चलकर हावड़ा और फिर उसी दिन हावड़ा से चलकर पटना जाएगी जिसमें जसीडीह रेलवे स्टेशन पर सुबह 10:58 पर पहुंचेगी जबकि रात्रि में 7:00 बज कर 7 मिनट पर पटना के लिए रवाना होगी स्टेशन मास्टर रवि शेखर ने बताया कि इस ट्रेन के आने से यात्रियों में काफी खुशी है और बेसब्री से इस ट्रेन के परिचालन को लेकर लंबे समय से मांग भी कर रहे थे। 15 अगस्त से पहले उसका सामान्य परिचालन शुरू कर दिया जाएगा हालांकि अभी तक तिथि की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन रॉयल से रॉयल से यह साफ हो गया है कि आप वह दिन दूर नहीं है जब बंदे भारत जैसे फर्स्ट क्लास ट्रेन में लोग सफर कर सकेंगे। इधर बंदे भारत को देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़ ने कहा कि सांसद और देश के प्रधानमंत्री का प्रयास रंग लाया है और अब बंदे भारत जैसे रेल की सुविधा बाबा नगरी आने वाले तीर्थ यात्रियों को भी मिलेगी, खुशी है कि अब पटना से बाबा धाम आना-जाना एक ही दिन में सुलभ हो जायेगा।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 18 बोटा सुखवा की लकड़ी जप्त, होगी गिरफ्तारी



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** गुप्त सूचना के आधार पर वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार के निर्देश के आलोक में वन क्षेत्र पदाधिकारी आर बी प्रसाद ने लिट्टीपाड़ा हिरणपुर कुंजबोना शिमलौंग में टीम गठित कर 4 अगस्त की रात्रि में प्रातः 4:00 बजे कुंजबोना सिंगलोंग पथ पर मोहनपुर गांव के पास जंगल के बीचो बीच तस्करों द्वारा तस्करी के इरादे से रखा गया कुल 11 सुखवा का ताजा बोटा जप्त किया गया। सभी लकड़ी को अवैध मानते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41- 42 झारखंड काष्ट तथा अन्य वनोंपज के अभिव्हन का विनिमय की नियमावली 2020 की धारा 18 के उल्लंघन करने के जुर्म में धारा 52 के अंतर्गत जप्ती की कार्रवाई की गई। जप्त 18 पीस ताजा कटा हुआ शखुआ का बोटा सुरक्षा हेतु 5 अगस्त को वन क्षेत्र कार्यालय परिसर हिरणपुर में रखा गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सभी सातिर अपराधियों माफियाओं के विरुद्ध छापेमारी अभियान जारी है ।अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु वन विभाग ने अपनी कमर पूरी तरह से कस ली है। जल्द ही माफिया वन विभाग के शिकंजे में होंगे। लगातार निगरानी की जा रही है। गश्ती दल में विनोद कुमार सिंह वन क्षेत्र पदाधिकारी हिरणपुर बबलू कुमार देहरी, वनपाल हिरणपुर नीलू निकुडिमुस किस्कू, स्टीफन हेंब्रम, गृह रक्षक अनूप पिंटू दीपक संजीव दिनेश तौसीफ एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

## बरसात में पानी खरीदने को मजबूर है लोग : आशीष



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** पलामू ज़िला शुरूआत से ही पेयजल का दंश झेल रहा है। ऊपर से बरसात का नगण्य रहना सुखाड़ का संकेत है। पलामू जिले में व्याप्त भीषण पेयजल संकट और सूखाड़ को लेकर युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने जिले के नये उपायुक्त शशि रंजन से मिलकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें उक्त बातों को लेकर माँग पत्र सौपा। मांग पत्र में पलामू जिले के खास कर मेदिनीनगर क्षेत्र में व्याप्त पेय जल संकट से निपटने के लिए सेकेंड फेज पाईपलाइन योजना चालू करने, विधिवत पानी सप्लाई देने, ज़िले के सभी जल श्रोतो का जीर्णोधर करने तथा नये श्रोतो का निर्माण करने, भूमिगत वाटर हेतु विशाल पौधारोपण, रेसीडेंशियल और कमर्शियल बिल्डिंगों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को जरूरी करने, कंक्रीट के जगह पेवर ब्लॉक की सड़को का निर्माण करने, रोड नालियों व मकानों में पनसोखा और सोखता को अनिवार्य करने, कोयल नदी में बांध, बाराज और बियर बनाने साथ ही साथ पलामू को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने जैसे मांग शामिल है। भारद्वाज ने कहा की बरसात लगभग खत्म होने को है और पिछले कई महीनों की तरह आज भी हम पलामू वासी खासकर मेदिनीनगर वासी पीने के लिए टैंकर से पानी खरीदने को मजबूर है, जो की अती दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारा सौभाग्य है की हमारे पास कोयल, अमानत और औरंगा जैसी नदियाँ है। दो संगम है कोयल - अमानत का और औरंगा -कोयल का इसके बावजूद भी हम बूंद - बूंद पानी को तरस रहे है। ये संपूर्ण सरकारी उदासीनता है। मैंने पहले भी कई बार इस विषय पर पेय जल स्वच्छता मंत्री, उपायुक्त, नगर अयुक्त को पत्राचार के माध्यम से इस पर ध्यान आकर्षित कराया है।

## स्थानीय वीरों के लिए बनेगा समर्पित श्रद्धांजलि स्थल : डीसी

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जिले में 9 से 15 अगस्त तक मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। इसको लेकर प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम जिले में बनाए गए 75 अमृत सरोवरों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने बताया कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में देशभर में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम की शुरूआत भी की गई है। राज्यों में इसकी जिम्मेदारी ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग को दी गई है। 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम में अमृत वाटिकाएं बनाई जानी हैं। अमृत वाटिका में 75 स्वदेशी पौधे रोपे जाएंगे। साथ ही पौधों की देखभाल भी की जायेगी। इसके अलावा अमृत सरोवर के पास स्थानीय वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक समर्पित श्रद्धांजलि स्थल बनाया जाएगा। इसी स्थल पर 15 अगस्त को स्वतंत्रता सैनानियों एवं उनके परिवारों, शहीदों का सम्मान, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में हर एक गांव से माटी का संग्रह किया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत में एकत्रित किया जाएगा। वहीं पंचायत में संग्रहित मिट्टी को प्रखंड स्तर पर लाया जाएगा। जहां मिट्टी को कलश का रूप देकर नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों को सौंपा जाएगा। कलश के साथ चयनित युवा दिल्ली के कर्तव्य पथ पर इस कार्यक्रम के लिए एकत्रित होंगे। उपायुक्त ने जिले वासियों से इस अभियान में शामिल होने की अपील की है।

## समीक्षा > उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक

# आपसी समन्वय बनाकर सभी विभाग विकास कार्यों पर लाए प्रगति, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को जिला विकास समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने की। बैठक में पिछली बैठक में उपायुक्त द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों ने निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी उपायुक्त के समक्ष रखी। कुछ लंबित कार्यों को पूरा करने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा आपूर्ति, समाज कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि आदि विभाग से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा पी.पी.टी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यरत योजनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। साथ ही उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने का निदेश दिया गया तथा आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के आवश्यक निदेश दिए गए। बैठक के दौरान आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। ग्रीन कार्ड व अन्य कार्यों के लिये आपसी समन्वय के साथ त्वरित निष्पादन करने का निदेश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में अबतक की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्त ने प्रखंडवार प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को टीम वर्क के साथ काम कर विद्यालयवार योजना के तहत अहर्ता पूर्ण करने वाले छात्रों की सूची प्राप्त करने एवं उन्हें योजना से जोड़ने का निर्देश दिया।

## न्यूज फटाफट

### एनसीपी नेताओं ने उपायुक्त का किया स्वागत



**हुसैनाबाद :** पलामू के नवपदस्थापित उपायुक्त के पहली बार हुसैनाबाद आने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान के नेतृत्व में नेताओ व कार्यकताओं ने गुलदास्ता देकर उनका स्वागत किया। नेताओं ने मौजूदा अकाल जैसी स्थिति को देखते हुए किसानों व मजदूरों को राहत देने की मांग की। एनसीपी अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान के साथ ,प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, महुअरी पंचायत मुखिया पति विमलेश पासवान, लोटनिया पंचायत के मुखिया लाल सिंह, रतन लाल,राजकुमार ठाकुर,रमेश प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, मौजूद रहे ।

### उपायुक्त का अनुकरण करें पदाधिकारी : विनोद



**मेदिनीनगर :** बहुजन समाज पार्टी के,लोक सभा प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र विनोद कुमार सोनी ने,पलामू जिला उपायुक्त महोदय द्वारा मेदिनीनगर गांधी उद्यान का निरीक्षण,कोयल नदी रिव्यू एवं चौक चौराहों पर नगर निगम द्वारा सुंदरीकरण को पुरी पुरी प्रशंसा किया है। उपायुक्त महोदय के भ्रमण को, मेदिनीनगर निगम के जनता ने,उपायुक्त महोदय को सराहना किया है चर्चा में लोगों ने यहां तक कहा कि उपायुक्त महोदय के अनुसरण करते हुए जिले के संबंधित विभाग के आला दर्जे के ऑफिसर को भी,जैसे फॉरेस्ट, विधुत,टेलीफोन विभाग,नगर निगम आयुक्त,पीएचडी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को भी भ्रमण कर,शहर में उनके विभाग द्वारा जो आम आवाम के जनता को जो दिकते हो रही हैं उसे तुरंत कार्रवाई करते हुए समाधान करने चाहिए जिससे शहर में व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बना रहे किसी के अप्रिय घटना दुर्घटना उनके विभाग के लापरवाही के वजह से नहीं हो,विकास कार्य के निरीक्षण के साथ ही साथ गुणवत्ता का भी जांच करने चाहिए,संबंधित विभाग द्वारा जो कार्य नहीं किया गया है उसे तुरंत धरातल पर उतारने चाहिए तथा समय-समय पर इसी तरह का भ्रमण निरीक्षण संबंधित विभाग के द्वारा भी होने चाहिए तभी व्यवस्था बनी रहेगी।

### पानी बहाने को लेकर मारपीट में छह लोग घायल



**मेदनीनगर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव में सड़क पर पानी बनाने को लेकर हुए विवाद में छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायलों में शहाबुद्दीन अंसारी,जलालुद्दीन अंसारी, सैलून बीवी, अबरार अंसारी, सकीना खातून, सोनू निगम का नाम शामिल है सभी घायलों का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह शहाबुद्दीन अंसारी और उसके भाई जलालुद्दीन अंसारी के बीच सड़क पर पानी बहाने को लेकर गाली गलौज होने लगा। गाली गलौज होते-होते दोनों लोगों के परिवार के बीच लाठी डंडे से मारपीट होने लगा ।जिसमें दोनों और से परिवार के छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी लेस्लीगंज थाना को दी गई ।घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना के पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ की। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया है ।जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है ।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### जहरीला जंतु के काटने से महिला गंभीर



**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम हिसरा बरवाडीह निवासी रवीश कुमार पासवान की पत्नी रानी देवी को शनिवार की दोपहर जहरीला जंतु ने दाहिने पैर में काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।जहरीला जंतु के काटने के बाद से महिला रानी देवी बेहोश हो गई। घंटों बाद जब उसे होश नहीं आया तो परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी रानी देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसे होश नहीं आ रही है। उसके होश नहीं आने पर अस्पताल के चिकित्सक अपने अस्तर से उसका इलाज कर रहा है ।वही परिजनों ने बताया कि रानी देवी अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी इसी बीच लोटनी नामक जंतु उसके पैर में काट लिया इसके वजह से वह गंभीर हो गई। उसके होश में नहीं आने की वजह से परिजन काफी चिंतित है।

### राहुल गांधी की सजा की रोक के आदेश पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने विजय जुलूस निकाला

**महेशपुर (पाकुड़):** मुख्यालय के घनश्यामपुर गांव स्थित प्रखंड कांग्रेस पार्टी कार्यालय से शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष कलीमुद्दीन शेख के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकत्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा मोदी सरनेम केस के मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाए जाने के आदेश पर विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस घनश्यामपुर से प्रारंभ होकर प्रखंड मुख्यालय के शहीद भगत सिंह चौक तक पहुंचा। इस दौरान कार्यकत्ताओं ने पटाखे फोड़ कर तथा एक दुसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलीमुद्दीन शेख, आरनेष्ट हांसदा, महबूब आलम, दाउद मरांडी ने संयुक्त रुप से बताया कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सच की जीत को दशार्ता है। झूठ का सहारा लेकर बदनाम करने वालों की कलई जनता के सामने आ गई है। यह जीत कांग्रेस की नहीं वरन जनता की जीत है। यह हम सभी कांग्रेसी कार्यकत्ताओं के लिए हर्ष का विषय है। विजय जुलूस में प्रखंड उपाध्यक्ष सुधांशु मंडल, सचिव नईम शेख जिला परिषद सदस्य बैद्धनाथ कोड़ा सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### जनप्रतिनिधियों संग बीडीओ की बैठक

कुडू :मेरी माटी मेरा देश अभियान हेतु कुडू प्रखंड सभागार में कुडू के प्रखंड कर्मियो एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार ने की बैठक। इस मौके पर कुडू बीडीओ ने कहा कि अभियान का उद्देश्य 'वीरों की पूजा' है। यह अभियान 9 अगस्त 2023 से 15 अगस्त 2023 तक चलेगा।

## सिटी अपडेट्स >>

### कराटे ग्रेडिंग में आठ खिलाड़ी लेंगे भाग

कुडू :लालू टाना इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी कुडू, जिन्गी के आठ खिलाड़ी बेल्ट ग्रेडिंग में दिखाएंगे अपना दमखम। सभी खिलाड़ी चाहेंगे डबल प्रमोशन बेल्ट इंटरनेशनल मार्शल आर्ट इम्मा प्रेस क्लब रांची के संयुक्त तत्वधान में 6 अगस्त को प्रेस क्लब सभागर में करम टोली चौक रांची में सुबह 7:00 बजे एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया है। जिसमें लोहरदगा जिला के लालू टाना अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट एकेडमी के आठ खिलाड़ियों को दिन शनिवार को नगजुआ रेलवे स्टेशन से रांची के लिए रवाना किया गया। मुख्य रूप से कराटे कोच संसे देवंती कुमारी ने बताया गया है कि खिलाड़ियों का समय-समय पर बेल्ट ग्रेडिंग होने से बचे अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे : कराटे संचालक विनय कुमार ने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन और डबल प्रमोशन की कामना करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य की ओर आगे बढ़े अपना गोल पर फोकस करें और आने वाले एथलेटिक्स जैसे खेलो में अपना परचम लहरायेंगे और देश और झारखंड का नाम रोशन करेंगे इस मौके पाए अदरिया विश्वास, संतोषी कुमारी, रानी कुमारी, अमृता कुमारी, आयुष तिग्गा, रोशनी उरांव, मोहन टाना भगत, सूरज उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स



### विशेश्वर धाम में शिव महापुराण कथा संपन्न

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड कॉलोनी स्थित बाबा विशेश्वर धाम मंदिर में शिव महापुराण कथा के अंतिम दिवस पर बाबा पशुपतिनाथ की पूजा ओर द्वादश ज्योतिर्लिंग के संबंध में पंडित राजेश गुरु ने विस्तार पूर्वक बताया। कथा के अंतिम दिन पंडित राजेश गुरु ने श्रद्धालुओं को देवी स्वधा की तीन कन्याओं में मैना, धनिया ओर कलावती जो पितरों की पुत्री थी जिसे ब्राह्मण कुमार के द्वारा श्राप मिला था मनुष्य योनि को प्राप्त होकर भूमि पर निवास करने का जिनसे मैना की पुत्री पार्वती धनिया की पुत्री सीता ओर कलावती की पुत्री राधारानी हुई। साथ ही बाबा विश्वेश्वर धाम मंदिर में भगवान भोलेनाथ ओर माता पार्वती का विवाह का भी आयोजन किया गया जिसमें भूत प्रेत की झांकी निकाली गई। झांकी में बाबा विश्वेश्वर मंदिर के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग प्रदान किया ओर संध्या में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया।कथा के आयोजन में अजीत लोहानी,पंकज कुमार सिन्हा,स्वरुप सहाय, पुल्लू चौधरी,किशन कुमार,रूपेश कुमार सिन्हा,अंकित कुमार,दीपक कुमार,उमेश कुमार,भोला महतो,रोहित कुमार,मेहुल बक्सी, सुमित कुमार सिन्हा,विवेक कुमार सिन्हा,अभिषेक कुमार सिन्हा,बसंत कुमार सिन्हा,अनमोल स्वर्णकार,सुबोध कुमार,अंशु कुमार सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे। विशेश्वर धाम समिति एवं ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी सहयोग किया।

**कार्यक्रम** भूमि स्वामित्व का कागजात,सत्यापित वंशावली,शपथ पत्र मांगा

# भूमि अधिग्रहण के लिए लगाया गया शिविर : पचांयत सचिवालय



**राष्ट्रीय खबर**

**पेटरवार:**कसमार भारत माला फेज टू वाराणसी से कोलकाता एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए शनिवार को कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकला पचांयत सचिवालय में रैयतों का एक शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया अनीता देवी के प्रतिनिधि बैजनाथ महतो ने की।शिविर में कसमार अंचल के सीआई सह हल्का कर्मचारी जॉर्ज मालतो, एनएचएआई के अधिकारी राजकिशोर ने रैयतों को भूमि अधिग्रहण के नियम एवं रैयतों द्वारा की जाने वाली प्रक्रिया के विषय पर विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि बरईकला रवेन्यु गाँव के क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण किये जाने वाले रैयतों को भू अर्जन कार्यालय बोकारो की ओर से नोटिस पूर्व में ही दिया जा चूका है। उसके अनुसार रैयतों को मुआवजा प्राप्त करने के लिए भूमि स्वामित्व का कागजात,सत्यापित वंशावली,शपथ पत्र,एलपीसी,बैंक पासबुक,पैन कार्ड की छाया प्रति,दो पासपोर्ट साइज फोटो, सहम्मतिपत्र आदि कागजात संलग्न करते हुए भू -अर्जन पदाधिकारी बोकारो के नाम पर आवेदन जमा करना है रैयतों ने अंचल निरीक्षक व एनएचएआई के अधिकारी के समक्ष कई समस्याएँ रखी जिसकी एक -एक कर जानकारी दी गयी। कुछ रैयतों ने दिए गए सुचना पत्र पर एवं भू अधिग्रहण एवज में दिए जाने वाले मुआवजा दर पर आपत्ति जताया और कहा कि जमीन की महत्ता को देखते हुए मुआवजा का दर बढ़ाया जाय।मौके पर पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार महतो,साधु चरण सिन्हा,भुवने श्वर महतो,कन्हाई राम महतो,केदार नाथ महतो,तुलसी दास मुर्मू,सुमन कुमार महतो,धनेश्वर महतो,चंडीचरण प्रसाद,महतो,अनंत,कुमार सिन्हा,विशेश्वर महतो,कमल महतो,एनएचएआई के अन्य अधिकारी सहित दर्जनों रैयत व ग्रामीण उपस्थित थे।

## मजदूरों के बच्चों के लिये खुला सेंटर



**राष्ट्रीय खबर**

**कुडू :** प्रखंड के पंडरा पंचायत में मनरेगा मजदूर विकास संगठन एनजीओ के तरफ से सुगंध कुमार के निर्देश अनुसार कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष सह प्रभारी कमरुल इस्लाम के नेतृत्व में सेंटर का उद्घाटन किया गया। इसमें चौमुखी शिक्षा मिशन के अंतर्गत मनरेगा मजदूरों दिहाड़ी मजदूर के बाल बच्चे के दो घंटा की निशुल्क ट्यूशन दिया जाता है।औद्योगिक महिला विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत महिलाएं को सिलाई कढ़ाई बुनाई सिखाया जाता है,स्वास्थ्य कैंप लगाकर स्वच्छ जांच कराया जाता है,सर्वधर्म कन्या विवाह का भी लाभ दिया जाता है, सामूहिक दुर्घटना बीमा का भी लाभ दिया जाता है। इस मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित जिला प्रभारी सोमेश्वर उराव, प्रखंड सुपरवाइजर सारिका कुमारी ,प्रभारी कमरुल इस्लाम, शिक्षिका हिना परवीन, जेएसएलपीएस के मनीता कुमारी,मीना उरांव,लखिया कुमारी,संध्यादेवी,नूरजहां बेगम,दुर्गावतीदेवी, मलका तरानुम,रिजवाना खातून साथ में बच्चे मौजूद थे।

## वेतन नहीं मिलने से शिक्षको में रोष



**राष्ट्रीय खबर**

**सतगावां:** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई की बैठक मध्य विद्यालय बासोडीह में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद ने की। बैठक में शिक्षकों के विभिन्न समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें प्रत्येक माह के पहली तारीख को वेतन भुगतान होता आ रहा है, लेकिन कुछ माह से नहीं किया जा रहा है। राज्य द्वारा आदेश का उल्लंघन करते हुए होली एंव ईद ऐसे पर्व पर भी समय पर वेतन भुगतान नहीं कराया गया। ई विद्यावाहिनी में लोकेशन अपडेट गड़बड़ी के कारण शिक्षकों की हाजरी बनाने के बावजूद नहीं दिखने के कारण वेतन बाधित किया जा रहा है जिससे शिक्षकों में भारी रोष है। शिक्षकों का शैक्षणिक-प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की सत्यापन के उपरांत भी सेवा संपुष्टि का कार्य नही किया जा रहा है। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सचिव रमेश प्रजापति उपाध्यक्ष मोहम्मद सकिल अहमद सदस्य बैकुंठ प्रसाद, विष्णु प्रसाद, विजय कुमार,जिला प्रतिनिधि मोहम्मद तारिक अनवर,निता कुमारी कुमारी विमला सिन्हा, सुनैना कुमारी मोहम्मद अल्लाउदीन,राजेशकरमाली, श्रवण कुमार,अर्जुन ठाकुर धर्मवीर गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार,ब्रह्मदेव पासवान, अशोक कुमार, विकास कुमार, कुमार,संजीव कुमार,अरविंद कुमार,जयनारायण प्रसाद,विष्णु प्रसाद व प्रदीप कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## महिला होमगार्ड की पुत्री विद्या को नेट जेआरएफ में मिला 161 रैंक



**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा :** कोडरमा व्यवहार न्यायालय में महिला होमगार्ड के रूप में कार्यरत कोडरमा के आदर्श मुहल्ला निवासी बृंदा देवी की पुत्री विद्या कुमारी ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित नेट जेआरएफ की परीक्षा में आल इंडिया रैंक 161 प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। विद्या कुमारी ने काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सी एस आई आर) द्वारा आयोजित नेशनल इलिजिबिलीटी टेस्ट जूनियर रिसर्च फेलोशिप की परीक्षा में 98.28 परसेंन्टाइल अंक प्राप्त कर एवं आल इंडिया रैंक 161 प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ साथ जिले का नाम रौशन किया है। उल्लेखनीय है कि आदर्श मुहल्ला कोडरमा निवासी विद्या कुमारी के पिता नकुल राणा की मृत्यु होने के पश्चात उसकी माता बृंदा देवी ने गरीबी एवं संघर्ष को झेलते हुए बड़ी मुश्किल से एक होमगार्ड की नोकरी प्राप्त कर अपने बच्चो का लालन पालन किया एवं उन्हें पढाया लिखाया। बचपन से मेधावी रही विद्या कुमारी की शिक्षा दीक्षा सरकारी विद्यालयों में ही हुई। विद्या ने आठवीं तक की पढाई आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा, दसवीं तक की पढाई परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, बारहवीं विज्ञान की पढाई छोटानागपुर उच्च विद्यालय बेडोकला हजारीबाग, स्नातक विज्ञान की पढाई सूरज सिंह मेमोरियल रांची एवं स्नातकोत्तर प्राणी विज्ञान की पढाई रांची कॉलेज रांची से पूरी की। फिलहाल विद्या प्राणी विज्ञान से सेल एंड मोलेकुलर जेनेटिक्स विषय पर रिसर्च कर रही है। विद्या अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता बृंदा देवी एवं अपने सभी गुरुजनो को देती है। आगे चल कर विद्या एक सफल वैज्ञानिक के रूप में शोध कर प्रोफेसर बनना चाहती है। विद्या ने ग्रेजुएट एप्टीटयूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) की परीक्षा में भी सफलता हासिल की है। विद्या ने इस गौरवपूर्ण सफलता के बाद कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी एवं कोडरमा की उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलकर आशीर्वाद लिया एवं दोनों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## प्रखंड कार्यालय में लगा जनता दरबार



**राष्ट्रीय खबर**

**चंदवारा:** शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव व अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने लोगों की समस्याएं को सुना। अंचल से जुड़े प्रधानमंत्री आवास योजना, ऑनलाइन रसीद, एलपीसी, जाति प्रमाण पत्र से जुड़े मामले के लिए लोग जनता दरबार मे पहुँचे। अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने बताया कि जनता दरबार में ग्रामीणों की जो भी शिकायत होती है उस पर अंचल द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है। लोगों को समस्या से निजात दिलाया जाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि जनता दरबार में आई समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में प्रखंड से जुड़े प्रधानमंत्री आवास के अलावे विकास योजनाओं से संबंधित शिकायत भी सुनी गई। मौके पर राजस्व उपनिरीक्षक राजकुमार राम, विशेश्वर पंडित, प्रमोद कुमार समेत प्रखंड व अंचलकर्मी मौजूद रहे।

**पहल** हिंडनबर्ग के झटके से उबर कर तेजी से आगे बढ़ रहा अदाणी समूह

# अदाणी ने घर-घर पहुंचने की बनायी योजना

**कौशल किशोर**

**▶▶ बीटूबी से बीटूसी में तेजी से बढ़ा रहा है कदम**



**गोड्डा :** अमेरिकी शॉर्ट-सेलर फर्म हिंडनबर्ग की रिसर्च के बाद अडानी समूह के बाजार पूंजीकरण में लगभग 100 बिलियन डॉलर की गिरावट आई थी। तब से अदाणी समूह के चेयरमैन और गौतम अदाणी समूह को इस संकट से उबारने की कमर कस ली। हालाँकि चुनौतियाँ बरकरार हैं लेकि अदाणी समूह बाधाओं के बावजूद सफल होता दिख रहा है। इन बाधाओं को पार करने में अदाणी समूह का एफएमसीजी सेक्टर और आम लोगों की जिंदगियों से सीधे जुड़ा बिजनेस काफी मददगार साबित हो रहा है। अदाणी समूह को एक बीटुबी कंपनी के तौर पर देखा जाता है। मतलब ऐसी कंपनी जिसका ज्यादातर कारोबार दूसरी कंपनियों के साथ होता है और सीधे आम कस्टमर से उनका सामना कम ही होता है। लेकिन अब अदाणी समूह ने बीटूसी यानी सीधे कस्टमर तक पहुंचने की मुहिम भी तेज कर दी है। अदाणी समूह आगे बढ़ने के लिए उपभोक्ता-केंद्रित व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, चाहे वह हवाई अड्डे, ऊर्जा और गैस वितरण या फिर रियल एस्टेट और एफएमसीजी । कई ऐसे बिजनेस हैं जिसमें अदाणी समूह तेजी से आगे बढ़ रहा है मिसाल के तौर पर ऊर्जा के क्षेत्र में। यहां पर अदाणी समूह न सिर्फ बिजली पैदा करने का काम कर रहा है बल्कि तेजी से डिस्ट्रिब्यूशन के बिजनेस को भी बढ़ा रहा है। अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) -जिसका नाम हाल ही में अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस रखा गया है। इसमें 1.03 बिलियन डॉलर का इक्विटी फंड जुटाने की योजना बनाई है, और अगले कुछ वर्षों में 4,500-5,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। यह 15,000 सर्किट किमी (सीकेएम) से अधिक के ट्रांसमिशन नेटवर्क की योजना है। जिसमें 4,400 सीकेएम निमार्णाधीन है। प्राक्रतिक गैस के बिजनेस में भी अडाणी समहू तेजी से आगे बढ़ने का प्लान बना रहा है। पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के शहरी गैस वितरण व्यवसाय में, अदानी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का ध्यान नए भौगोलिक क्षेत्रों में पाइपलाइन नेटवर्क बनाने पर है। वर्तमान में इसमें 460 सीएनजी स्टेशन, 704,000 पीएनजी घर और 7,435 औद्योगिक और वाणिज्यिक कनेक्शन हैं। एफएमसीजी में, अदानी विल्मर धीरे-धीरे भोजन और एफएमसीजी के पक्ष में खाद्य तेलों (मूल्य में 79 प्रतिशत योगदान) पर अपनी निर्भरता कम कर रही है। वह अपने बिजनेस में गेहूं का आटा, चावल, दालें और चीनी आदि को शामिल कर रहा है।

## न्यूज फटाफट

### डॉ मरसा टोपनो को स्वास्थ्यकर्मियों ने दी विदाई



**कुडू :**सीएचसी कुडू में कार्यरत कुडू अस्पताल की जान मानेजाने वाली चिकित्सक डा. मरसा टोपनो का तबादला लातेहार हो जाने के बाद शुक्रवार को कुडू के स्वास्थ्यकर्मियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। विदाई समारोह में मुख्य रूप से सीएचसी प्रभारी डा सुलामी होरो, डा .अंजुलन आइंद, स्वस्थ्यकर्मी रौशनी, प्रकाश, निरोज शाहदेव आदि शामिल थे। स्वास्थ्यकर्मियों और कुडू के ग्रामीणों ने कहा कि डा. मरसा टोपनो कुडू अस्पताल के लिए एक वरदान थी, मरीजो का इलाज और अपने कार्य के प्रति काफी संवेदनशील होकर पूरी निष्ठा से मरीजो का सेवा देती थी। सभी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### टायर फटने से ट्रक डिवाइडर से टकराया



**कोडरमा:** कोडरमा थाना अंतगर्त चाराडीह झुमरी तालाब के समीप डिवाइडर से ट्रक जेएच02एड़ी 3905 टकरा कर पलट गया। हालांकि हादसे में चालक को मामूली चोटें आई। बताया जाता है कि उक्त ट्रक कोडरमा से झुमरीतिलैया की ओर जा रही थी। घटनास्थल पहुंचते ही ट्रक का टायर ब्लास्ट हो गया। जिससे अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे के दौरान आस पास कोई नही रहने के कारण बड़ा हादसा होते होते बच गया।

### उपायुक्त से की मुलाकात कहा सहयोग देने की बात



**कोडरमा :**झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू के नेतृत्व में कोडरमा कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिले के नवपदस्थापित उपायुक्त मेघा भारद्वाज से उनके कार्यालय पर उपस्थित होकर शिष्टाचार मुलाकात किया। कांग्रेस जनों ने गुलदस्ता एवं फूलों का बुके देकर माननीय उपायुक्त का स्वागत किया जबकि श्री सहाय ने गांधी काव्य पुस्तक भेंट किया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रदेश सचिव सहित जिला 20 सूत्री सदस्य अनवरूल हक कोडरमा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रभात कुमार राम सतगावां प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह मरकच्चो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेश प्रखंड अध्यक्ष केदार राणा डोमचांच प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष अनंत मेहता जयनगर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष मिशवाउद्दीन बालगोविंद पांडेय यासीन अंसारी ने माननीय उपायुक्त से मिलकर यह विश्वास जताया कि झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं महा गठबंधन सरकार जनहित में कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। उसे जिला एवं प्रखंड में समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने हेतु कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी जिला प्रशासन के साथ हमेशा उपलब्ध रहेंगे। माननीय उपयुक्त ने इस आशय हेतु कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद दिया।

### पौधारोपण कार्यक्रम काआयोजन



**कुडू :**अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुडू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा टिको के पोखरा टोली में पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध और अर्चना सिंह के नेतृत्व में शशि सिंह,बिनोद कुमार के साथ चलाया गया।प्रशिक्षुओं को सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया,जिसके पश्चात नारा लगाते हुए गांव पहुंच के ब्लीचिंग पाउडर,चूना का छिड़काव और सफाई की गई ।पौधारोपण ग्रामीण बहनों और भाइयों पुष्पा,लक्ष्मी,रंजन,चंद्रमोहन,हीरामुनी,सलगीकलावती,प्रियांशु,सूरज अनीता,मनिता,पूनम,फूलमति,शांति,संध्या,मुनि आदि के यहां लगभग 30 पौधे अमरूद,नींबू,आम,जामुनआदि के लगाए गए सभी ने पौधारोपण कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया और बहुत प्रसन्नता व्यक्त की।अविराम कॉलेज प्रतिवर्ष पांच हजार के लगभग पौंधे वितरण और लगाने का कार्य करता है जिससे पर्यावरण को हरा भरा रखा जा सके।इस अवसर परप्राचार्य डॉ प्रतिमा ,पवन,मनु,तबस्सुम,प्रियंका,सुमन,दीपिका,चिनिबास,अर्जॉय,ऋतु,शिव आदि उपस्थित रहे।

### मिशन इंद्रधनुष में लगाए जाएगें टीके

कुडू : मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत कुडू में सात अगस्त से सघन टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो ने देते हुए बताया कि अभियान के दौरान टीकाकरण से वंचित रह गए बच्चे और गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। उन्होने बताया कि अभियान अगस्त, सिंतबर एवं अक्टूबर माह में छह-छह दिन चलने वाले इस अभियान का पहला चरण सात से 12 अगस्त तक, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक व तीसरा और अंतिम चरण 16 से 21 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। इस दौरान के गंभीर बीमारियों से बचाव के टिके लगाए जाएंगे। इसके अलावा गुरुवार और शनिवार को पूर्व की भांति टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुल 52 सत्रों में चलने वाले इस टीकाकरण अभियान में प्रखंड में तैयार सूची के अनुसार एक साल के अंदर के 34, एक से दो साल तक के 53, दो से पांच साल के 88 बच्चे और 12 गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का लक्ष्य है।पांच वर्ष तक के सभी बच्चों का टीकाकरण समय से कराने की अपील की है।

## न्यूज फटाफट

### स्विट्ज़रलैंड को हरा पहली बार क्वार्टरफाइनल में पहुंचा स्पेन



**ऑकलैंड :** ऐताना बोनमती के दो गोलों से प्रेरित स्पेन ने शनिवार को फीफा महिला विश्व कप 2023 के सुपर-16 चरण में स्विट्ज़रलैंड को 5-1 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। ईडन पार्क आउटर ओवल पर मिडफील्डर बोनमती (पांचवां, 36वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि एल्बा रेडोंडो (17वां मिनट), लाइया कोडिना (45वां मिनट) और जेनिफर हर्मोसो (70वां मिनट) ने स्पेन की जीत में एक-एक गोल का योगदान दिया। लाइया कोडिना (11वां मिनट) ने एक आत्मघाती गोल दागकर स्विट्ज़रलैंड का खाता भी खोला। इस एकतरफा मुकाबले में बोनमती ने पांचवें मिनट में ही गोल जमाकर स्पेन का खाता खोल दिया। स्विट्ज़रलैंड का कोई खिलाड़ी गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सका, हालांकि 11वें मिनट में स्पेन की डिफेंडर कोडीना का पास गोलकीपर कैटा कोल के पार जाने के कारण स्विट्ज़रलैंड का खाता खुला। इसके बाद हालांकि स्पेन ने डिफेंस में कोई गलती नहीं की। रेडोंडो ने 17वें मिनट में स्पेन को बढ़त दिलाई, जबकि कोडीना ने हाफ टाइम से पहले अपनी गलती सुधारते हुए स्पेन की बढ़त 4-1 कर दी। इससे पहले 36वें मिनट में बोनमती पेनल्टी बॉक्स में स्विट्ज़रलैंड के तीन डिफेंडरों और गोलकीपर को छकाकर अपना दूसरा गोल कर चुकी थीं। स्विट्ज़रलैंड ने दूसरे हाफ में अधिक प्रतिस्पर्धी रवैया दिखाया, हालांकि वह स्कोर में कोई बदलाव नहीं ला सका। स्विट्ज़रलैंड की स्थानापन्न खिलाड़ी मरियम टरकोन गोल करने के करीब भी आयीं लेकिन स्पेन की गोलकीपर कोल को मात नहीं दे सकीं। अंतत:, हर्मोसो ने 70वें मिनट में गोल जमाकर स्पेन की 5-1 की जीत पर मुहर लगायी। स्पेन अब क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड में किसी एक टीम से भिड़ेगी।

### जापान महिला विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में



**वेलिंगटन :** जापान ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के प्री-क्वार्टरफाइनल में शनिवार को नॉर्वे को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में इंग्रिड सिर्स्टान एन्जेन ने 15वें मिनट में गोल जमाकर जापान को बढ़त दिलाई, हालांकि नॉर्वे ने 20वें मिनट में गुरो रेइटेन के गोल से बराबरी कर ली। पहले हाफ में स्कोर बराबर रहा लेकिन दूसरे हाफ में रिसा शिमिजू (50वां मिनट) और हिनाटा मियाज़ावा (81वां मिनट) के गोलों की मदद से जापान ने जीत हासिल कर ली। जापान के लिये 50वें मिनट में बढ़त लेना मुश्किल हो सकता था लेकिन शिमिजू ने नॉर्वे के बॉक्स में एक खराब पास दिशा दिखाकर गोल में तब्दील किया। नॉर्वे ने 2-1 से पिछड़ने के बाद आखिरी 15 मिनटों में वापसी करनी चाही लेकिन इससे उसका डिफेंस कमज़ोर पड़ गया। मियाज़ावा ने इस कमज़ोरी का फायदा उठाया और आओबा फुजीनो की मदद से जापान का तीसरा गोल कर दिया। मियाज़ावा इस गोल के साथ जर्मनी की कप्तान एलेक्जेंड्रा पॉप को पीछे छोड़कर विश्व कप 2023 में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बन गयीं। साल 1995 की विश्व चैंपियन नॉर्वे नौ विश्व कप अभियानों में केवल तीसरी बार क्वार्टरफाइनल से पहले टूर्नामेंट से बाहर हुई है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये जापान को स्वीडन या अमेरिका में से किसी एक का सामना करना होगा।

**एलर्ट** एशिया कप 2023 शुरू होने में अभी कुछ समय शेष है

# एशिया कप 2023 से पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान की रोहित शर्मा को चेतावनी

- नई पाकिस्तानी टीम पिछली टीमों की तुलना में बेहद मजबूत है : वकार
- उनके पास भारत की तुलना में ज्यादा मैच विनर्स खिलाड़ी हैं



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** एशिया कप 2023 शुरू होने में अभी कुछ समय शेष है। लेकिन उससे पहले ही पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वकास यूनुस ने रोहित शर्मा और भारतीय टीम को चेतावनी दे दी है। दरअसल, वकार ने क्रिकेट पाकिस्तान के साथ बात करते हुए कहा कि नई पाकिस्तानी टीम पिछली टीमों की तुलना में बेहद मजबूत है। पाकिस्तान ने 10 विकेट से हराकर वर्ल्ड कप 2021 में भारत के खिलाफ अपनी 12 मैचों की हार का सिलसिला समाप्त कर दिया है। जिसके बाद उन्हें लगता है कि उनके पास भारत की तुलना में ज्यादा मैच विनर्स खिलाड़ी हैं। इस दौरान वकार ने आईसीसी टूनामेंट में भारत के मुकाबले दबाव को बेहतर ढंग से संभालने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों की मौजूदा पीढ़ी की भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि, हमारे समय में दबाव उतनी बड़ी चिंता नहीं थी जितना कि अभी लगता है। आप किसी टीम के खिलाफ जितना कम खेलेंगे, वो भी बड़ी टीम के खिलाफ खासतौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच है तो दवाब तीन गुना बढ़ जाता है।

शायद हमारे समय में ये कम था क्योंकि, हम अपने शुरूआती दिनों में बहुत क्रिकेट खेलते थे। लेकि फिर भी, वर्ल्ड में, हम भारत के खिलाफ हार जाते थे। आजकल के खिलाड़ी दबाव को निश्चित रूप से बेहतर ढंग से संभाल रहे हैं। ये मैच विजेता, जिनका मैंने पहले उल्लेख किया था वो हमें गेम जिताएंगे।

### पाकिस्तान के पास मैच विनर्स

यूनुस ने आगे कहा, पाकिस्तान टीम के पास काफी सारे मैच विनर खिलाड़ी हैं। बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और ओपनर फखर जमां ऐसे हैं जो अपने दम पर टीम को जीत दिला सकते हैं। भारत के पास इन सबका अच्छा रिकॉर्ड है। जहां शाहीन-फखर चमत्कार कर सकते हैं वहीं, इमाम को भी शानदार पारियां खेलते देखा है। बस उन्हें अपना प्रोसेस ठीक रखना होगा और दबाव से बचना होगा।

## खेल जगत अपडेट्स »

### मुख्यमंत्री ने सूर्य प्रताप सिंह बांश्टू को कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई



**शिमला :** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सूर्य प्रताप सिंह बांश्टू को चीन के चेंगदू में आयोजित विश्व विश्वविद्यालयीय खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता की 50 मीटर पुरुष स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उनकी इस जीत से देश गौरवान्वित हुआ है। सूर्य प्रताप सिंह बांश्टू ने चीन से लौटने के उपरांत अपने पिता एवं कोच वीरेंद्र सिंह बांश्टू के साथ आज नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री से भेंट की। सूर्य प्रताप सिंह बांश्टू ने आराधना शूटिंग क्लब रोहड़ू में प्रशिक्षण प्राप्त किया है जो भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से मान्यता प्राप्त शूटिंग क्लब है। इससे पहले वे इसी स्पर्धा में मिस्र के काहिरा में आयोजित विश्व चौंपियनशिप में कांस्य और जर्मनी के सुल्हे में आयोजित जूनियर विश्व कप में भी रजत पदक जीत चुके हैं।

### सानिया मिर्जा और सोएब मलिक' का हुआ तलाक!

**नई दिल्ली :** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा लगातार चर्चा में बनी रहती है। कभी अपने खेल को लेकर तो कभी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर। वैसे तो सानिया मिर्जा अपने टेनिस करियर को अलविदा कह चुकी है। मगर अब को लगातार अपनी पर्सनल लाइफ के कारण फैंस के बीच सुर्खियों में बनी रहती है।इसी बीच एक बार फिर से सानिया मिर्जा और उनके पाकिस्तानी क्रिकेटर पति शोएब मलिक के रिश्ते को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। एक बार फिर से माना जा रहा है कि सानिया मिर्जा और शोएब मलिक का रिश्ता टूट गया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर शोएब मलिक ने कुछ ऐसा अपडेट किया है जिससे दोनों के रिश्ते के खत्म होने की चर्चा फिर से तेज हो गई है और दोनों के बीच तलाक होने को फिर हवा मिल गई है। इस अपडेट के बाद कयास लगाये जा रहे है कि दोनों खिलाड़ी अलग हो गये है।

# विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं अदिति

एजेंसियां

**बर्लिन:** युवा भारतीय तीरंदाज़ अदिति स्वामी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाज़ी चैंपियनशिप की महिला कंपाउंड एकल प्रतियोगिता में शनिवार को क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किये।

पिछले महीने जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाली अदिति फाइनल में मेक्सिको की आंद्रेया बेकेरा को 149-147 से हराकर सीनियर विश्व चैंपियनशिप में एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयीं। इससे पूर्व, 17 वर्षीय अदिति ने सेमीफाइनल में अपनी हमवतन ज्योति को 149-145 से हराया। ज्योति ने हालांकि इस हार से शानदार तरीके से उभरते हुए कांस्य पदक मैच में तुर्कीये की इपेक तोमरुक को 150-146 से मात दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अदिति, ज्योति और परनीत कौर की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण जीता था। दिन के आगामी मुकाबलों में भारत के ओजस प्रवीण देओतले पुरुष एकल कंपाउंड प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में पोलैंड के ज़ेमिस्लाव कोनेकी का सामना करेंगे।


### विश्व चैंपियन महिला कंपाउंड टीम को मोदी ने दी बधाई



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व तीरंदाज़ी चैंपियनशिप में भारत के लिये पहला स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला कंपाउंड टीम को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा, ''भारत के लिये यह गर्व का क्षण है। हमारी असाधारण महिला कंपाउंड टीम ने बर्लिन में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत को उसका पहला स्वर्ण पदक दिलाया है। हमारे चैंपियन्स को बधाई! उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण यह उत्कृष्ट परिणाम आया है। उल्लेखनीय है कि वी. ज्योति सुरेखा, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने शुक्रवार को बर्लिन में कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मेक्सिको पर 235-229 की शानदार जीत दर्ज कर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में देश को उसका पहला स्वर्ण पदक दिलाया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद भारत ने तुर्की, चीनी ताइपे और कोलंबिया को हराकर फाइनल में कदम रखा था। विश्व अंडर-21 और अंडर-18 खिताब जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों ने कभी भी सीनियर स्तर पर विश्व खिताब नहीं जीता था।

वर्ल्ड रोड सेफ्टी 2023 में पहली बार खेलेगी पाकिस्तान

# इंग्लैंड में होगी सीरीज



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** वर्ल्ड रोड सेफ्टी (फ्रहर 2023 ) का तीसरा सीजन सितंबर में खेला जाएगा। वहीं इस लीग का क्रेज भी लोगों में काफी ज्यादा रहता है। फिलहाल, इस सीरीज का मजा दोगुना होने वाला है। बता दें कि, इस सीरीज में इस बार पाकिस्तान भी हिस्सा लेगा और इसका आयोजन इंग्लैंड में किया जाएगा। बता दें कि, इस सीरीज में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वर्ल्ड सेफ्टी सीरीज के पिछले दोनों सीजन भारत में आयोजित हुए थे। ये पहली बार है जब इस सीरीज का आयोजन इंग्लैंड में होगा। ईएसपीएन क्रिकेट की रिपोर्ट के अनुसार इस लीग का आयोजन इंग्लैंड में होगा जिसकी मंजूरी मिल गई है। दिग्गज क्रिकेट सितारों से सजी टीमों के बीच होने वाले इस टूनार्मेंट की तारीखो का ऐलान अभी नहीं हुआ है। पिछली बार इसमें कुल 8 टीमें थी लेकिन इस बार पाकिस्तान के जुड़ने से अब टीमों की संख्या 9 हो जाएगी। वहीं 3 हफ्तों तक इस टूनार्मेंट को खेला जाएगा। वर्ल्ड सेफ्टी सीरीज का पहला सीजन 2020-21 में खेला गया था। कोरोना महामारी के कारण दो हिस्सों में इसका आयोजन किया गया था। जबकि दूसरा सीजन 2022 में हुआ था। भारत और पाकिस्तान सरकारों के बीच राजनीतिक कारणों की वजह से रिश्ते ठीक नहीं है। इसलिए पाकिस्तान टीम पिछले दो सालों में इसमें भाग नहीं ले पाई।

# चंद्रमुखी 2 से कंगना रनौत का लुक रिलीज



एजेंसियां


**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म चंद्रमुखी 2 से उनका लुक रिलीज हो गया है। 'चंद्रमुखी 2' का निर्देशन पी. वासु ने किया है। यह फिल्म रजनीकांत की सुपरहिट फिल्म चंद्रमुखी की सीक्वल है। चंद्रमुखी 2 में राघव लॉरेंस और कंगना रनौत की मुख्य भूमिका है। मेकर्स ने 'चंद्रमुखी 2' से कंगना रनौत का फर्स्ट लुक जारी किया है।

लायका प्रोडक्शन्स की तरफ से कंगना के लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, सुंदरता और मुद्रा जो हमारा ध्यान खींच लेती है! पेश है चंद्रमुखी2 से चंद्रमुखी के रूप में कंगना रनौत का ईर्ष्यापूर्ण, प्रभावशाली और भव्य पहला लुक। पोस्टर में कंगना ,महारानी के अवतार में काफी शानदार लग रही हैं। उन्होंने भारी भरकम ग्रीन कलर का आउटफिट पहना हुआ है और उसके साथ हैवी फिल्म चंद्रमुखी 2, 5 भाषाओं तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। यह फिल्म गणेश चतुर्थी के मौके पर 19 सितंबर को रिलीज होगी।

## नवंबर 2023 में शुरू होगी धनुष की फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग!

एजेंसियां

**मुंबई:** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग नवंबर 2023 से शुरू हो सकती है। जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय, धनुष को लेकर फिल्म तेरे इश्क में बनाने जा रहे हैं। इससे पूर्व आनंद एल राय, धनुष के साथ रांझणा और अतरंगी रे बना चुके हैं।फिल्म तेरे इश्क में में धनुष अपना दर्द बयां करते दिखेंगे। इस बार उनके किरदार का नाम शंकर होगा। चर्चा है कि फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग इसी साल नवंबर 2023 से शुरू हो जाने वाली है। साथ ही फिल्म को एक साथ तीन महीने की लॉन्ग शूटिंग शिड्यूल के साथ पूरा कर लिया जाएगा। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के बैकग्राउंड पर आधारित होगी। फिल्म का स्क्रिप्टिंग वर्क पूरा हो चुका है। फिल्म प्री-प्रोडक्शन स्टेज में ही है। जिसके बाद जल्दी ही फिल्म की कास्टिंग का काम शुरू होना है। फिलहाल फिल्म में धनुष के अपोजिट लीड एक्ट्रेस का भी नाम फाइनल नहीं हुआ है।निर्माता-निर्देशक इस फिल्म को अगले साल 2024 तक रिलीज करने की तैयारी में हैं।



बॉलिवुड में वेतन समानता पर क्या बोली काजोल ?

# वंडर वुमन और शाहरुख खान की पठान को लेकर कही ये बात



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** तनुजा और शोमू मुखर्जी की बेटी काजोल ने 17 साल की उम्र में बेखुदी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। शुरूआती दिक्कतों के बाद काजोल कई ब्लॉकबस्टर फिल्में देकर अपनी पीढ़ी की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। उन कुछ अग्रणी महिलाओं में से एक, जिन्होंने शादी के बाद भी पर्दे पर राज करना जारी रखा। हाल ही में दो बच्चों की मां सामान्य से हटकर त्रिभंगा, लस्ट स्टोरीज 2 और द ट्रायल जैसे शो और फिल्मों में दिखाई दी हैं।बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने कहा कि जब आप भारतीय दर्शकों के लिए वंडर वुमन जैसी हॉलीवुड फिल्म बनाना शुरू करेंगे और यह बॉक्स आफिस पर फिल्म पठान की तरह ही अच्छा प्रदर्शन करेगी, तब शायद भारतीय सिनेमा में भी वेतन की समानता दिखेगी। काजोल, जागरण फिल्म महोत्सव (जेएफएफ) 2023 के पहले दिन भाग लेने के लिए राजधानी में मौजूद थीं। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म उद्योग में वेतन की समानता कब हासिल होगी, तो काजोल ने शुरू में चुटकी लेते हुए कहा, आप किसी ज्योतिषी से पूछो? उन्होंने आगे कहा कि आज दर्शक कहीं अधिक शिक्षित हैं और इसका श्रेय सोशल मीडिया और विभिन्न स्ट्रीमर्स द्वारा उपलब्ध कराई जा रही वैश्विक सामग्री को जाता है।

# नुसरत भरूचा की फिल्म अकेली का ट्रेलर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म अकेली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रणय मेश्राम के निर्देशन में बनी फिल्म ह्यअकेलीह्न इराक के सिविल वॉर में फंसी एक भारतीय लड़की की कहानी पर आधारित है।यह लड़की इराक में 2014 में चल रहे सिविल वॉर में फंस जाती है और वहां से निकलर अपनी जान बचाने की हर संभव कोशिश करती है।

फिल्म में नुसरत के साथ लीड रोल में इजराइली अभिनेता त्साही हलेवी और आमिर बोट्रॉस नजर आयेंगे। ट्रेलर की शुरुआत में इराक में हाथों में बंदूक लिए नकाबपोश लोग दिखते हैं। इसके बाद नुसरत की बैकस्टोरी दिखाई गई है कि कैसे वो इराक पहुंचती हैं। नुसरत पंजाब के एक छोटे से शहर की रहने वाली लड़की है जिसे इराक के मोसुल में जॉब मिलती है। लेकिन, इस बीच आईएसआईएस और इराक के बीच जंग छिड़ जाती है और आईएसआईएससे जुड़े लोग उनके ऑफिस के लोगों को होस्टेज बना लेते हैं। फिल्म अकेली को नितिन वैद्य, निनाद वैद्य और अपर्णा पड़गांवकर ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 18 अगस्त को रिलीज होगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### औरैया में स्कूल बस पलटी, 25 बच्चे चुटहिल

**औरैया** : उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के फफूंद क्षेत्र में शनिवार को एक स्कूली बस के पलटने से उसमें सवार करीब 25 बच्चे चुटहिल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के कस्बा अछल्दा स्थित मार्शल हेराल्ड पब्लिक स्कूल की बस सुबह बच्चों को लेने गांव जा रही थी। बस फफूंद थाने के गांव भैंसोल के पास पहुंची कि अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कश्मीर में भूकंप के हल्के झटके

**नगर** : जम्मू कश्मीर में शनिवार को एक के बाद एक भूकंप के दो हल्के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप से अभी किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप का पहला झटका सुबह आठ बजकर 36 मिनट पर महसूस किया गया जिसका केंद्र पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला में दर्ज किया गया। केंद्र के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग से 184 किलोमीटर दूर पश्चिमोत्तर में 35 46 आक्षांश और 73 32 देशांतर पर सतह से 129 किलोमीटर की गहराई पर था।

### नये शाहपुरा जिले का क्षेत्रफल छोटा रखने को लेकर शाहपुरा बंद

**भीलवाड़ा** : राजस्थान के नवसृजित शाहपुरा जिले का क्षेत्रफल छोटा रखने के विरोध में आज शाहपुरा बंद रखा गया है। शाहपुरा संघर्ष समिति ने बंद का आ''ान किया। समिति के संयोजक जयंत जीनगर के नेतृत्व में कई युवा सुबह से ही बाजारों में घूम कर दुकानों को बंद करवाते दिखे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जम्मू-कश्मीर: कुलगाम में गोलीबारी में सेना के तीन जवान शहीद

**नगर** : जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में चल रहे एक ऑपरेशन में एक विशिष्ट आतंकवाद विरोधी इकाई के तीन सैन्यकर्मी शहीद हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कुलगाम के हलाण वन क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में आतंकवादियों और संयुक्त बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जिसमें तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सेना के नगर स्थित 92 अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सेना ने एक ट्वीट में कहा, कुलगाम में हलाण की ऊंची पहुंच पर आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना पर सुरक्षा बलों ने 4 अगस्त को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान, तीन जवान घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। शहीद जवानों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। सेना ने कहा कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

### कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या


**कोटा** : राजस्थान के कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में एक ओर कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस महीने के पहले चार दिन में शहर में किसी कोचिंग छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत की यह दूसरी घटना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात को किसी समय बिहार के मोतिहारी जिले के रहने वाले कोचिंग छात्र बार भार्गव मिश्रा (17) ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर जब कमरे का दरवाजा खोल कर मकान मालिक अंदर पहुंचे तब पता चला कि छात्र ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है।

---

**बयान** > कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि

# करीबी पूंजीपति के लिए प्रतिद्वंदी पर छापे मरवाती है सरकार : कांग्रेस

- लोग रिकॉर्ड महंगाई तथा बेरोज़गारी के बोझ तले दबे जा रहे हैं
- मोदी सरकार की नीतियों की वजह से क़ीमतें बढ़ रही हैं



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार चहेते उद्योगपति को आगे बढ़ाने के लिए हर कदम उठा रही है और उसे आम आदमी की चिंता नहीं है इसलिए देश में असमानता और महंगाई चरम पर पहुंच गई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि सरकार एक उद्योगपति को पूरी पूंजी सौंपने के लिए अधिग्रहण के हर मामले में हर बार अधिग्रहण करने वाले दूसरी कारोबारियों पर दूर रहने का दबाव डालती है डरा धमका कर उनको बोली से हटने के मज़बूर करती है और अपने क़रीबी मित्रों के हाथों में धन को एकत्रित करने के लिए तमाम तरह के प्रबंध करती है। दूसरी ओर देश में असमानता लगातार बढ़ रही है और लोग रिकॉर्ड महंगाई तथा बेरोज़गारी के बोझ तले दबे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिज़र्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर डॉ. विरल आचार्य के रिसर्च से पता चला है कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से क़ीमतें बढ़ रही हैं और जिनको एकाधिकार दिया जा रहा है वे मनमानी कर उपभोक्ताओं को लूट रहे हैं। श्री रमेश ने कहा कि अडानी ग्रुप बार-बार जांच एजेंसियों द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी कम्पनियों पर पड़ने वाली छापेमारी का लाभ उठा रहे हैं। एयरपोर्ट्स, पोर्ट्स और हाल ही में सीमेंट जैसे क्षेत्रों में बहुमूल्य संपत्तियों को हासिल करने के लिए अडानी के साथ कंपटीशन करने वाली कंपनियों पर सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स के छापे पड़े हैं। इसके बाद ये कंपनियां बोली से खुद को अलग कर लेती हैं और नयी सम्पति का अधिपत्य अडानी के पास चला जाता है। उन्होंने कहा कि ताज़ा मामला अडानी के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट्स द्वारा सांघी इंडस्ट्रीज़ के अधिग्रहण का है। इसको लेकर 28 अप्रैल को भारत की तीसरी सबसे बड़ी सीमेंट उत्पादक श्री सीमेंट द्वारा सांघी इंडस्ट्रीज़ का अधिग्रहण करने के लिए बातचीत की ख़बर आती है और 21 जून को आयकर विभाग श्री सीमेंट के ख़िलाफ़ पांच स्थानों पर छापेमारी शुरू कर देता है। फिर 19 जुलाई को श्री सीमेंट सांघी इंडस्ट्रीज़ के अधिग्रहण की दौड़ से बाहर हो जाती है। तीन अगस्त को अडानी के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट्स घोषणा करती है कि उसने सांघी इंडस्ट्री का अधिग्रहण कर लिया है। गुजरात के सांघीपुरम में सांघी की यूनिट भारत का सबसे बड़ा सिंगल लोकेशन सीमेंट और क्लिकर प्लांट है। अपने क़रीबी मित्रों के लिए इन संपत्तियों की अहमियत को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इनपर अडानी ग्रुप का नियंत्रण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## जयपुर में भाजयुमो ने मुख्यमंत्री निवास के घेराव का किया प्रयास

**एजेंसियां**

**जयपुर** : राजस्थान की राजधानी जयपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था एवं महिला अत्याचार को लेकर अचानक मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने इन्हें खदेड़ दिया। नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने शनिवार को अपना पदभार संभालते ही अपने कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री निवास का घेराव के लिए निकल पड़े।

लेकिन पुलिस ने इन्हें सिविल लाइंस फाटक पर रोक लिया और बिना अनुमति के प्रदर्शन के लिए निकले इन भाजयुमों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने खदेड़ दिया, इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं के चोंटे भी आई। पुलिस ने चेची सहित कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

मोर्चा सूत्रों ने बताया कि इस दौरान चेची एवं सुमित अग्रवाल, राजकुमार, भीमराज मीना, सुरेन्द्र सिह सहित कई कार्यकर्ता घायल हो गए। इस दौरान मीडिया ने जब चेची से बिना अनुमति के ही प्रदर्शन करने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं महिला पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ वे आवाज उठा रहे थे। उल्लेखनीय है कि चेची ने शनिवार को ही पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी के मौजूदगी में अपना पदभार संभाला।

## कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारुढ़ सीपीपी की 120 सीटों पर की जीत हासिल



**एजेंसियां**

**नोम पेन्ह:** कंबोडिया में प्रधानमंत्री सैमडेक टेको हुन सेन के नेतृत्व वाली सत्तारुढ़ कंबोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) ने हाल के आम चुनाव में 125 संसदीय सीटों में से 120 पर जीत हासिल की है। राष्ट्रीय चुनाव समिति (एनईसी) ने शनिवार को आधिकारिक नतीजों जारी करते हुये यह जानकारी दी। कंबोडिया के सरकारी राष्ट्रीय टेलीविजन पर घोषित परिणामों के अनुसार प्रिंस नोरोडोम चक्रवुथ की फनसिनपेक पार्टी ने शेष पांच सीटें हासिल कीं। एनईसी के सदस्य और प्रवक्ता डिम सोवन्नारोम ने कहा, हां, आधिकारिक नतीजों से संकेत मिलता है कि सीपीपी ने 23 जुलाई के आम चुनाव में 120 संसदीय सीटें जीतीं और फनसिनपेक पार्टी ने पांच सीटें अर्जित कीं। सातवें आम चुनाव में अट्ठारह राजनीतिक दलों ने चुनाव लड़ा। एनईसी ने कहा कि सीपीपी को कुल वैध वोटों में से लगभग 6 करोड़ 40लाख वोट या 82.3 प्रतिशत वोट मिले और फनसिनपेक पार्टी को 716,490 वोट या 9.2 प्रतिशत वोट मिले। अड़तीस वर्षों से अधिक समय तक कंबोडिया के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य करने वाले हुन सेन ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वह पद छोड़ देंगे और अपने बड़े बेटे हुन मानेट को पद सौंप देंगे। हालाँकि, 70 वर्षीय नेता ने कहा कि वह सीपीपी के अध्यक्ष बने रहेंगे और अगले वर्ष 25 फरवरी को सीनेट चुनाव के बाद सीनेट के अध्यक्ष का पद भी संभालेंगे हुन सेन ने कहा कि नवनिर्वाचित नेशनल असेंबली 21 अगस्त को अपना पहला सत्र बुलाएगी और हुन मानेट के नेतृत्व में पांच साल की नई सरकार 22 अगस्त को शपथ लेगी।

## अनुच्छेद 370 निरस्त होने की चौथी वर्षगांठ पर महबूबा समेत अन्य नेता नजरबंद



**एजेंसियां**

**श्रीनगर** : पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष एवं महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि उन्हें और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को अनुच्छेद 370 निरस्त होने की चौथी वर्षगांठ पर नजरबंद कर दिया गया है। सुश्री मुफ्ती ने ट्वीट किया, ''शनिवार को मुझे अन्य वरिष्ठ पीडीपी नेताओं के साथ घर में नजरबंद कर दिया गया है। यह आधी रात की कार्रवाई के बाद हुआ है, जब मेरी पार्टी के कई सदस्यों को पुलिस स्टेशनों में अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था। स्थिति सामान्य होने के बारे में उच्चतम न्यायालय में भारत सरकार के झूठे दावे उनके इस रुख से उजागर हो गये हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ कश्मीरियों से धारा 370 के अवैध निरस्तीकरण का ह्यजश्नह्ण मनाने का आन करने वाले विशाल होर्डिंग्स पूरे श्रीनगर में लगाए गए हैं, वहीं लोगों की वास्तविक भावना को दबाने के लिए क्रूर बल का इस्तेमाल किया जा रहा है। आशा है कि शीर्ष न्यायालय इन घटनाओं पर संज्ञान लेगा, ऐसे समय में जब अनुच्छेद 370 पर सुनवाई हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार देर रात एक वीडियो भी साझा किया जिसमें पीडीपी नेता आरिफ लैगरू को जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है। पीडीपी ने कल एक बयान में कहा था कि श्रीनगर प्रशासन ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने की चौथी वर्षगांठ पर पार्टी को एक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

## मणिपुर में हमलावरों ने तीन लोगों की हत्या की , कर्फ्यू जारी



**एजेंसियां**

**इंफाल:** मणिपुर में विष्णुपुर जिले क्वाक्टा के पास उखा तम्पक गांव में शनिवार को हमलावरों ने चाकू और गोलियों से तीन लोगों की उनके घर पर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। मृतक व्यक्तियों के शरीर पर चाकुओं और गोली लगने के निशान थे। ग्रामीणों ने बताया कि इस इलाके में घुसे कुकी हमलावरों ने तीन लोगों की हत्या कर दी। इनमें से दो मृतक पिता-पुत्र थे। इस घटना को लेकर आसपास के लोग विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि कुकी उपद्रवियों ने ड्रोन का इस्तेमाल किया और भारी हथियारों, मोर्टार और लंबी दूरी के हथियारों से लोगों पर हमला किया। इस बीच प्रशासन ने इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में सुबह 10.30 बजे कर्फ्यू लगा दिया गया।

---

**इतिहास** > बुंदेलखण्ड के क्रांतिकारियों की गौरव गाथा का स्मरण उतना ही आवश्यक है जितना कुछ और

# आजादी के दीवानो ने यहां की जमीन को गोरों के लहू से सींचा था हरिकिशन पोद्दार से

▶▶ यह देश प्रेमियों की रियासत कहलाती थी

**राष्ट्रीय खबर**



**महोबा** : शौर्य व पराक्रम के लिए दुनिया में विख्यात बुंदेलखंड का स्वाधीनता संग्राम में हिस्सेदारी का एक गौरवशाली अध्याय है। आजादी की लड़ाई में महोबा जिले के मुट्ठी भर क्रान्तिकारियो ने अभूतपूर्व शूर वीरता दिखाते हुये अंग्रेज सेना के करीब 300 जवानों का कत्लेआम कर उनके लहू से यहां की मिट्टी को सींचा था जिसके चश्मदीद गवाह जैतपुर कस्बे का 'गोरा तालाब' भी है। बुंदेली क्रांतिवीरों के इस रौद्र रूप को देख तब गोरी हुकूमत की न सिर्फ चूलें हिल गई थीं बल्कि यहां विंध्य क्षेत्र में अपना आधिपत्य जमाने के मंसूबे पालने वाले अंग्रेज हुक्मरानों को एकबारगी उल्टे पांव भागकर अपनी जान बचानी पड़ी थी। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर देश मे मनाए जा रहे अमृत महोत्सव में बुंदेलखण्ड के क्रांतिकारियों की गौरव गाथा का स्मरण उतना ही आवश्यक है जितना कुछ और। आजादी के आंदोलन की सन 1857 में फूटी चिंगारी ने मध्य भारत के इस इलाके में ही ज्वाला का रूप धारण किया था। बुंदेलखंड केशरीए महान प्रतापी नरेश महाराजा छत्रसाल के वीर यशस्वी पुत्र जगतराज की अगुआई में यहां मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए जो संघर्ष किया गया वह अप्रतिम तो था साथ ही गौरव गाथा के रूप मे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणाप्रद बन गया। जैतपुर के संदर्भ में झांसी के बरुआसागर निवासी इतिहासकार स्वर्गीय राम सेवक रिछारिया ने अपने शोध ग्रंथ में स्पष्ट उल्लेख किया है कि मध्य भारत का यह जंगली इलाका आजादी के दीवानों सर्वाधिक सुरक्षित ठिकाना था। यह देश प्रेमियों की रियासत कहलाती थी। क्रांतिकारियों के समूह यहां आसपास के विभिन्न स्थानों में शरण लिया करते थे और अपनी कार्य योजना को तय करने के लिए वह धौंसा मन्दिर में अक्सर बैठकें किया करते थे। इस बात की भनक लगने पर गोरी सरकार तिलमिला उठी थी। तब उसने विद्रोहियों के दमन के लिए सेना की एक बड़ी टुकड़ी को जैतपुर भेजा था। शोध के मुताबिक क्रांतिकारियों को किसी प्रकार इसकी सूचना मिल गई थी जिसके बाद उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से धौंसा मन्दिर के निकट ही एक स्थान पर अंग्रेजो की उक्त सैन्य टुकड़ी को चारो ओर से घेर कर मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना में कोई तीन सौ अंग्रेज मारे गए थे जिनके खून से उक्त स्थल लबालब हो गया था। यही स्थान कालांतर में गोरा तालाब कहलाने लगा। क्षेत्रीय प्रमुख समाजिक कार्यकर्ता महेंद्र राजपूत बताते है कि जैतपुर से बिहार जाने वाली सड़क में बेलाताल रेलवे स्टेशन के निकट स्थित षोरा तालाबष का क्षेत्रफल लगभग तीन एकड़ का है। इसके घाट में लगे पत्थरों में उकेरे गए कतिपय चिन्ह इसके महत्व का एहसास कराते है लेकिन आजादी की जंग से जुड़ी स्मृतियों का मोके पर कोई प्रामाणिक अवशेष न होने के कारण यह गुमनामी का दंश झेल रहा है। वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवक्ता डा एलसी अनुरागी कहते है कि बुन्देलखण्ड के कण कण का वीरोचित इतिहास है। आजादी के अमृत महोत्सव काल मे जैतपुर के गोरा तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाता तो यह स्वाधीनता के रण बांकुरों को सच्ची श्रद्धांजलि होती।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिका में सड़क दुर्घटना में 11 किशोर घायल

**न्यूयॉर्क** : अमेरिका के उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदाहो में शुक्रवार को कैम्प करने के लिए किशोरों को ले जा रही स्कूल बस एक घुमावदार राजमार्ग पर पलट गई, जिससे 11 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इडाहो राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा,11 घायलों में से सात को गंभीर और चार को गैर-गंभीर माना गया और बस में सवार सभी बच्चों को हवाई या जमीनी एम्बुलेंस द्वारा अत्यधिक सावधानी के साथ स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया गया। बयान में बताया गया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। बस ग्रीष्मकालीन शिविर कार्यक्रम की चार बसों में से एक थी और जिसमें 13-18 वर्ष की आयु के लगभग 30 छात्र सवार थे।

### इक्वाडोर में बस पलटने से पांच लोगों की मौत

**क्विटो** : पूर्वी इक्वाडोर के पिंचिचा प्रांत में एक अंतरप्रांतीय बस के पलट जाने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। आपातकालीन राहत संस्था ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना शुक्रवार सुबह पिफो-पापलाक्टा राजमार्ग पर हुई। बस सड़क से उतर गई और पलट गई, जिसके परिणामस्वरूप पांच लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। घायलों में दो नाबालिग हैं। बयान में कहा गया है कि सूचना मिलने के बाद, क्विटो अग्निशमन विभाग और राष्ट्रीय पुलिस की विशेष इकाइयों को मौके पर भेजा गया। घायलों को आवशयक चिकित्सा देखभाल के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया।

### ऑस्ट्रेलिया में गोलीबारी, एक व्यक्ति की मौत

**सिडनी** : ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया की राजधानी मेलबर्न शहर साउथ यारा में गोलीबारी होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। विक्टोरिया पुलिस ने अपने एक बयान में बताया कि स्थानीयसमयानुसार शुक्रवार रात करीब 11:40 बजे सड़क पर चल रहे एक व्यक्ति पर कई गोलियां चलाई गईं। पीड़ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि इस प्रारंभिक चरण में यह घटना लक्षित प्रतीत होती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

### पश्चिमी तट में इजरायली निवासियों, सैनिकों के साथ संघर्ष में मारे गये 2 फिलिस्तीनी

**रामल्लाह** : वेस्ट बैंक में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में इजरायलियों के साथ झड़प के दौरान दो फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कुसई मातन(19) की नब्लस के उत्तर-पश्चिम में बुर्का गांव में झड़प के दौरान इजरायली निवासियों द्वारा गोली मारने से मौत हो गई। जबकि दो अन्य फिलिस्तीनी मामूली रूप से घायल हो गए। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि बुर्का में दर्जनों फ़िलिस्तीनियों और इज़रायली निवासियों के बीच झड़पें हुईं। मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी वेस्ट बैंक में तुलकेरेम के पास नूर शम्स शरणार्थी शिविर में झड़प के दौरान, 18 वर्षीय महमूद अबू सान की सिर में इजरायली सैनिकों द्वारा गोली मारने से मौत हो गई। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा वांछित फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार करने के लिए इजरायली सेना बल द्वारा क्षेत्र पर हमला करने के बाद शरणार्थी शिविर में झड़पें शुरू हो गईं। इस बीच इज़रायली सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने उन फ़िलिस्तीनियों पर गोली चलाई जिन्होंने उन पर पत्थर और विस्फोटक फेंके। फिलिस्तीनी राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रावी फत्तौह ने एक प्रेस बयान में कहा कि उन्होंने कब्जे वाले सैनिकों द्वारा अबू सान की हत्या की निंदा की और फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता के लिए इजरायली सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

### इजरायली सेना के साथ संघर्ष में एक युवक की मौत

**गाजा** : फिलीस्तीन के शहर वेस्ट बैंक में इजरायल की सेना के साथ सशस्त्र संघर्ष के दौरान एक फिलीस्तीनी युवक (19) के गर्दन में गोली लगने से मौत हो गई। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से डब्ल्यूएएफए समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान कोसाई जम्माल मितान के रूप में हुयी, जो रामल्लाह शहर के दक्षिण-पूर्व में बुर्का गांव का निवासी था। इससे पहले, स्थानीय मीडिया ने वेस्ट बैंक के तुल्कर्म शहर में इजरायली हमले में एक और एक किशोर (18) की मौत की जानकारी दी थी।

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तीन साल की सजा

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान में एक बड़े घटनाक्रम में इस्लामाबाद की एक अदालत ने शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशखाना मामले में दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र अदालत के न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने पूर्व प्रधानमंत्री को संबंधित भ्रष्ट आचरण के लिए दोषी ठहराया और मामले को अस्वीकार्य करने की मांग को लेकर उनकी याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश दिलावर ने अपने फैसले में कहा कि पीटीआई अध्यक्ष के खिलाफ संपत्ति की गलत घोषणा के आरोप साबित हुए हैं।

### आज का इतिहास

- ▶▶ 1821 : ब्रुसेल्स में 'कौरियर ऑफ पेज बास' अखबार का प्रथम संस्करण प्रकाशित।
- ▶▶ 1825 : बोलीविया ने पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
- ▶▶ 1862 : मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना की गई।
- ▶▶ 1906 : प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने मिलकर ''वंदेमातरम'' समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया।
- ▶▶ 1914 : ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- ▶▶ 1945 : अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराए।
- ▶▶ 1960 : क्यूबा ने देश के सभी प्रॉपर्टी का राष्ट्रीयकरण किया।
- ▶▶ 1962 : जमैका में यूनाइटेड किंगडम का सम्राज्य समाप्त हुआ और उसे स्वतंत्रता मिली।
- ▶▶ 1964 : अमेरिका के नेवादा में विश्व के सबसे प्राचीन वृक्ष प्रोमेथस को काटा गया।
- ▶▶ 1996 : नासा ने मंगल पर जीवन होने की संभावना जताई।
- ▶▶ 2001 : भारत व ऑस्ट्रेलिया में आर्थिक समझौता।
- ▶▶ 2002 : भारत और पाकिस्तान में तनाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान से अपने नागरिकों को वापस बुलाया।
- ▶▶ 2004 : वर्ष 2000 में फिजी के प्रधानमंत्री महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ तख्तापलट के मामले में उपराष्ट्रपति जोपे सेनीलोली को 4 वर्ष की जेल।
- ▶▶ 2005 : दोनों देश सीमा पर साझा गस्त तेज करने पर सहमत।
- ▶▶ 2007 : मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मन्दिर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।
- ▶▶ 2007 : हंगरी के वैज्ञानिकों ने लगभग 80 लाख साल पुराने देवदार के वृक्ष का जीवाश्म प्राप्त करने का दावा किया।
- ▶▶ 2008 : सरकारी कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को अन्ध्र प्रदेश के कृष्णा पट्टनम में 880 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल बॉयलर लगाने का आर्डर मिला जो इस श्रेणी का पहला आर्डर है।
- ▶▶ 2010 : जम्मू-कश्मीर में अचानक आई बाढ़ से कम से कम 255 लोग मारे गए।
- ▶▶ 2011 : थाईलैंड में प्यूइआ थाई दल की यिंगलुक शिनवात्रा शुविार देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- ▶▶ 2011 : अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 31 अमेरिकी और सात अफगानी सैनिकों की मौत हो गई।
- ▶▶ 2012 : नासा का क्यूरिओसिटी रोवर मंगल ग्रह पर पहुंचा।
- ▶▶ 1914 : ऑस्ट्रिया द्वारा रूस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
- ▶▶ 1945 : जापानी नगर हिरोशिमा पर अमेरिका ने पहला परमाणु बम गिराया।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नजर
प्रथम पृष्ठ 2
रांची रविवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
6-08-2023

## सीआईडी ने गाइडलाइन जारी की

रांचीः अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने आम लोगों को क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड से बचने के लिए गाइडलाइन जारी की है। जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि इन दिनों साइबर अपराधियों द्वारा क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित फ्रॉड किये जाने की सूचना प्राप्त हो रही है। इस अपराध को करने के लिए साइबर अपराधी आम लोगों से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क में आते हैं।

**बैठक** समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में बैठक आयोजित

# रांची में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक, दिए कई निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक यातायात सह ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, रांची एच।बी। जमां, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), अपर समाहर्त्ता रांची, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची सहित अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचलान को लेकर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को आगन्तुकों के लिए मैदान के दायीं और बायीं ओर वाटरप्रूफ पण्डाल/गैलरी/कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेटिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, आयोजन स्थल के मुख्य मंच एवं आमंत्रित अतिथिगणों के बैठने की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची को विद्युत व्यवस्था एवं साउण्ड प्रूफ जेनरेटर की व्यवस्था को लेकर अंतिम रुप से तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम स्थल में पेयजल आपूर्ति, वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था, परेड पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए मोरहाबादी मैदान में अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग वितरण प्रमण्डल गोंदा को उपायुक्त ने दिया। मोरहाबादी की ओर जानेवाली सड़कों की मरम्मती एवं साफ सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त द्वारा पूरी तैयारी करने का निदेश दिया गया। मोहरहाबादी में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी से संबंधित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ससमय तैयारी पूरी करने के निदेश दिये। साथ ही बैठक के दौरान विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव -2023? के आयोजन को लेकर भी उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# 14 जिलों के 338 अपराधियों का गुंडा पंजी में दर्ज होगा नाम

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** एटीएस, ने सीआईडी के सहयोग से राज्य में विभिन्न कुख्यात आपराधिक गिरोहों का विस्तृत डाटाबेस तैयार किया है। संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों एवं इनके समर्थकों को भी चिन्हित किया गया है।एटीएस ने जेल में बंद अमन साहू, अमन सिंह, अमन श्रीवास्तव, धनबाद जिले के कुख्यात फरार प्रिंस खान, राँची जिले के मृतक कालू लामा गिरोह, जेल में बंद लवकुश शर्मा गिरोह, रामगढ़ जिले के पाण्डेय गिरोह जेल में बंद विकास तिवारी गिरोह, जमशेदपुर के अखिलेश सिंह गिरोह पलामू के डब्लू सिंह गिरोह को चिन्हित किया है।शनिवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में आईजी अभियान एवी होमकर, रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ओर एटीएस एसपी सुरेंद्र झा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। जिलावार गुण्डा पंजी में अंकित करने के लिए जिलों को प्रस्ताव भेजा गया है। इनमे रामगढ़ के 91, धनबाद के 69, पलामू के 48, रांची 38, जमशेदपुर के 28, लातेहार 25, हजारीबाग 24, चतरा के 5, गढ़वा के 3, बोकारो के 3, चाईबासा के 1, सरायकेला-खरसावा के 1, गिरिडीह के 1 ओर गुमला के 1 अपराधी का गुंडा पंजी नाम दर्ज करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। अपराध नियंत्रण के लिये संगठित आपराधिक गिरोहों पर एटीएस धनबाद, रामगढ़ एवं अन्य जिलों कार्रवाई में जुटी है।एटीएस की टीम अपराध नियंत्रण के लिए संगठित आपराधिक गिरोह पर हाल के दिनों में कार्रवाई करते हुए 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। एटीएस की अलग-अलग टीमें धनबाद, रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रांची एवं बोकारो में 230 अभियान चलाया। इस अभियान में 130 लोगों का सत्यापन किया गया। 95 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ किया गया। 82 लोगो को बांड डाउन कर छोड़ दिया गया। इस अभियान के दौरान 25 जुलाई को पलामू और धनबाद पुलिस के सहयोग से एटीएस की टीम गैंगस्टर 3 खान क्योंकि शूटर अफजल अंसारी को गिरफ्तार किया। 30 जुलाई को चाईबासा पुलिस के सहयोग से एटीएस की टीम अमन साहू गिरोह के सदस्य दिगंबर प्रजापति उर्फ डेंगू को गिरफ्तार किया।

# डीसी-एसएसपी ने भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में चल रही तैयारियों का लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर 9 अगस्त को जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान संग्रहालय में होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा शनिवार को डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने लिया। अधिकारियों ने सेमिनार, पेंटिंग, एग्जिबिशन, लेजर शो, मुख्य कार्यक्रम स्थल आदि में चल रही तैयारियों का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान वीवीआईपी और आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसे लेकर उपायुक्त ने इवेंट मैनेजमेंट टीम और संबंधित अधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।कार्यक्रम स्थल में वीआईपी पार्किंग और आसपास ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रहे इसको लेकर डीसी-एसएसपी ने डीटीओ व ट्रैफिक एसपी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सिटी एस जैन, एसी राजेश बरवार, एडीए लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वरनाथ आलोक, डीटीओ प्रवीण प्रकाश सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली से रांची आ रही इंडिगो फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौटी

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** दिल्ली से रांची जा रही इंडिगो फ्लाइट के तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट जाने की सूचना है। जानकारी के अनुसार फ्लाइट ने सुबह 7।40 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी, लेकिन फ्लाइट को 8।20 बजे दिल्ली लौट जाना पड़ा।एयरलाइन कंपनी के अनुसार इंडिगो की उड़ान 6ए 2172 (दिल्ली-रांची) में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण फ्लाइट को वापस दिल्ली लौटना पड़ा।विमान इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताये गये हैं। फ्लाइट में 180 यात्री सवार थे। एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट से यात्रियों को दूसरे विमान से लगभग 12।35 बजे रांची लाया गया। जानकारी सामने आयी है कि विमान के उड़ान भरने के कुछ देर में इंजन में तकनीकी खराबी आ गयी। पैसेंजरों में डर समा गया।हालांकि पायलट ने अपनी सूझबूझ और अनुभव का लाभ लेते हुए विमान को सुरक्षित दिल्ली एयरपोर्ट पर उतार दिया। इंडिगो फ्लाइट की लगातार इमरजेंसी लैंडिंग हो रही है। बता दें कि शुक्रवार को भी पटना से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी।

# छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई पूरी, 8 अगस्त को आएगा ईडी कोर्ट का फैसला

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व उऋ छवि रंजन की जमानत याचिका पर शनिवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉउंड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की। इस दौरान उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें सिर्फ मौखिक बयान के आधार पर आरोपी बनाया गया है। इसलिए उन्हें जमानत दी जानी चाहिए, वहीं ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने अपनी बहस में कहा कि लैंड स्कैम के प्रमुख अभियुक्त छवि रंजन ही हैं। इसलिए इन्हें बेल नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत आठ अगस्त को फैसला सुनाएगा।बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े केस में ईडी कई लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसमें रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष का नाम शामिल है। बता दें कि आईएएस छवि रंजन पिछले तीन माह से जेल में बंद हैं।

# रामगढ़ के सिख रेजिमेंटल सेंटर में 520 अग्निवीरों का अग्रणी बैच पासिंग आउट परेड में हुआ शामिल

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** सिख रेजिमेंटल सेंटर में 520 अग्निवीरों के पहले बैच की उत्कृष्ट पासिंग आउट परेड का समापन किया। जिन्होंने रेजिमेंटल सेंटर में अपना कठोर प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। उन्होंने रेजिमेंट के आदर्श वाक्य ॥निश्चय कर अपनी जीत करूं॥ को साझा किया है और मजबूत, कुशल और लचीले सैनिक बन गए हैं, जो साहस, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ देश की सेवा करने के लिए तैयार हैं। प्रतिष्ठित हरबख्श ड्रिल स्क्वायर पर आयोजित समारोह में ड्रिल, अनुशासन और व्यावसायिकता का प्रेरक प्रदर्शन देखा गया, जो प्रत्येक अग्निवीर में उनकी प्रशिक्षण यात्रा के दौरान पैदा किए गए मूल मूल्यों को दशार्ता है।इस दौरान अग्निवीरों के परिवार के सदस्य, प्रशिक्षक संकाय और रामगढ़ जिले के सम्मानित अतिथि इस महत्वपूर्ण अवसर का गवाह बनने के लिए एकत्र हुए, उन्होंने अग्निवीरों की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सराहना की। प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों और अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में, अग्निवीरों ने हथियार, सामरिक प्रशिक्षण, नेतृत्व और नैतिकता सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल



को निखारा है। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनकी अदम्य भावना निस्संदेह उन्हें भारतीय सेना के बेहतरीन प्रतिनिधियों के रूप में अलग करती है।परेड की समीक्षा लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन, यूवाईएसएम, एवीएसएम, सैन्य सचिव और सिख रेजिमेंट के कर्नल ने की। अग्निवीरों को अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने उनकी अनुकरणीय परेड के लिए उनकी सराहना की और राष्ट्र के भावी नेताओं को तैयार करने में रेजिमेंटल सेंटर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उल्लेख किया कि रंगरूटों से प्रशिक्षित सैनिकों तक की उनकी यात्रा उनके समर्पण और हमारे महान राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा के लिए असाधारण सैनिकों को तैयार करने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।जैसे ही वे अपने संबंधित कार्य पर आगे बढ़ेंगे, अग्निवीर अपने साथ सम्मान, अखंडता और वीरता के मूल्यों को लेकर चलेंगे, जिन्हें उन्होंने अपने पूरे प्रशिक्षण के दौरान आत्मसात किया है। जबकि मीडिया से बातचीत करते हुए, सिख रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट, ब्रिगेडियर शैलेश सती ने उल्लेख किया कि ये अग्निवीर भारतीय सेना और सिख रेजिमेंट की गौरवशाली विरासत को बनाए रखना जारी रखेंगे। उन्हें विश्वास था कि उन्हें दिया गया प्रशिक्षण उन्हें अपनी-अपनी इकाइयों में शामिल होने पर सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने और देश की सुरक्षा में योगदान देने में सक्षम बनाएगा।



